राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 261
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
रविवार 03 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 आगामी त्योहारों, परीक्षाओं, कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नर ने पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग
पेज 5 गाजियाबाद : नवरात्र में मीट की दुकानें बंद कराने को लेकर महापौर ने वापस लिया अपना आदेश
पेज 7 भारत ने वेल्स पर 5-1 से बड़ी जीत के साथ शुरू किया महिला जूनियर हॉकी विश्व कप अभियान

## कोरोना का प्रभाव घटा, एक दिन में सौ से कम मौत

### इस समय देश में कोरोना से होने वाली मौतों की मृत्यु दर 1.21 फीसदी है



नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस का प्रभाव लगातार कम होता जा रहा है पिछले 24 घंटों में 100 से कम लोगों की मौत हुयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक देश में 184 करोड़ 52 लाख 44 हजार 856 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के एक हजार 260 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश के विभिन्न अस्पतालों में उचार करवा रहे कोरोना रोगियों की संख्या 13 हजार 445 रह गयी है।यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.24 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में एक हजार 404 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 92 हजार 326 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने वालों की दर 98.76 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटे में पांच लाख 28 हजार 21 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 79 करोड़ दो लाख 98 हजार 979 कोविड परीक्षण किए हैं। वहीं देश में इस अवधि के दौरान इस संक्रमण के कारण 83 लोगों ने जान गंवाई है, जिसके बाद मृतकों की संख्या 5,21,264 है। इस समय देश में कोरोना से होने वाली मौतों की मृत्यु दर 1.21 फीसदी है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 115 की कमी आने के बाद इनकी संख्या घटकर 3888 रह गई। वहीं, 454 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6461221 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 67992 हो गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामले 08 घटकर 1603 हो गए हैं। इस दौरान 70 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 3903919 हो गई है। वहीं राज्य में एक और मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40054 पर पहुंच गया है।

असम में इस दौरान सक्रिय मामलों की संख्या एक घटकर 1352 हो गई है तथा इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या 716205 तक पहुंच गई है, वहीं मृतकों का आंकड़ा 6639 पर स्थिर रहा।

### कोविंद की तुर्कमेनिस्तान यात्रा, चार समझौतों पर हस्ताक्षर

अशगवाद/नयी दिल्ली। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की मध्य एशियाई देश तुर्कमेनिस्तान की यात्रा के दौरान शनिवार को दोनों पक्षों के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। कोविंद तुर्कमेनिस्तान की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर है। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली तुर्कमेनिस्तान यात्रा है। कोविंद और मेजबान राष्ट्रपति सरदार बर्दीमुहमदेव की उपस्थिति में दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

रेल लिंक उद्घाटन



प्रधान मंत्री मोदी और नेपाल के प्रधान मंत्री शेर बहादुर देउबा शनिवार को नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के बीच पहले ब्रॉड-गेज यात्री रेल लिंक के उद्घाटन को हरी झंडी दिखाते हुए।

## ऊर्जा क्षेत्र में साझीदारी को मजबूत बनाने पर सहमत हुए भारत-नेपाल

नयी दिल्ली। भारत और नेपाल ने ऊर्जा क्षेत्र में साझीदारी में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के साथ ही आज इस बात पर सहमति जतायी कि दोनों देशों के बीच सीमा संबंधी संबंधी विवाद का शांतिपूर्ण एवं बातचीत से समाधान निकाला जाएगा और इसका राजनीतिकरण नहीं होने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में यह सहमति जतायी गयी। बैठक में दोनों नेताओं ने जयनगर कुर्था रेलवे लाइन सहित तीन परियोजनाओं का शुभारंभ किया तथा उनकी मौजूदगी में सहयोग के चार करार किये गये। श्री देउबा के साथ प्रतिनिधिमंडल में नेपाल के विदेश मंत्री नारायण खडका, ऊर्जा, जलसंसाधन एवं सिंचाई मंत्री सुश्री पुष्पा भुसाल, स्वास्थ्य एवं जनसंख्या मंत्री बिरोध खातीवाडा तथा कृषि एवं मवेशी विकास मंत्री महेन्द्र राय यादव भी शामिल थे। जिन परियोजनाओं को शुरू किया गया उनमें बिहार के जयनगर से नेपाल के कुर्था तक करीब 35 किलोमीटर लंबी सीमा पार रेलवे लाइन का उद्घाटन और दोनों स्टेशनों के बीच यात्री ट्रेन का शुभारंभ, करीब दो सौ करोड़ रुपए के भारत के ऋण से निर्मित 90 किलोमीटर लंबी 132 किलोवाट क्षमता वाली सोलू कॉरीडोर पारेषण लाइन का उद्घाटन तथा रू पे कार्ड का नेपाल में शुभारंभ किया गया। इस मौके से भारत से पांच करोड़ डॉलर के अनुदान से नेपाल में 132 स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्माण में प्रगति का वीडियो भी प्रदर्शित किया गया।

दोनों देशों ने जिन चार दस्तावेजों का आदान प्रदान किया उनमें अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ का फ्रेमवर्क समझौता भारत को सौंपना, रेलवे के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग बढ़ाने संबंधी समझौता ज्ञापन, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और नेपाल ऑयल कॉरपोरेशन के बीच पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पर समझौता तथा दोनों तेल कंपनियों के बीच तकनीकी विशेषज्ञता साझा करने संबंधी करार शामिल है।

## चंडीगढ़ पर हरियाणा-पंजाब सीएम आमने-सामने

### खट्टर बोले- निंदनीय काम किया, माफी मांगे मान; भगवंत ने विधानसभा में पास किया प्रस्ताव

चंडीगढ़। चंडीगढ़ को लेकर हरियाणा और पंजाब के सीएम आमने-सामने हो गए हैं। हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि चंडीगढ़ पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी है। चंडीगढ़ पर अधिकार के लिए प्रस्ताव पास करने पर पंजाब के मुख्यमंत्री को हरियाणा से माफी मांगनी चाहिए। पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल को भी इसकी निंदा करनी चाहिए। पंजाब ष्टरू भगवंत मान ने विधानसभा में प्रस्ताव पास किया था कि चंडीगढ़ पूर्ण तौर पर पंजाब को दिया जाए। मान का तर्क है कि पंजाब के गांवों को उजाड़कर चंडीगढ़ बसाया गया। पंजाब चंडीगढ़ का पेरेंट स्टेट है, इसलिए उस पर हमारा हक है।



#### पहले एसवायएल मुद्दा सुलझाएं

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि राजीव-लौंगोवाल समझौते के मुताबिक चंडीगढ़ पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी है। अगर पंजाब सरकार कुछ करना चाहती है तो पहले सतलुज-यमुना लिंक नहर के मुद्दे को सुलझाए। हिंदी भाषी क्षेत्र भी हरियाणा को देने चाहिए। इसके अलावा चंडीगढ़ पर कुछ हक हिमाचल प्रदेश का भी बनता है।

#### कर्मचारियों पर केंद्रीय नियम से भड़का चंडीगढ़ विवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कुछ दिन पहले चंडीगढ़ दौरे पर आए थे। उन्होंने चंडीगढ़ में काम करते कर्मचारियों पर केंद्रीय सर्विस नियमों का ऐलान कर दिया।

जिसका अगले दिन नोटिफिकेशन भी हो गया। इसके बाद पंजाब सरकार भड़क गई।

सीएम भगवंत मान ने स्पेशल सेशन बुलाकर चंडीगढ़ को पूर्ण रूप से पंजाब को देने का प्रस्ताव पास कर दिया। इसके बाद हरियाणा और पंजाब के बीच विवाद शुरू हुआ है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच 'ऐतिहासिक' समझौता

## रोजगार से लेकर व्यापार तक बड़े फायदे की उम्मीद

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए शनिवार को आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया टेक्सटाइल, चमड़ा, आभूषण और खेल उत्पादों समेत 95 फीसदी से अधिक भारतीय वस्तुओं के लिए अपने बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन और निवेश मंत्री डेन तेहान ने एक ऑनलाइन समारोह में भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते पर दस्तखत किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरीसन भी मौजूद थे।

इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार पांच वर्ष में बढ़कर 45 से 50 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर पहुंचने की उम्मीद है, जो इस समय 27 अरब अमेरिकी डॉलर है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि दोनों देश बहुत कम समय में इस समझौते पर पहुंचे हैं, जो दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास का सबूत है। उन्होंने कहा कि यह समझौता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को भरोसेमंद बनाने और भारत-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता में सहायक होगा।

कार्यक्रम के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यह हमारे रिश्तों के लिए ऐतिहासिक दिन है और एक दशक में विकसित अर्थव्यवस्था के साथ यह भारत का पहला समझौता है। उन्होंने कहा, हम अगले 4-5 सालों में भारत में 10 लाख नौकरियां तैयार होने की उम्मीद कर रहे हैं। आने वाले समय में भारतीय शेफ और योग सिखाने वालों के लिए नए रास्ते खुलेंगे। हमने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षण संस्थानों के सहयोग पर चर्चा की।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मॉरिसन ने कहा कि यह समझौता (इंडऑस एकता) दोनों देशों के बीच निरंतर प्रगाढ़ हो रहे संबंधों में एक और ऐतिहासिक आयाम जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया कोयला, तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी), दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति के माध्यम से भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में सहयोग बढ़ा सकेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक एवं व्यापारिक सहयोग में स्थिरता क्वाड समूह के नेताओं के बीच बातचीत का एक मुख्य विषय रहता है। मॉरिसन ने कहा कि इस समझौते से शिक्षा, व्यापार, पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में विस्तार होगा और यह अवसरों का एक विशाल द्वारा खेलने वाला समझौता है।

## दिल्ली में शराब की कीमतों में छूट का दौर फिर शुरू

### निजी दुकानों को शराब के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर 25 प्रतिशत तक की छूट देने की अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली में शराब की कीमतों में एक बार फिर बंपर छूट का दौर शुरू हो गया है। इस संबंध दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल, आबकारी विभाग ने निजी दुकानों को शराब के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर 25 प्रतिशत तक की छूट देने की अनुमति दी है।

इस आदेश के बाद शराब की दुकानों पर डिस्काउंट और ऑफर का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। सरकार के आदेश के तहत दुकानदार अब एमआरपी पर 25 प्रतिशत तक डिस्काउंट दे सकेंगे। इससे पहले फरवरी महीने में सरकार ने कोविड से संबंधित दिशानिर्देशों और अस्वास्थ्यकर बाजार प्रथाओं के



उल्लंघन के मद्देनजर शराब की दुकानों द्वारा दी जा रही छूट और योजनाओं पर रोक लगा दी थी।

#### एमआरपी पर अधिकतम 25 प्रतिशत तक छूट या रियायत

दिल्ली के आबकारी आयुक्त द्वारा शुक्रवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि सरकार ने सिफारिश की है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली (एनसीटी) के अधिकार क्षेत्र में दिल्ली उत्पाद शुल्क नियम, 2010 के तहत शराब की बिक्री पर एमआरपी के 25 प्रतिशत तक छूट या छूट की अनुमति नियम 20 के सख्त अनुपालन के साथ दी जाएगी।

दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 4 के तहत आबकारी आयुक्त ने निर्देश दिया है कि लाइसेंसधारी विक्रेता दिल्ली में शराब की बिक्री पर एमआरपी के अधिकतम 25 प्रतिशत तक छूट या रियायतें दे सकते हैं।

#### नियम और शर्तों का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

लाइसेंसधारी विक्रेता लाइसेंस के नियमों और शर्तों का सख्ती से पालन करेंगे और यदि कोई उल्लंघन पाया जाता है तो उनके खिलाफ दिल्ली आबकारी अधिनियम और अन्य नियमों के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, इस आदेश में यह भी कहा गया है कि समग्र जनहित में, सरकार किसी भी समय छूट वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखती है। सरकार किसी भी दायित्व के अधीन नहीं होगी और दिल्ली में शराब की बिक्री पर छूट की अनुमति देना सरकार पर बाध्यकारी नहीं होगा।

आदेश में कहा गया है कि कोविड-19 से संबंधित दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के उल्लंघन और कुछ लाइसेंसधारियों द्वारा दी गई अनियमित छूट के कारण बाजार की विकृति के मद्देनजर आबकारी विभाग ने 28 फरवरी को दिल्ली में शराब की बिक्री पर छूट और रियायतें बंद कर दी थीं।

#### पहले इस वजह से वापस लिया गया था आदेश

शराब की दुकानों पर छूट देने और एक खरीदो, एक मुफ्त पाओ जैसे प्रस्तावों के साथ, फरवरी महीने में राजधानी के कई हिस्सों में शराब की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई थी।

## तमिलनाडु में दर्दनाक हादसा, ट्रक के घाटी में गिरने से 11 लोगों की मौत

एजेंसी

तरुपत्तूर। तमिलनाडु के पर्वतीय तिरुपत्तूर जिले में 30 श्रद्धालुओं को लेकर जा रहे एक ट्रक के घाटी में गिर जाने से महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हो गई।

हादसे में 20 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका सरकारी जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जतायी है और मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि तथा घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की राहत राशि की भी घोषणा की।




यह घटना उस वक्त हुई जब पुलियूर गांव के करीब 30 श्रद्धालु जिले के पर्वतीय सम्बराई में स्थित मंदिर जा रहे थे।

पुलिस के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ट्रक चालक घाट रोड पर घुमावदार मोड़ से गुजरते वक्त वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण दुर्घटना हुई। अधिकारी ने बताया, 11 लोगों की मौत हुई है जिसमें छह महिलाएं और पांच लड़किया हैं। करीब 20 लोग घायल हुए हैं। मामले में जांच जारी है। स्टालिन ने श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ...मैंने अधिकारियों को घायलों को इलाज में हर संभव मदद का आदेश दिया है। एक वीडियो में साफ दिख रहा है कि पानी की बोतल और चप्पलें घटनास्थल पर बिखरे पड़े हैं, जबकि घायल महिलाएं और बच्चे ट्रक से बहुत दूर जमीन पर पड़े हैं।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

जम्मू-कश्मीर के अफसरों पर बड़ी कार्रवाई

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाने वालों की 5 करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली। पैसे लेकर शस्त्र लाइसेंस बनाने वाले अफसरों की पांच करोड़ की संपत्ति प्रवर्तन निदेशालय ने जब्त कर ली है। जांच में यह सामने आया है कि इन अफसरों ने आम लोगों को दिए शस्त्रों को केंद्रीय अर्धसैनिक बलों या सेना के जवानों के नाम पर जारी किया है। श्वष्ठ ने इन अफसरों और कर्मचारियों की 40 करोड़ की संपत्ति भी अपराध संपत्ति के तौर पर चिन्हित की है।

जम्मू-कश्मीर में तमाम नियमों को ताक पर रखकर जारी किए गए शस्त्र लाइसेंस मामले में प्रशासन के अनेक वर्तमान और सेवानिवृत्त अधिकारियों समेत अनेक दलाल आरोपी हैं। प्रवर्तन निदेशालय के एक आला अफसर ने बताया कि यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो की विशेष अपराध शाखा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत शुरू किया गया था। इसमें कुपवाड़ा जिले के तत्कालीन उपायुक्त समेत अन्य अधिकारी आरोपी हैं।

निदेशालय का दावा है कि उसे पता चला कि जम्मू-कश्मीर के अनेक अफसरों ने तमाम नियम कानूनों को ताक पर रखकर दलालों के साथ मिलकर अनेक फर्जी लोगों के हथियार लाइसेंस बना दिए हैं। अधिकारियों ने अपने परिजन के नाम उनके बैंक खातों में रकम जमा कराई है।

ईडी के अफसर ने बताया कि पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर में 11 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई थी। यह छापेमारी अनेक रिटायर्ड अफसरों और उनके दलालों के ठिकानों पर की गई थी।

इस छापेमारी में ढाई करोड़ रुपए की नकदी और जेवरात के अलावा अनेक आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए थे।

लूट

बुलंदशहर में बड़ी वारदात, दिनदहाड़े बैंक में घुसे बदमाश

## गन प्वाइंट पर लूट ले गए 20 लाख रुपये की नकदी

एजेंसी

स्याना (बुलदशहर)। यूपी के बुलंदशहर जिले के स्याना थाना क्षेत्र में बुलंदशहर रोड पर शनिवार को दिनदहाड़े तीन नकाबपोश बदमाशों ने उज्जीवन स्मॉल फाइसेंस बैंक में घुसकर स्टाफ को गन प्वाइंट पर लेकर करीब 20 लाख की नगदी लूट ली। वारदात को अंजाम देकर बदमाश बैंक का शटर बंद कर फरार हो गए। घटना से पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। बदमाशों की तलाश में काम्बिंग भी की गई, पर उनका पता नहीं चल सका। डीआईजी संतोष कुमार सिंह के बाद एडीजी जोन मेरठ राजीव



सभरवाल ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

स्याना में बुलंदशहर स्टैंड के समीप बुलंदशहर रोड पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा है। शनिवार दोपहर करीब 4 बजकर 45 मिनट पर तीन नकाबपोश बदमाश बाइक से बैंक पर पहुंचे। उस वक्त बैंक का शटर आधा गिरा हुआ था। बदमाश शटर उठाकर अंदर चले गए। इसके बाद तीनों बदमाशों ने तमंचे आदि हथियार निकाल लिए और बैंक में मौजूद मैनेजर, कैशियर समेत 12 कर्मचारियों और चार ग्राहकों को गन प्वाइंट पर लेकर सभी कर्मचारियों और ग्राहकों को गोली मारने की धमकी देते हुए उनके हाथ ऊपर करा लिए गए।

#### अपने साथ लाए थे बैग

बदमाशों ने कैशियर को पीटते हुए लॉकर रूम में ले गए। लॉकर खुलवाकर बदमाशों ने वहां से करीब 18 से 20 लाख रुपये की नगदी अपने साथ लाए बैगों में भर ली। बदमाशों ने शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी और बैंक से निकलकर शटर बंद कर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद बैंक कर्मचारियों ने अलार्म बजाते हुए शोर मचाया। बैंक लूट की सूचना से पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। एसपी सिटी सुरेन्द्र नाथ तिवारी, सीओ वंदना शर्मा और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

#### सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही

पुलिस ने बदमाशों की तलाश में चेकिंग कराई, किंतु बदमाशों का पता नहीं चल सका। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला गया है। समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। बैंक मैनेजर अवनीश सिंह ने बताया, तीन नकाबपोश सशस्त्र बदमाशों द्वारा करीब 18 से 20 लाख रुपये कैश लूटा गया है। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। डीआईजी संतोष कुमार सिंह ने बताया, बदमाशों की तलाश में पुलिस कांबिंग कर रही है। मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस की टीमें बदमाशों तलाश में लगी हैं।

## शार्ट न्यूज

### श्रीनगर में रिश्वत लेते पकड़ा गया ग्रामीण विकास विभाग का कर्मचारी

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को कश्मीर में ग्रामीण विकास विभाग के एक कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी ने कहा कि बारामूला जिले स्थित उरी के ब्लॉक परान पिलान के ग्रामीण स्तरीय कार्यकर्ता साहिल सागर ने एक स्थानीय निवासी से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत उसका काम करने के लिए रिश्वत की पेशकश की। एसीबी ने कहा कि बंदी गुर्जर बस्ती, उरी के निवासी ने आरोप लगाया कि साहिल ने उससे 20,000 रुपये रिश्वत के रूप में मांगे थे। पीड़ित ने 29 मार्च, 2022 को पहले ही साहिल को 13000 रुपये का भुगतान कर दिया था और वह उससे बाकी 7000 रुपये की मांग कर रहा था। एसीबी प्रवक्ता ने कहा, इस पर शिकायतकर्ता ने एसीबी से संपर्क किया। बारामूला पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए कर्मचारी को रंगे हाथ पकड़ लिया और एसीबी टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। एसीबी टीम ने आरोपी से रिश्वत की रकम को बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ जांच जारी है।

### बोम्मई ने पुलिस के लिए पांच करोड़ रुपये का अनुदान किया मंजूर

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस कल्याण कोष के लिए पांच करोड़ रुपये के अनुदान की घोषणा की है। बोम्मई ने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए कई पहल शुरू की हैं। इनमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, बंदोबस्त भत्ता, पदोन्नति, 10,000 घरों के निर्माण की मंजूरी और पुलिस के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 100 करोड़ रुपये का अनुदान शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस अपराध और अपराधियों के खिलाफ बिना किसी समझौते के काम करे तो अपराध पर नियंत्रण पाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हुबली और बल्लारी में पुलिस थानों का बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है और शिवमोग्गा और अन्य स्थानों में फोरेंसिक प्रयोगशालाओं के बेहतरी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नई प्रशिक्षण प्रणाली और अतिरिक्त कर्मचारियों की संख्या से पुलिस की खुफिया शाखा को और मजबूत किया जाएगा। बोम्मई ने कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ जंग लगातार जारी रहेगी और स्कूल तथा कॉलेज के छात्रों को नशे के खिलाफ जागरूक करना चाहिए।

### कर्नाटक में होसा तोडाकू उत्सव शांतिपूर्वक कराने के आदेश

बेंगलुरु। कुछ हिंदू संगठनों द्वारा हलाल मांस की खरीद पर प्रतिबंध लगाने की मांग के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को होसा तोडाकू का उत्सव शांतिपूर्ण रूप से कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। श्री बोम्मई ने उगाडी के अगले दिन होने वाले उत्सव के शुरू होने पर उन्होंने आरटी नगर स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, त्योहार कानून-व्यवस्था में व्यवधान के बिना मनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को शांतिपूर्ण समारोह सुनिश्चित करने के लिए अपने क्षेत्रों में शांति बैठकें करने का भी निर्देश दिया गया है। हिंदू संगठनों के एक समूह ने राज्य में होसा तडाकू उत्सव के दौरान हलाल मांस खरीदने का बहिष्कार करने का आह्वान तेज कर दिया है। उन्होंने हिंदुओं से त्योहार के लिए झटका मांस खरीदने का अनुरोध किया है। भाजपा के कई नेताओं ने भी इस आह्वान का समर्थन किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने कहा कि हलाल और कुछ नहीं बल्कि मुसलमानों का आर्थिक जिहाद है। उन्होंने कहा कि गैर-मुस्लिम समुदायों से कोई भी उत्पाद न खरीदने के लिए यह एक अच्छी तरह से तैयार की गई नीति है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र दोनों ने स्पष्ट रूप से कहा था कि मामला नियमों और अधिनियमों से नहीं बल्कि अभ्यास से जुड़ा है। हलाल और झटका दोनों ही जानवरों को मारने के तरीके हैं। हलाल तरीके का उपयोग ज्यादातर मुस्लिम समुदाय द्वारा किया जाता है। अरबी में हलाल शब्द का अर्थ है - मानव उपभोग के लिए उपयुक्त। हलाल तरीके से मारे गए जानवर की गर्दन पर एक तेज ब्लेड को इसे धीरे-धीरे फेरा जाता है। इस प्रक्रिया में जानवर के खून को पूरी तरह शरीर से बाहर निकालना शामिल है और इसमें उन्हें कष्ट भी बहुत होता है। झटका में जानवर का सिर एक ही झटके में कट जाता है और जानवर की तुरंत मौत हो जाती है।

### बंगाल में तीन कंगारुओं को बचाया गया

सिलिगुड़ी। पश्चिम बंगाल में वन अधिकारियों ने शुक्रवार की रात तस्करों की कैद से तीन घायल कंगारुओं को बचा लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गश्त पर गए वन अधिकारियों ने कल रात पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के गजोल्डोबा से दो और डबग्राम शहर में फरबारी- नेपाली क्षेत्र से एक घायल कंगारुओं को बचाया। बैकुंठपुर वन प्रभाग के बेलाकोबा के वन रेंज अधिकारी संजय दत्ता ने बताया कि पता लगाया जा रहा है कि ये कंगारू घायलावस्था में यहां तक कैसे पहुंचे। इस क्षेत्र में इस प्रजाति का कंगारू पहले कभी नहीं देखा था। उन्होंने बताया कि पिछले मार्च महीने में हैदराबाद से दो लोगों को कथित तौर पर पशु तस्करी संबंधी मामले के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही इसी महीने बंगाल-असम सीमा पर अलीपुरद्वार जिले के पखरीगुड़ी क्षेत्र में पुलिस और वन अधिकारियों ने वाहनों की जांच के दौरान ट्रक से एक कंगारू को छुड़ाया था।

### उत्तराखंड में अधिवक्ता से मांगी फिरौती

नैनीताल। उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के गदरपुर में एक अधिवक्ता और उसके साथी से फिरौती मांगने का प्रकरण सामने आया है। फिरौती न मिलने पर जान से मारने की धमकी भी दी गयी है। पुलिस जांच में जुट गयी है। ब्हाट्सएप कॉल के माध्यम से फिरौती मांगी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार गदरपुर निवासी प्रशांत सिंह पेशे से अधिवक्ता हैं। वह सामिया लेक सिटी निवासी अपने साथी महफूज अहमद के साथ व्यापारिक गतिविधि भी करते हैं। पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार रात देर रात को वे दोनों सामिया लेक सिटी की तरफ जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में दो कार सवारों ने उनकी कार को टक्कर मारने का प्रयास किया। जब वे लोग सामिया लेक सिटी पहुंचे तो उनके मोबाइल पर व्हाटसएप कॉल आई। कॉलर ने उनसे 10 लाख की फिरौती मांगी। साथ ही रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। आज शनिवार को पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन के नेतृत्व में कांग्रेसी रुद्रपुर कोतवाली पहुंचे और उन्होंने कोतवाल विक्रम राठौर से मुलाकात कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिद्वार। शनिवार से नव संवत्सर का प्रारंभ हो रहा है। साथ ही देवी के नवरात्रे भी शुरू हो रहे हैं जिसको देखते हुए आज हरिद्वार के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने देवी के दर्शन किए। हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर चंडी देवी मंदिर महामाया देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी । माता के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु शिवालिक पर्वत माला पर स्थित मां चंडी देवी मां मनसा देवी के दर्शनों के लिए पैदल पहुंचे पहुंचे जहां मंदिरों में प्रसाद चढ़ाया गया और देवी की पूजा-अर्चना भी की गई । मनसा देवी मंदिर के मुख्य ट्रस्टी हनी शर्मा का कहना है कोरोना के बाद बंद से हटने के कारण यहां पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और यहां की व्यवस्था से काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि मां मनसा देवी के दर्शन करने और यहां पर मन्नत का धागा बांधने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं गुजरात से माता के दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालु अर्पिता का कहना है कि मां मनसा देवी का काफी महत्व है इसको देखते हुए भी गुजरात से मां मनसा देवी के दर्शन करने आई है यहां पर मां के दर्शनों के बाद काफी प्रसन्न हैं।

# आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को भारत की मदद

## 40 हजार टन डीजल लेकर पहुंचा शिप, चावल भी भेजा जाएगा

नई दिल्ली। आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के लिए भारत ने मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। भारत ने शनिवार को 40,000 टन डीजल श्रीलंका भेजा। सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष सुमित विजेसिंघे ने कहा कि ईंधन का वितरण आज शाम से शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीलंका भर में सैकड़ों ईंधन स्टेशनों के लिए यह अच्छा समाचार है, जहां पिछले कुछ दिनों से इसकी आपूर्ति नहीं थी।



रिपोर्ट के मुताबिक, 40 हजार टन चावल की खेप भी भारत से श्रीलंका भेजने के लिए तैयार की जा रही है। दोनों देशों ने पिछले महीने 1 बिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

इसके बाद भारत की ओर से श्रीलंका को यह पहली बड़ी खाद्य सहायता होगी। माना जा रहा है कि इस मदद से श्रीलंका में सरकार खाद्य कीमतों में कमी लाने में कुछ हद तक सफल होगी, जो पिछले एक साल में दोगुनी हो गई है।

पट्टाभि एग्रो फूड्स के प्रबंध निदेशक बीवी कृष्ण राव ने बताया कि हम पहले कंटेनर्स लोड कर रहे हैं। पोत-लोडिंग की प्रक्रिया कुछ दिनों में शुरू होगी। फर्म भारतीय और श्रीलंकाई सरकारों के बीच हुए एक क्रेडिट सुविधा समझौते के तहत श्रीलंका स्टेट ट्रेडिंग (जनरल) कॉर्प को चावल की सप्लाई कर रही है।

### दशकों में सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा श्रीलंका

डीजल शिपमेंट श्रीलंकाई सरकार के लिए अतिरिक्त 500 मिलियन डॉलर की ईंधन सहायता का हिस्सा है। श्रीलंका दशकों में अपने सबसे खराब आर्थिक संकट से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है।

यहां खाद्य और आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। देश में इस सप्ताह पेट्रोल और डीजल की कमी हो गई है, जिससे फिलिंग स्टेशनों पर सशस्त्र सैनिकों की तैनाती करनी पड़ी। साथ ही यहां 13 घंटे तक बिजली कटौती हुई है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने आर्थिक संकट को लेकर देशभर में जारी प्रदर्शनों के बीच राष्ट्रव्यापी सार्वजनिक आपातकाल लगाने की घोषणा की है। राजपक्षे ने शुक्रवार देर रात एक विशेष गजट अधिसूचना जारी कर श्रीलंका में एक अप्रैल से तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक आपातकाल लागू करने की घोषणा की।

### अलवर जिले में 306 औद्योगिक इकाइयों के द्वारा नौ हजार करोड रूपये का किया जाएगा निवेश

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में औद्योगिक निवेश की असीम संभावनाएं को देखते हुये 306 औद्योगिक इकाइयों से लगभग नौ हजार करोड़ रूपये के निवेश और करीब 34 हजार लोगो के रोजगार के प्रस्तावों पर एमओयू होगा। प्रदेश में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त महेन्द्र कुमार पारख ने सात अप्रेल को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में आज यहां मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अलवर जिले में निवेश के इच्छुक उद्यमियों से एमओयू कराये जायेंगे जिन्हें राज्य सरकार द्वारा वाणिज्य उत्पादन प्रारम्भ होने तक हैण्ड होल्डिगं सपोर्ट दिया जायेगा।

# गैस एजेंसी के नाम पर ठगी करने वाला बिहार से गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड की पिथौरागढ़ पुलिस ने एलपीजी गैस एजेन्सी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को बिहार के गया से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पिथौरागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल नौ सितम्बर 2021 को जाजरदेवल थाना के अंतर्गत एलपीजी गैस एजेंसी में डीलरशिप दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया था।

जाजरदेवल निवासी सुनील कुमार की ओर से एक तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन मैसेज व फोन के माध्यम से उनको एलपीजी गैस एजेन्सी में डीलरशिप दिलाने की बात कहकर 1,68,300 रूपये ठग लिये तथा अब उससे कोई सम्पर्क नही हो पा रहा और न ही वह पैसे लौटा रहा है।

जाजरदेवल पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की। जांच में साइबर सेल की मदद ली गयी और आरोपी की लोकेशन बिहार के गया में मिली। इसके बाद एक पुलिस टीम को गया बिहार भेजा गया और टीम ने शुक्रवार को आरोपी शुभम कुमार पुत्र सोमदत्त कुमार निवासी कटारी हिलबलजोरी विघा, जिला-गया, बिहार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# पंजाब सरकार के दूध के दांत भी नहीं टूटे, बच्चा पार्टी है ये... इसे मुद्दों की समझ नहीं : अनिल विज

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने शनिवार को पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। विज ने कहा कि पंजाब में जो सरकार आई है... ये बच्चा पार्टी है। इन्हें मुद्दों की पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा, अभी पंजाब सरकार के दूध के दांत भी नहीं टूटे हैं। इस पार्टी का जन्म धोखे से हुआ है। अन्ना हजारे के आंदोलन में कहीं भी ये एजेंडा नहीं था कि राजनीतिक पार्टी बनाई जाएगी।

दरअसल, पंजाब विधानसभा में चंडीगढ़ को तत्काल राज्य को हस्तांतरित करने की मांग करने वाला



प्रस्ताव शुक्रवार को पारित हुआ था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल विज ने कहा कि चंडीगढ़ का मुद्दा है, लेकिन यह अकेला मुद्दा नहीं है। इसके साथ एसवायएल के जल का मुद्दा भी है, हिंदी भाषी क्षेत्र के मुद्दे हैं तो इन सबका फैसला होगा... किसी एक का नहीं।

### चंडीगढ़ पर पंजाब सरकार ने ठोंका अपना दावा

प्रस्ताव में कहा गया है, पंजाब पुनर्गठन कानून, 1966 के जरिए पंजाब का पुनर्गठन किया गया, जिसमें पंजाब राज्य का, हरियाणा राज्य, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में पुनर्गठन किया गया और पंजाब के कुछ हिस्से तत्कालीन केंद्र शासित प्रदेश हिमाचल प्रदेश को दे दिए गए। तब से पंजाब और हरियाणा राज्य के उम्मीदवारों को कुछ अनुपात में प्रबंधन पदों को देकर साझा संपत्तियों जैसे कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के प्रशासन, में संतुलन रखा गया। हाल के अपने कई कदमों से केंद्र सरकार इस संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है।

इसमें कहा गया है, हाल में केंद्र सरकार ने बाहर के अधिकारियों को चंडीगढ़ में तैनात किया और चंडीगढ़ प्रशासन के कर्मचारियों के लिए केंद्रीय सिविल सेवा नियम लागू किए, जो पूर्व में बनी सहमति के बिल्कुल खिलाफ है। चंडीगढ़ शहर को पंजाब की राजधानी के तौर पर बनाया गया।

# देश की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : राजनाथ

हैदराबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसकी एकता तथा अखंडता की रक्षा के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।



सिंह ने भारतीय वायु सेना द्वारा हाकिमपेट के वायु सेना स्टेशन में चेतक हेलीकॉप्टर की राष्ट्र सेवा के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन उन लोगों के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा की है। चेतक के अमूल्य योगदान के लिए अपना सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, जब भी कोई देश सुरक्षा के लिए युद्ध लड़ता है, तो इसमें केवल सशस्त्र बल ही हिस्सा नहीं लेते हैं। पूरा देश उस युद्ध को लड़ता है। एचएएल जैसे संगठनों के वैज्ञानिक, इंजीनियर और तकनीशियन, जो %चेतक% जैसे हेलीकॉप्टर और अन्य प्लेटफॉर्म विकसित करते हैं, हमारे सैनिकों के समान ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छोटे व्यवसायों से जुड़े लाखों कर्मचारी भी इन परियोजनाओं के लिए पुर्जों की आपूर्ति करके योगदान करते हैं। यह कॉन्क्लेव उन सभी की कड़ी मेहनत और समर्पण का जश्न मनाता है।

सिंह ने राजपूत राजा महाराणा प्रताप के चेतक नामक घोड़े से चेतक हेलीकॉप्टर की तुलना करते हुए कहा कि वह न केवल एक मशीन है, बल्कि एक जीवंत और समर्पित इकाई है जो पिछले छह दशकों से लगातार राष्ट्र की सेवा में लग कर दूसरों के लिए मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि अब तक निर्मित लगभग 700 चेतकों ने पूरे समर्पण के साथ युद्ध और शांति में राष्ट्र की सेवा की है। रक्षा मंत्री ने निर्माण के 60 वर्षों बाद भी एक अग्रणी मंच बने रहने के लिए चेतक की सराहना की।

# पंजाब को फिर से खुशहाल बनाने को टीम के तौर पर काम करें : धालीवाल

अमृतसर। पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने शनिवार को ज़िला आधिकारियों के साथ की बैठक में राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए सहयोग की माँग की। धालीवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पंजाब सरकार अब एक्शन मोड में आने वाली है। उन्होने कहा कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी भ्रष्टाचार में शामिल पाया गया उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि यही फार्मुला चुने विधायक और मंत्रियों पर भी लागू होगा। उन्होने कहा कि कोई भी नेता किसी भी गलत कार्य के लिए कोई सिफारिश नहीं करेगा। धालीवाल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता स्वास्थ्य और शिक्षा है और सबसे पहले इसी क्षेत्र में कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि पंजाब आर्थिक, सामाजिक, कृषि, व्यापार, उद्योग, खेल सभी तरफ़ से पिछड़ चुका है और पिछली सरकारों ने पंजाब को इतनी बुरी तरह लूटा है कि आम आदमी अंदाज़ा भी नहीं लगा सकता।

### श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण जल्द ही

चंडीगढ़। देश के प्रथम श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द ही आरंभ होगा। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में हुई बैठक में 500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भवन निर्माण के लिए कार्यकारी एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। यह एजेंसी विश्वविद्यालय के लिए प्लानिंग, डिजाइन, निर्माण कार्य, फर्नीचर, उपकरण, सूचना प्रौद्योगिकी व्यवस्था और रखरखाव का कार्य करेगी। आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ. साकेत कुमार ने सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के सामने विश्वविद्यालय की कार्ययोजना बताई। मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में गठित इस समिति के सदस्य अतिरिक्त मुख्य सचिव पी.के. दास, अतिरिक्त मुख्य सचिव टी.वी. एस.एन. प्रसाद, अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह बैठक में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय लगभग 102 एकड़ भूमि पर बनना है, जिसमें आयुष के अन्तर्गत आने वाली सभी पांच चिकित्सा पद्धतियां आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा व होम्योपैथी में स्नातकोत्तर शिक्षण करवाया जाएगा।

# चंडीगढ़ के मुद्दे पर 'आप' बोल रही कोरा झूठ : शर्मा

**जालंधर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा ने शनिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश की जनता के साथ किए गए वादों को पूरा करने की बजाए चंडीगढ़ का मुद्दा उछाल कर जनता को मूर्ख बनाया जा रहा है।

श्री शर्मा ने कहा कि विधानसभा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा पंजाब की जनता के हक में आवाज़ उठाते हुए आम आदमी पार्टी द्वारा जनता के साथ किए गए वादों को एक अप्रैल से लागू करने के दिए ब्यान से संबंधित दो बार सवाल पूछने पर भी ना तो मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कोई जवाब दिया और ना ही किसी अन्य आप नेता ने। उन्होंने कहा कि 15 दिनों में ही भगवंत मान सरकार की कथनी व करनी का फर्क स्पष्ट नजर आने लगा है।

श्री शर्मा ने कहा कि एक नवंबर 1966 से लेकर 31 नवंबर 1985 तक केंद्र सरकार के नियम 25 वर्ष चंडीगढ़ में लागू रहे। साथ ही एक जनवरी 1986 से लेकर 31 मार्च 1993 तक केंद्र सरकार के सर्विस रूल के साथ-साथ केंद्र सरकार का पे-स्केल भी लागू रहा।

केन्द्रीय नियम लागू होने से चंडीगढ़ पर पंजाब दावा कैसे कम हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पंजाब सरकार ही शोर मचा रही है जबकि केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ के कर्मचारियों की की गई माँग को पूरा किया है। उन्होने कहा कि पंजाब में अभी तक छठा वेतन आयोग लागू नहीं किया गया है जबकि केंदीय कर्मचारियों को केन्द्र सरकार ने सातवाँ पे-कमीशन तथा अन्य सुविधाएँ दे दी हैं और चंडीगढ़ में केन्द्रीय नियम लागू होने से वहां के कर्मियों को भी सातवाँ पे-कमीशन व अन्य सुविधाएँ मिल गई हैं। इसका विरोध पंजाब के कर्मचारी कर रहे हैं, चंडीगढ़ के नहीं।

# सरकार बिजली की वृद्धि दरों को वापस ले : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि लगातार बढ़ रही महंगाई पर लगाम लगाने की बजाए भारतीय जनता पार्टी-जननायक जनता पाटी (भाजपा-जजपा) गठबंधन सरकार ने बिजली की दरों में वृद्धि की है जिसे तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए।

कुमारी सैलजा ने शनिवार को यहां पत्रकारों से कहा कि खाद के दामों में हुई बढ़ोतरी को भी वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास खो चुका भाजपा-जजपा गठबंधन पिछले कुछ समय से लगातार जन विरोधी फैसले लेने पर उतारू है। कभी नौकरियों में खिलाड़ियों का कोटा खत्म करने की घोषणा करते हैं तो कभी गरीब परिवारों के बच्चों को बेहतर



शिक्षा से वंचित रखने के लिए हरियाणा एजुकेशन रूल 134ए को खत्म किया जाता है। अब बिजली दरों में वृद्धि कर प्रदेश के हर व्यक्ति की जेब में डाका डाला जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कहने को सिर्फ एक स्लैब में बिजली की दरें बढ़ाई गई हैं लेकिन इसका असर प्रदेश के अधिकतर परिवारों पर पड़ रहा है। प्रदेश की सरकार द्वारा लिए गए फैसले में 100 से ज्यादा और अधिकतम 150 यूनिट की खपत करने वालों को 25 पैसे प्रति यूनिट ज्यादा देने होंगे। सरकार एक ही झटके में एक साल में 360 करोड़ रुपये से अधिक बटोरने का मंसूबा पाले हुए है। एक तरफ बिजली के कटौती बढ़ रही हैं और दूसरी और दामों में बढ़ोतरी कर लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया जा रहा है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि खाद के दामों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। इफको ने डीएपी खाद को 1,200 रुपये प्रति बोरी से बढ़ाकर 1,350 रुपये प्रति बोरी कर दिया है। यह 12.5 प्रतिशत की वृद्धि है। एनपीके उर्वरक की किस्म एक और दो की कीमत भी बढ़ा दी गई है। इसकी कीमत में भी 20 रुपये प्रति बोरी की बढ़ोतरी की गई है। वहीं एक और किस्म एनपीकेएस की कीमतों में भी वृद्धि की गई है। इसकी कीमत 8.5 प्रतिशत बढ़ाई गई है। इसका दाम 1290 से बढ़ाकर 1400 रुपये प्रति बोरी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं।

अन्य चीजों के दाम भी बहुत ही तेजी से बढ़ रहे हैं। किसानों की फसल की लागत भी नहीं निकल पा रही है। ऐसी कमरतोड़ महंगाई के समय में किसानों के लिए खाद के दामों में यह वृद्धि असहनीय है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को तुरंत प्रभाव से बिजली दरों में बढ़ोतरी के अपने आदेश को वापस लेना चाहिए। इसके साथ ही खाद के दामों में हुई बढ़ोतरी भी वापस लिया जाए।

# तिलवाड़ा मल्लीनाथ पशु मेले में पांच केन्द्रीय मंत्री एवं राज्य के दो मंत्रियों सहित कई जनप्रतिनिधि होंगे शरीक

बाड़मेर। राजस्थान के सीमांत बाड़मेर जिले के तिलवाड़ा में प्रसिद्ध मल्लिनाथ पशु मेले के मुख्य समारोह में रविवार को पांच केंद्रीय मंत्री, राज्य के दो मंत्रियों, सांसद एवं विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि भाग लेंगे ।

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि ऐतिहासिक श्री मल्लिनाथ पशु मेले में पहली बार एक साथ पांच केंद्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे। इससे निश्चित रूप से मेले की सकारात्मक छवि पूरे देश भर में फैलेगी और पशुपालकों का उत्साहवर्धन होगा। उन्होंने बताया कि ये मेला स्थल पर प्रदर्शित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। इनमें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय पशुपालन मत्स्य पालन एवं डेयरी मंत्री परषोत्तम रुपाला, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पशु पालन एवं डेयरी राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान एवं श्री कैलाश चौधरी शामिल हैं। इनके अलावा राजस्थान के कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया, वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी, राज्यसभा सांसद ओम माथुर, पाली सांसद पीपी चौधरी एवं जालोर सांसद देवजी पटेल सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, आमजन एवं पशुपालकों का हौसला अफजाई करने मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित श्री चौधरी ने किसानों और पशुपालकों को अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया। इससे पहले उन्होंन श्री मल्लीनाथ मंदिर तिलवाड़ा में पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध पशु-मेला स्थल का जायजा लिया एवं पशुपालकों व व्यापारियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रदर्शित विशाल कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया और रविवार को होने वाले मुख्य समारोह स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था सम्बंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान श्री चौधरी ने बताया कि कोराना काल से प्रभावित होने के कारण दो साल बाद लग रहे श्री मल्लीनाथ पशु मेला तिलवाड़ा का उत्साह देखते ही बन रहा है। देशभर के पशुपालक, श्रद्धालु और व्यापारी इस मेले में खरीददारी करने और मेला स्थल की गतिविधियों को देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत फसल बीमा पॉलिसी वितरण रविवार को सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में मंत्रियों के करकमलों से किसान मेले एवं कृषि प्रदर्शनी में किया जाएगा।

# शिवराज पांच अप्रैल को 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' का करेंगे शुभारंभ

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पांच अप्रैल को दोपहर एक बजे यहां के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कान्वेंशन सेंटर में 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' का शुभारंभ करेंगे। योजना में इस वित्तीय वर्ष में एक लाख युवाओं को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार हॉल ही में मुख्यमंत्री द्वारा इस योजना की घोषणा की गई थी, जिसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने अमलीजामा पहनाया है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि योजना का उद्देश्य शिक्षित युवाओं को स्वयं का उद्यम/ स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से कोलेटरल फ्री



ऋण उपलब्ध कराना है। साथ ही ब्याज अनुदान सहायता से ऋण लागत कम कराकर परियोजना की व्यवहार्यता को बढ़ाना है ताकि प्रदेश में अधिक से अधिक सूक्ष्म उद्यम स्थापित हो सकें। उन्होंने बताया कि युवाओं की बेरोजगारी दूर हो और युवा नौकरी के विकल्प के रूप में स्व-रोजगार को अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो इसके लिए ही यह महती योजना प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस नयी स्व-रोजगार योजना में प्रदेश के 12वीं पास एवं 18 से 40 आयु वर्ग के युवाओं को विर्निमाण गतिविधियों के लिये एक से 50 लाख तक तथा सेवा/व्यवसाय गतिविधियों हेतु एक लाख से 25 लाख तक की परियोजनाओं के लिये बैंकों से ऋण दिलाया जायेगा। 'मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना' के हितग्राहियों को शासन द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान तथा बैंक ऋण गारंटी शुल्क अधिकतम 7 वर्षों के लिये दिया जायेगा।

## शार्ट न्यूज

### शराब कीमत पर 25 प्रतिशत छूट की स्कीम के अनुमति वापस ले केजरीवाल सरकारः भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की अरविंद केजरीवाल सरकार का शराब के दामों में 25 प्रतिशत की छूट देने का कल का निर्णय स्पष्ट करता है की इससे पूर्व भी जो एक बोतल पर एक फ्री जैसी योजनाऐं शराब माफिया लाया था उन पर भी केजरीवाल सरकार की मूक स्वीकृति थी। तीन सप्ताह पहले एक बोतल पर एक फ्री जैसी स्कीम पर जो प्रतिबंध दिल्ली सरकार ने लगाया था उसका मकसद केवल समाज में खासकर महिलाओं में उत्पन्न विरोध को शांत करने की चाल था। आज शराब माफिया को जो 25 प्रतिशत की छूट स्कीम केजरीवाल सरकार ने दी है यह शराब बिक्री बढ़ाने को प्रशासनिक स्वीकृती है और इससे मुख्य मंत्री के नशा विरोधी दावों की पोल खुल गई है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर सरकार के द्वारा शराब कीमतों पर 25 प्रतिशत की छूट स्कीम देने का विरोध किया है और किसी प्रकार की छूट या प्रोमोशनल स्कीम की अनुमति ना देने की मांग की है। पत्र में कहा गया है की ऐसी छूट स्कीमें समाज खासकर युवाओं में शराब की खपत बढाऐंगी जो उचित नहीं।

### थाना सेक्टर-24 पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड बनाकर बड़े-बड़े मॉल्स से धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार

नोयडा। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने शुक्रवार को फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड बनाकर बड़े-बड़े मॉल्स से धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त ताहिर सैफी पुत्र मुर्सलीम सैफी निवासी मौहल्ला नन्हूँ खाँ सर्राफा बाजार गुलावटी जिला बुलन्दशहर व अभियुक्ता माला गर्ग पुत्री गोपाल गर्ग निवासी सुपरटेक ईकोविलेज-2 नोएडा एक्सटेंशन को थाना क्षेत्र के लॉजिक्स मॉल सेक्टर-32 से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त एवं अभियुक्ता के कब्जे से पुलिस ने पाँच आधार कार्ड, एक लैपटॉप, चार मोबाइल फोन, पाँच ड्राईविंग लाइसेंस और दो पैन कार्ड बरामद किए है। अभियुक्त एक साथ मिलकर क्रोमा सेन्टरों से फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड लगाकर घरेलू सामानों पर लोन लेते थे तथा फरार हो जाते थे। आधार कार्ड व पैन कार्ड पर अपना फोटो लगाते थे तथा नाम, पता किसी अन्य व्यक्ति का होता था। इनके द्वारा सिटी सेन्टर मॉल, गाजियाबाद क्रोमा सेन्टर से माला गर्ग के नाम से फर्जी आधार कार्ड लगाकर घरेलू सामान पर 60,000 रूपये का लोन, गौर सिटी माल से टिंवकल चौपड़ा के नाम का आधार कार्ड लगाकर 40,000 रूपये का लोन, आरडीसी गाजियाबाद से मुनीश कौशल नाम का आधार कार्ड लगाकर 60,000 रूपये का लोन तथा लाल कुआँ अविरल मोबाइल प्वाइंट से 34,990 रूपये का लोन तृप्ति सिंह के नाम से लिया गया है। इनके द्वारा अब तक उक्त सभी जगह व अन्य जगह से मिलाकर कुल 2,54,990 रूपये की धोखाधड़ी की गयी है। अभियुक्त ताहिर व माला गर्ग रियल स्टेट कम्पनी अर्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर में नौकरी करते थे। कोरोना काल में नौकरी छूट जाने के कारण दोनों ने साथ मिलकर धोखाधड़ी करनी शुरू कर दी तथा लैपटॉप से फर्जी आधार कार्ड व फर्जी पैन कार्ड तैयार करते थे। उपरोक्त अभियुक्त एवं अभियुक्ता शातिर किस्म के जालसाज अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### डॉ अनिल गोयल ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों के साथ डॉ अर्चना शर्मा के इंसाफ के लिए किया धरना प्रदर्शन



नई दिल्ली। गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल दिलशाद गार्डन शाहदरा के सामने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पूर्वी दिल्ली और दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों ने डॉ अर्चना शर्मा के इंसाफ के लिए धरना पर्दशन किया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हेडक्वाटर फाइनेंस सेक्रेट्री डॉ अनिल गोयल जी कहा डॉ अर्चना शर्मा ने अपना जीवन मरीज की सेवा में बलिदान कर दिया। उन्होंने पूरी रात मरीज की सेवा की, मरीज की जान बचाने की पूरी कोशिश की उसके बावजूद पीपीएच् के कारण मरीज की मौत हो गयी और उसके बाद उन पर धारा 302 लगा दी गयी। पुलिस अधिकारी को ये भी नहीं मालूम की डॉक्टरों पर धारा 302 नहीं लगा सकते। उस दर्द के कारण उन्होंने आत्महत्या की, डॉ अर्चना ने आत्महत्या के नोट में लिखा की शायद ये सरकार, शायद ये समाज जाग जाये और मेरी मौत से डॉक्टरों पर नाजायज अत्याचार बंद हो जाये और सभी डॉक्टर्स मांग की डॉ अर्चना शर्मा को शहीद का दर्जा दिया जाये। और उनके अपराधियों पर सख्त कारवाही की जाये।

### दिल्ली में ऑफिस से लौट रही महिला संग दो परिचितों ने किया गैंगरेप, पुलिस ने कुछ घंटों में ही आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के हरि नगर इलाके में अपने ऑफिस से घर लौट रही 26 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर गैंगरेप की घटना सामने आई है। पुलिस ने बलात्कार के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गैंगरेप के दोनों आरोपी महिला के परिचित थे, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना की सूचना पुलिस को बुधवार को दी गई थी। पुलिस ने बताया कि महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद आरोपियों पर गैंगरेप, बंधक बनाने और चोट पहुंचाने सहित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला को मेडिकल जांच के लिए नजदीक के एक अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि हमें घटना की जिस दिन (बुधवार को) सूचना मिली, उसी दिन हमने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में जांच जारी है।

### वेब बिल्डर के खरीदारों ने प्रदर्शन किया

नोएडा। वेब बिल्डर की ओर से 10 साल बाद भी फ्लैट-दुकान का निर्माण पूरा नहीं करने व रजिस्ट्री नहीं कराने को लेकर खरीदारों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। इस परियोजना में करीब ढाई हजार खरीदारों के पैसे फंसे हैं। वेब बिल्डर दिवालिया होने के कगार पर पहुंच चुका है। सेक्टर-32 स्थित परियोजना को लेकर बिल्डर खुद दिवालिया होने के लिए एनसीएलटी में गया था, जिस पर जल्द फैसला आने की उम्मीद है। करीब एक साल पहले नोएडा प्राधिकरण ने वेब मेगा सिटी सेंटर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को दी गई जमीन के कुछ हिस्से का आवंटन निरस्त कर दिया था। इस कार्रवाई को गलत बताते हुए बिल्डर की संबंधित कंपनी ने खुद को दिवालिया घोषित करने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में आवेदन किया था जिस पर सुनवाई पूरी हो चुकी। अब आदेश आना बाकी है। कंपनी को दिवालिया घोषित करने पर नोएडा प्राधिकरण विरोध दर्ज करा चुका है। अगर दिवालिया हो गया तो खरीदारों का फ्लैट पाने का इंतजार और बढ़ जाएगा। इसी डर के तहत शनिवार को फ्लैट खरीदारों ने परियोजना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। खरीदारों ने कहा कि उनके फ्लैट व दुकान जल्द से जल्द देकर रजिस्ट्री कराई जाए। सेक्टर-61 निवासी अंशुमन जैन ने बताया कि अमोर परियोजना में तीन बीएचके फ्लैट बुक है। इसकी कीमत एक करोड़ 30 लाख रुपये है। इसमें से एक करोड़ पांच लाख रुपये दे चुके हैं। वर्ष 2012 में फ्लैट बुक कराया था और 2016 में मिलना था लेकिन अभी तक नहीं मिला है। अब बिल्डरों के लगातार दिवालिया होने की खबरें सुनकर और टेंशन बढ़ गई है।

# आगामी त्योहारों, परीक्षाओं, कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नर ने पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग





**नोयडा।** आगामी त्योहारों, परीक्षाओं, जनपद की कानून व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने व आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के दृष्टिगत पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह द्वारा शुक्रवार की रात्रि को पुलिस कमिश्नर कार्यालय सेक्टर 108 में जनपद के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग की गई। पुलिस कमिश्नर द्वारा आगामी त्यौहार नवरात्र रामनवमी, रमजान आदि के दृष्टिगत सभी को सुरक्षित करते हुए त्यौहार मनाने के संबंध में पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। उनके द्वारा त्यौहार जैसे मौकों पर बाजार आदि में भीड़ भाड़ बढ़ने के दृष्टिगत चिन्हित स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग बढाने तथा महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की एक साथ ड्यूटी लगाने के लिए निर्देशित किया गया। उनके द्वारा स्पष्ट तौर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भीड़ भाड़ वाले स्थानों, धरना प्रदर्शन वाली जगहों आदि पर ड्यूटी करते समय ड्यूटी 'सम्बन्धी उपकरणों का उपयोग करते हुए ड्यूटी करने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए। उनके द्वारा त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये अवैध रूप से शराब तस्करी न होने देने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अवैध शराब की बिक्री व अवैध रूप से की गयी बडी बरामदगी होने पर पर शराब जब्तीकरण की कार्यवाही करने के साथ कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत विवादित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखने एवं 107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर उन्हें भारी मुचलके में पाबंद करने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखते हुए ऐसे असमाजिक तत्व जो भ्रामक खबरे फैलाकर सामाजिक माहौल को खराब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया का सहारा लेते हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्वाई करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा तीनों जोन के डीसीपी को ऐसे स्थान जहां पर स्नैचिंग आदि की घटनाएं होने की सम्भावना रहती है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर वहां अधिक पुलिस बल की ड्यूटी लगाने, डायल 112 पीआरवी की सतर्कता जांचने व मौके पर जाकर ब्रीफ करने के लिए निर्देशित किया गया इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे स्थानों को चिन्हित करने जहां महिला संबंधी अपराध घटित होने की संभावना रहती है उन जगहों पर पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मियों की पेट्रोलिंग व गश्त बढ़ाने के लिए तथा सभी सम्बन्धित एसीपी को क्षेत्रों में भ्रमण शील रहते हुये मौके पर ही पुलिस बल को ब्रीफ करने के लिये निर्देशित किया।पुलिस कमिश्नर ने सभी सम्बन्धित डीसीपी को आस-पास के जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उनके क्षेत्र में लूट, स्नेचिंग आदि की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की सूची प्राप्त कर उन पर भी निगरानी रखने तथा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की सीमाओं से सटे जनपद जैसे ग़ाज़ियाबाद, अलीगढ़, बुलन्दशहर, दिल्ली तथा पलवल (हरियाणा) की सीमाओं पर पुलिस बल की ड्यूटी के साथ-साथ विजिबिलिटी बढ़ाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। पुलिस कमिश्नर द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सम्बन्धित अभियुक्तों को सजा कराये जाने के सम्बन्ध में भी अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया।अपराध नियंत्रण, निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने, कॉविड के दौरान में किये गये सराहनीय कार्य के लिए गृहमंत्री भारत सरकार व पुलिस महानिदेशक उत्तरप्रदेश, लखनऊ से आए प्रशस्ति पत्र व पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा निर्गत प्रशस्ति पत्र समस्त डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी एवं अन्य पुलिस अधिकारीगणों को वितरित कर सम्मानित किया गया। पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों को भविष्य में भी इसी प्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।मीटिंग के दौरान ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय भारती सिंह, सभी डीसीपी, एडीसीपी, सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### सस्ते में फ्लैट बेचने का झांसा देकर युवती से 75 लाख हड़पे

ग्रेटर नोएडा। शहर निवासी युवती ने दिल्ली के होटल में रहने वाले दंपति पर 75 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। इस मामले में युवती ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कासना कोतवाली पुलिस ने आरोपी दंपति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्रेटर नोएडा में रहने वाली कुमुद ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान शहर में रहने वाले दीक्षित अरोड़ा से हुई थी। वह फिलहाल दिल्ली के एक होटल में अपने पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। दीक्षिता अरोड़ा ने युवती को बताया था कि उन्होंने कुछ सस्ते फ्लैट सेक्टर-78 में अंतरिक्ष बिल्डर से खरीद रखे हैं। वह अपने फ्लैट सस्ते दामों पर बेच देंगे। दक्षिता अरोड़ा और उनकी पत्नी ने झांसे में लेकर उससे 75 लाख रुपये हड़प लिए। युवती ने पैसा वापस करने का दबाव बनाया तो आरोपियों ने उन्हें कुछ फर्जी चेक थमा दिए। चेक बैंक में जमा किए तो पता चला की खाते ब्लॉक है। इसके बाद युवती ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की। कासना कोतवाली प्रभारी का कहना है कि दंपति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## टोल प्लाजा पर 25 गांवों के ग्रामीणों के लिए अलग लेन बने

एजेंसी

सोहना। गुरुग्राम-सोहना रोड पर घामडौज के पास बनाए गए टोल प्लाजा पर शुक्रवार से टोल वसूली शुरू हो गई।

टोल प्लाजा के आसपास बसे 25 गांव के ग्रामीण उनसे टोल वसूलने के विरोध में उतर आए हैं। ग्रामीणों ने शनिवार को बैठक की। इस दौरान छह अप्रैल को महापंचायत बुलाने का फैसला किया गया। ग्रामीणों के लिए अलग से लेन बनाने की मांग रखी गई। सोहना व्यापार मंडल ने ग्रामीणों के समर्थन में बुधवार को बाजार बंद रखने का भी ऐलान किया है।

शनिवार को अनाज मंडी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में टोल माफी नहीं मिलने के विरोध में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रिठौज निवासी पूर्व एसपी महाराज सिंह ने की। बैठक में निर्णय हुआ कि टोल से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के ग्रामीणों का आना जाना फ्री हो। टोल पर स्थानीय गांवों को जाने वाले ग्रामीणों को अलग से बिना रुकने वाली लाइन की व्यवस्था की जाए। बैठक में ग्रामीणों ने साफ कर दिया वह टोल माफी के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं।

इस मौके पर सोहना व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि वे लोग भी महापंचायत में हिस्सा लेंगे। बैठक में सतबीर पहलवान, हरिश नंदा, बलबीर रावत, रतनसिंह बागड़ी, सोहना के पूर्व विधायक तेजपाल तवंर, जावेद अहमद सहित आसपास के गांवों अलीपुर, घामडौज, भोंडसी, गढ़ीबाजीदपुर, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, दौला, सिरसका, लोहटकी, खोईका, मौहम्मदपुर गूर्जर के लोगों ने भी हिस्सा लिया।

## नोएडा : थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा खेलने वाले छः अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

### कब्जे से सट्टे में प्रयुक्त एक लैपटॉप, 12 मोबाइल, 1 लाख 64 हजार रूपये नगद सहित दो गाड़ी बरामद



**नोयडा।** थाना फेस-1 पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच व विधानसभा चुनाव परिणाम पर सट्टा खेलने वाले छः अभियुक्तों इमरान उर्फ नजीर पुत्र अब्दुल सईद निवासी नगर पालिका के पास मोहल्ला छासियावाडा सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर, अखिलेश पालिवाल पुत्र नत्थीराम पालीवाल निवासी नगर पालिका के पास छासियावाडा सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर, जावेद पुत्र समसुद्दीन निवासी नगर पालिका के पास छासियावाडा सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर, मोहसीन पुत्र अजीज निवासी पानी की टंकी के पास मोहल्ला विशाल दारन सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर, प्रवेज पुत्र रियाजुद्दीन निवासी नगर पालिका के पास मौहल्ला छासियावाडा सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर, ताहिर पुत्र एजाज निवासी नगर पालिका के पास छासियावाडा सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर को थाना क्षेत्र के सेक्टर-10 नोएडा से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक लैपटॉप डेल कम्पनी, 12 मोबाइल फोन, 1 लाख 64 हजार रूपये नगद, एक रजिस्टर, 12 पेन, 20 हिसाब के पर्चे और दो गाड़ियां क्रमशः आई-10 व आल्टो बरामद की है।अभियुक्तों के पास दुबई से इनके मोबाइल पर एक लिंक जिसे लाइन के नाम से जाना जाता है आती है। मोबाइल मे लाइन आने के बाद मोबाइल को म्यूट कर दिया जाता है एवं मोबाइल के स्पीकर ऑन कर दिया जाता है। दौराने मैच लिंक पर बाल बाय बाल सूचना प्राप्त होती है। सेंशन व मैच प्रारम्भ होने के बाद मैच पर बोली लगने से सट्टा प्रारम्भ हो जाता है। उक्त अभियुक्तों द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव वर्ष-2022 मे भी सभी पार्टीयों पर हार-जीत का सट्टा लगाया था एवं मुख्यमंत्री कौन बनेगा इस पर भी सट्टा लगाया गया था।पुलिस द्वारा इनके खातो से लगभग 4 लाख रूपये सीज कराये गये है। अभियुक्तों द्वारा प्रतिदिन लगभग 10 लाख रूपये तक का सट्टा खिलवाया जाता है।सट्टे मे इनके द्वारा कम से कम 5 हजार और अधिकतम 50 रूपये का सट्टा खिलवाया जाता है। सट्टे मे लगभग प्रतिदिन 50 से 60 लोग सट्टा लगाते है। जिन्हे फनटर के नाम से जाना जाता है।अभियुक्तों द्वारा अलग-अलग लोकेशन बदल कर दिल्ली, नोएडा, बुलन्दशहर, गाजियाबाद आदि मे सट्टा खिलाया जाता है।गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## गाजियाबाद में बेखौफ हुए बदमाश, दिनदहाड़े पीएनबी बैंक में डकैती डालकर 10 लाख रुपये लूटे



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में अपराधियों के हौसले चरम पर हैं। आए दिन लूट और झपटमारी के बाद शनिवार को सिहानी गेट कोतवाली के नूर नगर इलाके में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में दिनदहाड़े डकैती की घटना सामने आई है।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के नूर नगर में आज दोपहर करीब 1.30 बजे चार नकाबपोश बदमाशों ने पीएनबी बैंक शाखा में गन पॉइंट पर 10 लाख रुपये की लूट की वारदात को अंदाम दिया। घटना के वक्त बैंक का सर्वर डाउन होने के चलते बैंक में कम ही ग्राहक मौजूद थे।

इसी बीच चार नकाबपोश लोग पीएनबी बैंक में घुस आए और हथियारों के बल पर कैशियर को धमकाते हुए उससे रकम लूट ली। बताया जा रहा है कि वारदात के दौरान कोई सिक्योरिटी गार्ड बैंक में मौजूद नहीं था। नए पुलिस कप्तान को जिले का चार्ज संभाले अभी 24 घंटे भी नहीं हुए कि इतनी बड़ी वारदात ने शहर में कानून-व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम बैंक पहुंचकर घटना की जांच में जुटी हैं। पुलिस अधिकारी बैंक स्टाफ से बातचीत कर जानकारी जुटाने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रहे हैं। बीच शहर के अंदर दिनदहाड़े हुई इस बैंक डकैती की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। गाजियाबाद की कानून-व्यवस्था संभालने के लिए शासन ने सतर्कता अधिष्ठान में तैनात डीआईजी एलआर कुमार को गाजियाबाद भेजा गया है। शुक्रवार रात उन्होंने गाजियाबाद आकर चार्ज संभाल लिया। शासन ने गुरुवार को गाजियाबाद के एसएसपी पवन कुमार को निलंबित कर दिया था। डीजीपी मुख्यालय ने उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) के डीआईजी एलआर कुमार को अगले आदेशों तक गाजियाबाद के एसएसपी का कार्यभार संभालने का आदेश दिया है।

## ड्रग्स की लत छुड़ाने आई महिला से नोएडा के नशा मुक्ति केंद्र में दुष्कर्म

### दिल्ली में दर्ज कराई एफआईआर, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी



नोएडा। ड्रग्स की लत छुड़ाने के लिए नोएडा के सेक्टर-108 स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में आई महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश में जुटी थी।

नोएडा पुलिस ने बताया कि सेक्टर-108 स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में ड्रग्स की लत छुड़ाने आई महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को सेक्टर-39 थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के संबंध में दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए नोएडा पुलिस को भेजी थी।

दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव की रहने वाली पड़ित महिला ड्रग्स की लत से परेशान थी। किसी परिचित ने उसे नोएडा के सेक्टर-108 स्थित एक नशा मुक्ति केन्द्र के बारे में जानकारी दी थी। इस पर महिला अगस्त 2021 में नशा मुक्ति केन्द्र में आ गई। यहां पर महिला को एक अलग कमरे में रखा गया था।

महिला का आरोप है कि यहां पर काम करने वाले प्रदीप नाम के आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। कुछ समय बाद महिला केंद्र से अपने घर गई तो परिजनों को पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद महिला ने दिल्ली के सफदरजंग थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

घटनास्थल नोएडा का होने के चलते दिल्ली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर सेक्टर-39 थाने भेज दी थी। अब पुलिस ने आरोपी प्रदीप गिरफ्तार किया है।

### मोहम्मदपुर झाड़सा में पार्क व सामुदायिक भवन का निर्माण करेगा निगम

गुरुग्राम। नगर निगम की तरफ से गांव मोहम्मदपुर झाड़सा में एक पार्क को विकसित करने के साथ गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण करेगा। इसको लेकर निगम ने योजना तैयार कर ली है। निगम की तरफ से गांव की करीब 12 साल पुरानी मांग को पूरा किया जा रहा है।, लेकिन गांव में कोई शहरी सुविधा निगम की तरफ से अभी तक मुहैया नहीं करवाई गई है। लोगों की बार-बार मांग को लेकर निगम ने एस्टीमेट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। निगम अधिकारियों का दावा है कि इस माह के अंत तक गांव में दोनों काम शुरू करवा दिए जाएंगे। गांव में सामुदायिक भवन नहीं होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए ग्रामीण कई बार निगम अधिकारियों व पार्षद से इसके निर्माण की मांग कर चुके हैं।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आरईसी द्वारा 4 राज्यों में 'बिजली उत्सव' का आयोजन




गुरुग्राम। विद्युत मंत्रालय के अधीन पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी आरईसी लिमिटेड द्वारा आजादीके 75 वर्ष मनाने के लिएशुरू किए गए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गतअसम, राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में बिजली उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन की तिथि विशेष रूप से 31 मार्च, 2022 चुनी गई थी क्योंकि यह प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के सफल समापन की तीसरी वर्षगांठ है। सौभाग्य के तहत, पूरे भारत में 2.82 करोड़ इच्छुक घरों को विद्युतीकृत किया गया, और यह दुनिया का सबसे बड़ा विद्युतीकरण अभियान था।

इस उत्सव में कई गणमान्य अतिथि हुए, साथ ही इसमें आस-पास के जिलोंऔर गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग आए थे। गणमान्य अतिथियों ने बिजली से मिलने वाले लाभों, गांवों तक बिजली पहुंचाने के दौरान सामने आने वाली चुनौतियों और बिजली आने के बाद लोगों के जीवन-स्तर में हुए बदलावों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सौभाग्य योजना के कई लाभार्थी भी शामिल हुए, जिन्हें अपना अनुभव साझा करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया।

आस-पास के गांवों से आए लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ने केलिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोक ज्ञान और नृत्य का आयोजन किया तथा बिजली के उपयोग, बिलिंगऔर ऊर्जा दक्षता आदि के बारे में जागरूकता लाने और लोगों के ज्ञानवर्धन के लिए सरकार केविभिन्नकार्यक्रमों पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में एलईडी बल्ब के वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ को देखते हुए मास्क पहनने से लेकर सोशल डिस्टेंसिंग जैसे कोविड सुरक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मास्क भी बांटे गए।

आरईसी लिमिटेड के बारे में: आरईसी लिमिटेड एक नवरत्न एनबीएफसी है जो पूरे भारत में विद्युत क्षेत्र के वित्तपोषण और विकास पर केंद्रित है।

1969 में स्थापित होने के बाद से आरईसी ने अपने प्रचालन के क्षेत्र में पचास वर्ष पूरे कर लिए हैं। इसके द्वारा राज्यों के बिजली बोर्ड, राज्य सरकारों, केंद्र/राज्य की बिजली इकाइयों, स्वतंत्र बिजली उत्पादकों, ग्रामीण विद्युत सहकारी समितियों और निजी क्षेत्र की इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसकी कारोबार संबंधी गतिविधियों में विद्युत क्षेत्र के पूरे वैल्यू चेन में परियोजनाओं का वित्तपोषण करना शामिल है; जिसमें विभिन्न प्रकार की जनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन परियोजनाएं और नवीकरणीय ऊर्जा संबंधी परियोजनाएं शामिल हैं। आरईसी ने भारत के हर चौथे बल्ब की बिजली के लिए वित्तीय सहायता दी है।

## संपादकीय

### देश और समाज सेवा की ऐसी मिसाल कम ही देखने-सुनने को मिलती है

किसी के यहां बेटी की शादी हो। बारात घर पर आई हुई हो, ऐसी हालत में क्या कोई बारात के लिए तैयार खाना किसी अनजान व्यक्तियों को खिला सकता है। कल्पना भी नहीं होती, किंतु एक भामाशाह ने ऐसा किया। आज ऐसी महान आत्मा और उसके परिवार को कोई जानता भी नहीं। 1857 की क्रांति के समय उनके शहर से अंग्रेज फौज के विद्रोही जवान की टुकड़ी जा रही था। उन्हें पता चला। घर से भागकर शहर के बाहर सड़क पर पहुँचे। इन जवानों को रोका। अपने साथ घर चल कर भोजन करने का आग्रह किया। उन सबको सम्मान के साथ अपनी हवेली लिवा लाए। बारातियों को समझा कर खाना खाने से रोका। कहा- यह आजादी के दीवाने हैं। पता नहीं कब से इन्हें अच्छा भोजन नहीं मिला। आप भोजन बाद में खा लेना। पहले इन्हें खा लेने दो। अब तो सब व्यवस्थाएं सरलता से हो जाती हैं। एक बात 1857 की उस समय की है, जब शादी ब्याह के लिए एक-एक छोटा मोटा सामान सब परिवार को एकत्र करना पड़ता था। ये घटना है उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद के धामपुर नगर की। 1857 की क्रांति के समय उत्तर प्रदेश के धामपुर जनपद बिजनौर के सेठ हरसुख राय लोहिया चर्चित हस्ती थे। इस जंग ए आजादी के दौरान इनकी बेटी की शादी थी। बारात आई हुई थी। इनकी हवेली में बारात के खाने का प्रबंध था। शानदार व्यवस्था थी। तरह-तरह के भोजन और मिठाई बनी थीं। इन्हें पता चला कि अंग्रेज सेना के भारतीय जवानों का एक दल विद्रोह करके रुड़की से बरेली जा रहा है। शहर से गुजर रहे आजादी के मस्तानों को इन्होंने हाथ जोड़कर रोक लिया। अपनी हवेली ले आये। सबसे कहा- भोजन करो। पता नहीं कबसे ठीक से खाना नहीं मिला होगा। बारातियों को भी हाथ जोड़े। कहा- कुछ देर रुक जाएं। इनके बाद आप जीम लेना। ये नजारा देख बाराती भी क्रांतिकारी जवानों की सेवा में लग गये। कोई दाल परोसने लगा। कोई चावल। कोई मिठाई खिलाने में लग गया। सूचना पर शहरवासी भागकर इनकी हवेली आने लगे। वह भी ये नजारा देखकर भाव विभोर हो गए। वे सब भी इन क्रांतिकारियों की सेवा में लग गए। शहरवासी भी जवानों के लिए अपने घर से कुछ न कुछ लेकर आये। काफी राशन एकत्र करके इन्हें सौंपा ताकि इन्हें रास्ते में भोजन की कमी न रहे। इन वीरों का बारात से बड़ा स्वागत हुआ। क्या नजारा होगा। ऐसे देशभक्त भामाशाह हरसुख राय लोहिया को आज धामपुर में कोई जानता भी नहीं। धामपुर में पूरा लोहियों का मुहल्ला है लोहियान। किसी को कुछ पता नहीं। हो सकता है अंग्रेजों ने पूरे परिवार का कत्ल कर दिया हो। 1857 की क्रांति के समय बिजनौर में तैनात रहे सदर अमीन सर सैयद ने उस समय की घटनाओं की डायरी लिखी। नाम दिया सरकशे बिजनौर। वे पुस्तक में कहते हैं कि सैपर्स एंड माइनर्स की एक कंपनी के तीन सौ जवान विद्रोही हो गए। इन्हें सहारनपुर में कमांडर-इन-चीफ के शिविर में शामिल होने के लिए भेजा गया था, पर ये रुड़की लौट आई। वहां से बरेली के लिए चले। 20 मई को इन्होंने नजीबाबाद में नवाब महमूद को बागवत के लिए तैयार किया। खुद बरेली के लिए निकल गए। इनके आने की सूचना पर नगीना तहसील प्रशासन सचेत था। तहसील कार्यालय का दरवाजा बंद था, लेकिन खिड़की खुली रह गई। अचानक तीन सिपाही खिड़की के रास्ते तहसील कार्यालय में घुसे। तहसीलदार से सामान की मांग की। इसी दौरान कई अन्य जवानों ने तहसील कार्यालय में घुसकर तहसीलदार को संगीनों के घेरे में ले लिया। उसे जबरदस्ती दरबार की इमारत में ले गए। उन्होंने बंदूक की बट मार कर संदूक तोड़ दिए। खजाने को लूटने के लिए खजाने का ताला तोड़ दिया। इस दौरान तहसीलदार किसी तरह फरार हो गए। बाद में वे दूसरे रास्ते से छिपने के लिए वापस आ गए। उन्होंने कलेक्टर को रिपोर्ट भेजी है। तहसीलदार के सामान को लूटने और बाजार में तोड़फोड़ करने के लिए शहर के कई शरारती सैनिकों में शामिल हो गए थे। इन्होंने एक बहुत धनी व्यक्ति भगीरथ को भी लूट लिया। इन्होंने तहसील में खजाने में जमा 10344 रुपये और 14 आना लूट लिए। नगीना के बाद सैपर एंड माइनर कंपनी के सोल्जर्स धामपुर पंहुचे। उसकी खबर पहले धामपुर पहुंच चुकी थी। तहसीलदार ने अपना कार्यालय बंद कर दिया था, जबकि उसके आदमी अंदर अलर्ट पर थे। सर सैयद कहते हैं कि गनीमत यह भी रही कि आज ही के दिन हर सुखराय लोहिया के घर लड़की की बारात आई हुई थी।

## बढ़ती उम्र का तकाज़ा

**बढ़ती उम्र के साथ सतर्कता का ध्यान रखना ज़रूरी – बुढ़ापा जवानी नहीं लाता, जवानी बचपन नहीं लाती**

**उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आते हैं – सेहत का ध्यान रखने फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना ज़रूरी – एड किशन भावनानी**



गोंदिया – कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल सृष्टि में मानवीय जीवन की रफ्तार इतनी तेज़ हो गई है कि सुबह से शाम तो क्या बचपन से पचपन तक कैसे पहुंच गए पता ही नहीं चलता!!! वर्तमान परिपेक्ष में बढ़ती जीवन चक्र की प्रक्रिया में संघर्षों, खुशियों, दुखों, रोजी-रोटी, घर परिवार, सांसारिक मोह माया इत्यादि अनेक क्रियाओं के चक्कर में अधिकतम मानवी जी ऐसे उलझ गए हैं कि उन्हें अपने शरीर, बढ़ती उम्र का तकाज़ा ही नहीं रहा!!! हालांकि सच्चाई यह है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ सतर्कता का ध्यान रखना अत्यंत ज़रूरी है। यूं समझो बुढ़ापा जवानी नहीं, लाता जवानी बचपन नहीं लाती!!!इसलिए उम्र के बढ़ने के साथ सेहत में भी बदलाव आते हैं। सेहत का ध्यान रखना, फिटनेस टिप्स, घरेलू उपाय और तनाव से दूर रहना अत्यंत जरूरी है। साथियों बात अगर हम चालीस प्लस उम्र की करें तो आपकी उम्र चालीस वें पड़ाव पर पहुंच चुकी है और चालीस की उम्र पर पहुंचने का मतलब है अपनी सेहत का पहले से अधिक ध्यान रखना। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती रहती है वैसे-वैसे सेहत में भी बदलाव आते रहते हैं।साथियों संभव हो तो हमें निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए (1) बढ़ती उम्र के साथ-साथ शरीर में विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम, आयरन और एंटीआक्सीडेंट की कमी महसूस होने लगती है। इसलिए भोजन में ऐसी चीजों को अधिक शामिल करें, जो इन सभी पोषक तत्वों की आपूर्ति कर सके।(2) अत्यधि ?क गुस्सा और चिंता करने से बचें, साथ ही शारीरिक श्रम भी उतना ही करें, जितना आपके स्वास्थ्य के लिए सही हो। अत्यधिक परिश्रम करने से बचें। (3) बेहतर होगा कि चालीस से अधि ?क उम्र होने पर, आप अपनी आदतों और दिनचर्या में बदलाव लाएं। इस अवस्था में आपका शरीर उतना स्वस्थ और उर्जावान नहीं होता। अपने खान-पान और दिनचर्या में बदलाव कर आप उर्जा के साथ ही लंबी उम्र भी पा सकते हैं। (4) घर पर बने पौष्टिक सूप आपकी सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। भोजन के बीच में भूख लगने पर आप इनका सेवन कर सकते हैं। (5) चालीस से अधिक उम्र वालों के लिए एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना बेहद आवश्यक है। इसलिए हरी सब्जि ?यां, वेजिटेबल जूस, सलाद, फल, ग्रीन-टी आदि का सेवन अवश्य करें। (6) इस समय आपके शरीर के सभी अंगों और मांसपे ?शि ?यों ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, इसलिए खान -पान को बैलेंसरखें ताकि आपका लिवर सुरक्षित रहे और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर कर सके। (7) चालीस की उम्र के बाद अक्सर छोटी-छोटी बातों का तनाव और चिड़चिड़ापन होता है साथ ही दिमाग भी कमजोर होने लगता है। इसके लिए योगा, व्यायाम, मेडिटेशन, संगीत को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। साथ ही वह काम करें जिसे करने में आपको आनंद आता है और जिसमें आपका मन लगता है। (8) साबुत अनाज को अपने भोजन में शामिल करें और फलों का भरपूर सेवन करें। इत्यादि के अलावा और भी आने की टिप्स है जिनकी सहायता से सतर्कता बरती जा सकती है। साथियों बात अगर हम पचास प्लस उम्र की करें तो, पचास साल की उम्र के बाद कुछ कारक हो सकते हैं, जिनके कारण भोजन का सेवन कम हो सकता है।

## भारत का विभाजन, आनंदपुर साहिब प्रस्ताव, राजीव गांधी-लोंगोवाल समझौता, चंडीगढ़ को लेकर मचे खींचतान को इतिहास के आइने से समझें

अभिनय आकाश

**1 अप्रैल को पंजाब विधानसभा को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने केंद्र सरकार पर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रशासनिक संतुलन बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए क्या मैंने पंजाब के लोगों को गारंटी दी थी कि मैं राज्य के अधिकारों के लिए लड़ूंगा। पंजाब पुनर्गठन एक्ट, 1966 के जरिए पंजाब को हरियाणा में पुनर्गठित किया गया था।**

चंडीगढ़ को लेकर पंजाब और हरियाणा के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद इस हफ्ते तब और भड़क गया जब केंद्र ने केंद्र शासित प्रदेश में कर्मचारियों के लिए पंजाब सर्विस रूल्स के बजाय सेंट्रल सर्विस रूल्स अधिसूचित किए। केंद्र ने पहले भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) में नियुक्तियों के नियमों में बदलाव किया था। बीजेपी को छोड़ पंजाब की सभी सियासी दलों ने इस कदम का विरोध किया। जिसके बाद 1 अप्रैल को पंजाब विधानसभा ने विशेष सत्र में चंडीगढ़ पर राज्य के दावे को दोहराते हुए सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया। जिसे लगभग सभी प्रमुख दलों ने अपना समर्थन दिया है। 1 अप्रैल को पंजाब विधानसभा को संबोधित करते हुए भगवंत मान ने केंद्र सरकार पर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रशासनिक संतुलन बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए क्या मैंने पंजाब के लोगों को गारंटी दी थी कि मैं राज्य के अधिकारों के लिए लड़ूंगा। पंजाब पुनर्गठन एक्ट, 1966 के जरिए पंजाब को हरियाणा में पुनर्गठित किया गया था। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और पंजाब के कुछ हिस्से तब के केंद्रशासित प्रदेश हिमाचल को दे दिए गए थे। तब से लेकर अब तक भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड जैसी साझी संपत्तियों के प्रशासनिक ढांचे में एक संतुलन बना हुआ था। अब केंद्र सरकार इस संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रही है।

अपने संबोधन के दौरान भगवंत मान ने कहा कि चंडीगढ़ को पंजाब की राजधानी के तौर पर बनाया गया था। पंजाब पूरी तरह से चंडीगढ़ के ऊपर अपना दावा पेश कर रहा है। ऐसे में आज आपको बताते हैं कि चंडीगढ़ क्यों पंजाब, हरियाणा और केंद्र के बीच खींचतान का मुद्दा बना है। इतिहास से आइने से आपको समझाते हैं कि क्या है आनंदपुर साहिब प्रस्ताव, राजीव गांधी और लोंगोवाल समझौता क्या है व क्यों चंडीगढ़ विवाद की वजह बना हुआ है।



### चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी कब और कैसे बनी?

बंटवारे के बाद भारत दो भागों में बंट गया। उस वक्त पंजाब का काफी हिस्सा पाकिस्तान के पास चला गया। उस वक्त पंजाब की राजधानी लाहौर हुआ करती थी। लेकिन 1947 के विभाजन के बाद लाहौर पाकिस्तान के हिस्से में चला गया। विभाजन के बाद शिमला को भारतीय पंजाब की अस्थायी राजधानी बना दिया गया। प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू लाहौर को पंजाब की राजधानी के रूप में बदलने के लिए एक आधुनिक शहर चाहते थे, जिसके बाद चंडीगढ़ के विचार की कल्पना की गई थी। 21 सितंबर, 1953 को राजधानी को आधिकारिक तौर पर शिमला से चंडीगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया। राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने 7 अक्टूबर, 1953 को नई राजधानी का उद्घाटन किया। हरियाणा के जन्म तक, चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी बना रहा।

### पंजाब का पुनर्गठन और चंडीगढ़ बना केंद्र शासित प्रदेश ?

चंडीगढ़ एक ऐसा शहर है जो पंजाब व हरियाणा दोनों की राजधानी है और साथ ही केंद्र शासित प्रदेश भी है। 1966 में पंजाब से अलग होकर 1 नवंबर को हरियाणा अलग राज्य बना था। दोनों राज्यों ने चंडीगढ़ को अपनी राजधानी के रूप में दावा किया। पंजाब को यहां की संपत्तियों में 60 फीसदी हिस्सा मिला, जबकि हरियाणा को 40 फीसदी हिस्सा हाथ लगा। इसके अलावा, केंद्रशासित प्रदेश के तौर पर यहां केंद्र के पास सीधा नियंत्रण रहा। राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1966 ने 1952 में तय की गई व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया।

### क्या है आनंदपुर साहिब प्रस्ताव

पंजाब की राजनीति में इस दौरान एक परिवर्तन का दौर देखने को मिल रहा था। अकाली दल कांग्रेस का विकल्प बनकर उभर चुकी थी। इंदिरा गांधी ने इसके जवाब के तौर पर 1972 में सरदार ज्ञानी जैल सिंह को पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर खड़ा किया। 1973 में सिखों ने पंजाब के स्वायत्तता की मांग की1 1978 में पंजाब की मांगों पर अकाली दल ने आनंदपुर साहिब प्रस्ताव पारित किया।

इसके मूल प्रस्ताव में सुझाया गया था कि भारत की केंद्र सरकार का केवल रक्षा, विदेश नीति, संचार और मुद्रा पर अधिकार हो जबकि अन्य सब विषयों पर राज्यों के पास पूर्ण अधिकार हों।

वे ये भी चाहते थे कि भारत के उत्तरी क्षेत्र में उन्हें स्वायत्तता मिले। अकालियों की पंजाब संबंधित माँगें ज़ोर पकड़ने लगीं। अकालियों की प्रमुख मांगें थीं – चंडीगढ़ पंजाब की ही राजधानी हो, पंजाबी भाषी क्षेत्र पंजाब में शामिल किए जाएं, नदियों के पानी के मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय की राय ली जाए।

आनंदपुर साहिब के संकल्प और उद्देश्य शिरोमणि अकाली दल की कार्यकारी समिति ने व्यापक नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने के लिए

### 11 दिसंबर, 1972 को 12 सदस्यीय उप-समिति का गठन किया

उपसमिति में एस सुरजीत सिंह बरनाला, एस. गुरचरण सिंह टोहरा, एस. जीवन सिंह उमरानंगल, दिवंगत एस. गुरमीत सिंह मुक्तसर, डॉ. भगत सिंह, एस. बलवंत सिंह, दिवंगत एस. ज्ञान सिंह रारेवाला, एस. प्रेम सिंह लालपुरा, एस. जसविंदर सिंह बराड़, एस. भाग सिंह, मेजर जनरल गुरबख्श सिंह, और एस. अमर सिंह अंबालावी शामिल है

समिति ने कई बैठकों में गंभीर विचार-विमर्श के बाद एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसे कार्य समिति द्वारा 17 अक्टूबर, 1973 को श्री आनंदपुर साहिब में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव के माध्यम से अपनाया गया।

### सिख जीवन शैली का प्रचार और नास्तिकता और गैर-सिख सोच को दूर करना

सिख पंथ की एक अलग स्वतंत्र इकाई की भावना को बनाए रखना और एक ऐसा वातावरण बनाना जिसमें सिखों की राष्ट्रीय अभिव्यक्ति पूर्ण और संतोषजनक हो सके।

एक नया अखिल भारतीय गुरुद्वारा कानून लाना जो अधिक कुशल और सुनिश्चित करेगा और वर्तमान की तुलना में पूजा स्थलों और सामुदायिक केंद्रों का सार्थक प्रबंधन और उनके वित्तीय संसाधनों और संपत्ति पर अतिक्रमण किए बिना एक गतिशील सिख समाज में प्राचीन सिख उपदेश आदेशों (जैसे उदासी और निर्मला) के पुन- एकीकरण की उपलब्धि में मदद करना।

दुनिया के सभी गुरुद्वारों को एक संगठन के बैनर तले लाना ताकि सिख धार्मिक प्रक्रियाओं और कार्यवाही को दुनिया भर में एक समान बनाया जा सके और धार्मिक प्रचार के समग्र संसाधनों को एकत्रित और प्रभावी बनाया जा सके।

इस नए पंजाब में केंद्र की सत्ता देश की रक्षा, विदेश संबंध, संचार, रेलवे और मुद्रा तक ही सीमित रहनी चाहिए।

सभी अवशिष्ट विषय (विभाग) पंजाब के अधिकार क्षेत्र में होने चाहिए जिन्हें इन विषयों के लिए अपना संविधान बनाने का अधिकार होना चाहिए।

पंजाब हमेशा से चंडीगढ़ को लेकर अपना दावा करता रहा है। इसके पीछे 1985 के राजीव गांधी और लोंगोवाल समझौते का भी जिक्र किया जाता है। बता दें कि अगस्त 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और अकाली दल के संत हरचंद सिंह लोंगोवास के बीच समझौता हुआ था। इस समझौता के अनुसार, चंडीगढ़ को पंजाब को सौंपना तय हुआ। यह समझौता हुआ कि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी रहेगी और हरियाणा की अलग राजधानी बनाई जाएगी।

हालांकि कुछ प्रशासनिक कारणों के चलते इस हस्तांतरण में देरी हुई और यह मामला अधर में अटकता चला गया।

## पहले पिता...फिर चाचा...अखिलेश यादव आखिर अपने बड़ों के अनुभव का सम्मान क्यों नहीं करते?

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की सरगर्मिंया खत्म हो गई हैं। राजनीति की आक्रामकता काफी हद तक ठहर गई है। थोड़ी बहुत गहमागहमी अगर है तो विधान परिषद के चुनाव को लेकर है, इसके अलावा इस समय सत्ता के गलियारों में सबसे अधिक शिवपाल यादव फैक्टर गूंज रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जिस तरह से चाचा शिवपाल के साथ 'यूज एंड थ्रो' वाली राजनीति की है, उससे शिवपाल का पारा सातवें आसमान पर है और संभवत: अब शिवपाल यादव मुड़ कर समाजवादी पार्टी की ओर देखना पसंद नहीं करेंगे। चुनाव बाद अखिलेश से शिवपाल की नाराजगी तब देखने को मिली, जब उन्होंने (अखिलेश) शिवपाल यादव को अपनी पार्टी का विधायक ही मानने से इंकार कर दिया, जबकि शिवपाल साइकिल चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़े और जीते थे, लेकिन सपा नेता शिवपाल को सहयोगी दल का नेता बता रहे थे। अखिलेश-शिवपाल के बीच दूरियां बढ़ने के साथ ही लगभग तय माना जा रहा है कि शिवपाल को अपनी सियासत बचाने और अपने बेटे के लिए सियासी मुकाम हासिल करने के लिए कोई न कोई कड़ा कदम उठाना ही पड़ेगा, जो समाजवादी पार्टी के साथ चलने से इतर होगा तो यह भी तय है कि अपनी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के सहारे भी वह राजनीति की पथरीली राह पर नहीं दौड़ या चल सकते हैं। शिवपाल के पास राजनीति का अनुभव और जनता के बीच पकड़ भले हो, लेकिन आर्थिक संसाधनों की काफी कमी है जो आज की राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके बिना कोई चुनाव जीतना आसान नहीं है। इसीलिए शिवपाल को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं कि उनका भविष्य कैसे और कहां सुरक्षित रहेगा। दरअसल, विधान सभा चुनाव के नतीजे आने के बाद जब योगी ने सत्ता ग्रहण की तो इस बात की अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं कि विपक्षी पार्टी सपा के मुखिया अखिलेश यादव अपने चाचा शिवपाल यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बना सकते हैं और स्वयं केन्द्र की राजनीति करते रहेंगे।

यानी लोकसभा की सदस्यता ही अपने पास रखेंगे, परंतु अखिलेश ने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर स्वयं नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी अपने लिए सुरक्षित कर ली। इससे पहले शिवपाल यादव चुनाव में अखिलेश द्वारा उन्हें कोई अहमियत नहीं दिए जाने से और उनके समर्थकों को एक भी टिकट नहीं देने से भी नाराज थे, यहां तक कि अखिलेश ने अपने चचेरे भाई और शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को भी टिकट नहीं दिया था। इसी के चलते अब शिवपाल यादव ने अलग राह पकड़ ली है।

सबसे अधिक चर्चा शिवपाल के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जाने को लेकर हो रही है। वही भाजपा जिसके विरोध के सहारे उन्होंने अपने राम (मुलायम सिंह यादव) के साथ 'हनुमान' बनकर समाजवादी पार्टी को सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाया था, जिनकी राजनीति की धुरी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध पर केन्द्रित थी। मुलायम राज में अयोध्या में 1990 में कारसेवकों पर जो गोलियां बरसाईं गई थीं, उसके छीटें शिवपाल यादव के भी दामन पर पड़े थे यह और बात है कि अब यह छींटे दिखाई नहीं देते हैं। शिवपाल की पहचान सपा में रहते मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत को आगे बढ़ाने के लिए भी की जाती है।




## नारी के अखंड सौभाग्य का पर्व है गणगौर



- ललित गर्ग-

राजस्थान की उत्सव संस्कृति जहां समृद्ध है वहीं उसमें जीवन के रंग, कला, शौर्य, पराक्रम एवं बलिदान की भावना देखने को मिलती है। यहां का सिरमौर पर्व है गणगौर। इस पर्व में राजस्थान की बहुरंगी संस्कृति, शौर्य और भावों का एक साथ मिलन देखने को मिलता है। एक से बढ़कर एक अद्भुत और अविस्मरणीय संस्कृति के रंग इस पर्व से जुड़े हैं, जो कला और संस्कृति की समृद्धि को सुशोभित करते हैं, जिससे राजस्थानी महिलाओं का जीवन रंग संस्कृति और उत्सव से भरा हुआ दिखाई पड़ता है। गणगौर मेले का आयोजन भी महिलाओं एवं कन्याओं की मस्ती के साथ और मस्ती के लिए किया जाता है।

गणगौर का त्यौहार सदियों पुराना हैं। हर युग में कुंआरी कन्याओं एवं नवविवाहिताओं का अपितु संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा संबंध इस पर्व से जुड़ा रहा है। यद्यपि इसे सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मान्यता प्राप्त है किन्तु जीवन मूल्यों की सुरक्षा एवं वैवाहिक जीवन की सुदृढ़ता में यह एक सार्थक प्रेरणा भी बना है। गणगौर शब्द का गौरव अंतहीन पवित्र दाम्पत्य जीवन की खुशहाली से जुड़ा है। कुंआरी कन्याएं अच्छा पति पाने के लिए और नवविवाहिताएं अखंड सौभाग्य की कामना के लिए यह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं, व्रत करती हैं, सज-धज कर सोलह श्रृंगार के साथ गणगौर की पूजा की शुरुआत करती है। पति और पत्नी के रिश्तें को यह फौलादी सी मजबूती देने वाला त्यौहार है, वहीं कुंआरी कन्याओं के लिए आदर्श वर की इच्छा पूरी करने का मनोकामना पर्व है। यह पर्व आदर्शों की ऊंची मीनार है, सांस्कृतिक परम्पराओं की अद्वितीय कड़ी है एवं रीति-रिवाजों का मान है।

गणगौर का त्यौहार होली के दूसरे दिन से ही आरंभ हो जाता है जो पूरे अठारह दिन तक लगातार चलता है। चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से कुंआरी कन्याएं और नवविवाहिताएं प्रतिदिन गणगौर पूजती हैं, वे चैत्र शुक्ला द्वितीया (सिंजारे) के दिन किसी नदी, तालाब या सरोवर पर जाकर अपनी पूजी हुई गणगौरों को पानी पिलाती हैं और दूसरे दिन सायंकाल के समय उनका विसर्जन कर देती हैं। अठारह दिनों तक चलने वाले इस त्यौहार में होली की राख से सोलह पीण्डियां बनाकर पाटे पर स्थापित कर आस-पास ज्वारे बोए जाते हैं। ईसर अर्थात शिव रूप में गण और गौर रूप में पार्वती को स्थापित कर उनकी पूजा की जाती है। मिट्टी से



बने कलात्मक रंग-रंगीले ईसर गण-गौर झुले में झुलाए जाते हैं।

सायंकाल बींद-बींनणी बनकर बागों में या मोहल्लों में रंग-बिरंगे परिधान, आभूषणों में किशोरियां और नवविवाहिताएं आमोद-प्रमोद के साथ घूमर नृत्य करती हैं, आरतियां गाती हैं, गौर पूजन के गीत गाकर खुश होती हैं। जल, रोली, मौली, काजल, मेहंदी, बिंदी, फूल, पत्ते, दूध, पाठे, हाथों में लेकर वे कामना करती हैं कि हम भाई को लड्डू देंगे, भाई हमें चुनरी देगा, हम गौर को चुनरी धारण करायेंगे, गौर हमें मनमाफिक सौभाग्य देगी।

गणगौर त्यौहार विशेषत: पश्चिम भारत खासतौर से राजस्थान, गुजरात, निमाड़-मालवा में मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने के अलग-अलग जगह के अलग-अलग तरीके हैं। कन्याएं कलश को सिर पर रखकर घर से निकलती हैं तथा किसी मनोहर स्थान पर उन कलशों को रखकर इर्द-गिर्द घूमर लेती हैं। जोधपुर में लोटियों का मेला लगता है। वस्त्र और आभूषणों से सजी-धजी, कलापूर्ण लोटियों की मीनार को सिर पर रखे, हजारों की संख्या में गाती हुई नारियों के स्वर से जोधपुर का पूरा बाजार गूंज उठता है।

नाथद्वारा में सात दिन तक लगातार सवारी निकलती है। सवारी में भाग लेने वाले व्यक्तियों की पोशाक भी उस रंग की होती है जिस रंग की गणगौर की पोशाक होती है। सात दिन तक अलग-अलग रंग की पोशाक पहनी जाती हैं।

आम जनता के वस्त्र गणगौर के अवसर पर नि:शुल्क रंगे जाते हैं। उदयपुर में गणगौर की नाव प्रसिद्ध है। जयपुर में त्रिपोलिया गेट से आज भी राजशाही तरीके से गणगौर की सवारी अतीत की परम्परा को जीवंत करती है। इस प्रकार पूरे राजस्थान में गणगौर उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

नाचना और गाना तो इस त्यौहार का मुख्य अंग है ही। घरों के आंगन में, सालेड़ा आदि नाच की धूम मची रहती है। परदेश गए हुए इस त्यौहार पर घर लौट आते हैं। जो नहीं आते हैं उनकी बड़ी आतुरता से प्रतीक्षा की जाती है। आशा रहती है कि गणगौर की रात को जरूर आयेंगे। झुंझलाहट, आह्लाद और आशा भरी प्रतीक्षा की मीठी पीड़ा को व्यक्त करने का साधन नारी के पास केवल उनके गीत हैं। ये गीत उनकी मानसिक दशा के बोलते चित्र हैं।

गणगौर का पर्व दायित्वबोध की चेतना का संदेश हैं। इसमें नारी की अनगिनत जिम्मेदारियों के सूत्र गुम्फित होते हैं।

यह पर्व उन चौराहों पर पहरा देता है जहां से जीवन आदर्शों के भटकाव की संभावनाएं हैं, यह उन आकांक्षाओं को थामता है जिनकी गति तो बहुत तेज होती है पर जो बिना उद्देश्य बेतहाशा दौड़ती है। यह पर्व नारी को शक्तिशाली और संस्कारी बनाने का अनूठा माध्यम है।

वैयक्तिक स्वार्थों को एक ओर रखकर औरों को सुख बांटने और दु:ख बटोरने की मनोवृत्ति का संदेश है।

गणगौर कोरा कुंआरी कन्याओं या नवविवाहिताओं का ही त्यौहार ही नहीं है अपितु संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं को प्रेम और एकता में बांधने का निष्ठासूत्र है। इसलिए गणगौर का मूल्य केवल नारी तक सीमित न होकर मानव मानव के मनों तक पहुंचे।

## रखे अलग विचार !



है सबको अधिकार ।
रखे अलग विचार ।।
लोकतंत्र का है यही ।
अब तक का आधार ।।
अपनी-अपनी राह सब ।
चलने को स्वतंत्र ।।
सबकी खातिर होगा ।
यही सच्चा मंत्र ।।
किसी के भी मत से ।
रख सकते संबंध ।।
सोच हो रचनात्मक ।
मिट्टी की सुगंध ।।
रहे इसका ध्यान ।
और हो इस पर काम ।।
हटतीं हैं बाधाएं ।
आतीं जो तमाम ।।

कृष्णेन्द्र राय

## शार्ट न्यूज

### तीन अप्रैल को गृह जिले मऊ आएंगे अरविंद शर्मा

मऊ। उत्तर प्रदेश में ऊर्जा मंत्री एवं नगर विकास मंत्री का पद संभालने के बाद अरविंद शर्मा रविवार को पहली बार अपने गृहनगर मऊ का दौरा करेंगे। मऊ के ग्राम काझा के मूल निवासी श्री शर्मा नौकरशाह के पद से किनारा कर राजनीति में आये थे। उन्हे उत्तर प्रदेश भाजपा का उपाध्यक्ष बनाया गया जबकि हाल ही उन्हे मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया है। मंत्री बनने के बाद वह पहली बार अपने गृह जिले आ रहे है। रविवार को दिन में 11 बजे कोपागंज स्थित बीएसएस महाविद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकांत राय ने बताया कि शर्मा के स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

### रेलवे ट्रैक पर आया मवेशियों का झुंड,बाल बाल बची ट्रेन

फर्रूखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रेन से टकराने से सात गौवंश की मृत्यु हो गयी हालांकि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुये ट्रेन के बेपटरी होने के खतरे को टाल दिया। रेलवे के सूत्रों ने बताया कि फर्रुखाबाद जंक्शन स्टेशन से सुबह 5:25 बजे 05344 पैसेंजर ट्रेन कानपुर अनवरगंज के लिए रवाना हुयी थी। ट्रेन याकूतगंज स्टेशन पहुंचने वाली थी कि तभी आवारा गायों के झुंड रेलवे ट्रैक पर आ गया। ट्रेन चालक जब तक ब्रेक लगाता कि सात गोवंश कट चुके थे जबकि एक गोवंश घायल हो गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रेन के याकूतगंज पहुंचने से पहले ही एक सांड द्वारा खदेड़े जाने से गोवंश रेललाइन के बीच में आ गए। ट्रेन चालक ने ट्रेन रोक दी जिससे ट्रेन करीब 30 मिनट लेट हो गई, लेकिन रेलवे को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### बुलडोजर ने दिखाया असर, दुष्कर्म के दो सगे भाई आए पुलिस की पकड़ में

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में भी अपराधियों के मन में बसा 'बुल्डोजर' का खौफ पुलिस के लिये उस समय मददगार सबित हुआ जब दुष्कर्म के आरोपी दो सगे भाईयों ने बुल्डोजर से उनका घर ढहा देने की पुलिस की धमकी से डरकर कानून की गिरफ्त में आ गये। जिले के चिलकाना थाने की पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी दो सगे भाइयों आमिर और आशिफ पुत्र शराफत की शनिवार को ग्राम चालाकपुर में गिरफ्तारी हो गयी। थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने शुक्रवार को इन दोनों वांछितों की गिरफ्तारी के लिए बुलडोजर लेकर उनके घर गये थे। जब दोनों घर पर नहीं मिले तो पुलिस ने जेसीबी से उनके मकान की सीढ़ियों को ध्वस्त कर चेतावनी दी कि दोनों भाईयों ने यदि 24 घंटे में आत्मसमर्पण नहीं किया तो जेसीबी से उनके मकान को भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। जेसीबी के डर ने अपना असर दिखाया और 24 घंटे बीतने से पहले ही दुष्कर्म के दोनों आरोपी भाई पुलिस के चंगुल आ गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके खिलाफ पीड़ित युवती के पिता की ओर से आईपीसी की धारा 452, 376डी, 342, 232 और 506 में मुकदमा दर्ज है।

### नवरात्र के पहले दिन गंगोह पुलिस ने गौमांस के साथ चार गौकस गिरफ्तार किये

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पुलिस ने शनिवार को नवरात्र के पहले दिन चार गौकसो को साढ़े तीन क्विंटल गौमांस और पशु काटने के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी प्रविंदर पाल सिंह और सीओ गंगोह चंद्रवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने लापरा गांव निवासी मुबारक पुत्र इरफान एवं हरियाणा के जिला यमुनानगर निवासी इश्तकार और उसके भाई मोमिन पुत्र गणजहूर एवं गंगोह के गांव बेगीमाजरा निवासी आलिम पुत्र यामिन को गिरफ्तार किया है। सिंह ने बताया कि इनके पास से 315 बोर का तमंचा और कारतूस भी बरामद हुये हैं। गंगोह पुलिस ने शनिवार को तड़के तीन बजे गिरफ्तार किये गये चारों व्यक्तियों को स्थानीय अदालत में पेश किया, जहां उन्हें पुलिस हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### बस्ती में अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री बरामद,चार गिरफ्तार

बस्ती। उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के परशुरामपुर क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब बनााने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुये चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने शनिवार को कहा कि जिले के परशुरामपुर थाने की पुलिस ने अवैध शराब का कारोबार करने वाले जगदेव सोनकर,परदेसी सोनकर,हरीश चंद्रवर्मा तथा रामजियावन को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 250 लीटर अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब, 500 लीटर अर्ध निर्मित शराब,15 हजार लीटर लहन सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया है। इन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन लोगों द्वारा अवैध ढंग से शराब बनाकर आसपास के क्षेत्रों में बेचा जाता है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के बाद इस गिरोह में शामिल अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध जांच पड़ताल करके कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपी को 15 साल की जेल

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर की एक अदालत ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 15 साल की कैद और 20 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि पांच वर्ष पूर्व पहासू थाने में मोहल्ला पठान टोला नई बस्ती निवासी मुश्ताक के खिलाफ नौ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने बच्ची का डॉक्टरी परीक्षण कराया और मुश्ताक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक के न्यायालय में हुई। एडीजे ने पत्रावली पर उपलब्ध प्रमाण गवाहों के बयान बालिका की डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर मुश्ताक को बच्ची के साथ दरिंदगी करने का दोषी करार दिया। एडीजे ने शुक्रवार को दोष सिद्ध मुश्ताक को 15 वर्ष की सश्रम कैद और 20000 रूपये जुर्माने की सजा सुना दी।


### मुख्यमंत्री योगी ने देवीपाटन में किया रामकथा का शुभारंभ

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत नेपाल सीमा से सटे बलरामपुर जिले के तुलसीपुर में स्थित 51 शक्तिपीठों में से एक ऐतिहासिक देवीपाटन मंदिर में शनिवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन रामकथा का शुभारंभ किया। इससे पहले योगी ने नवरात्र मेले का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। योगी शुक्रवार देर शाम बलरामपुर पहुंचे थे। उन्होंने देवीपाटन मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बाबापीर रतननाथ के दरीचे में बाबा रतननाथ की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान वह शनिवार को तुलसीपुर स्थित जनकपुर भी गये। जहां देवीपाटन मंदिर में उन्होंने पूजा अर्चना की। योगी देवीपाटन मंदिर के संरक्षक भी हैं। मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री हैलीकॉप्टर से जनकपुर पहुंचे। मंदिर में रात्रि विश्राम के पश्चात उन्होंने बाबा पीर रतननाथ के दरीचे में बाबा रतननाथ की प्रतिमा का अनावरण कर भगवान शिव और मां पाटेश्वरी की पूजा अर्चना की।

### सहारनपुर में सड़क हादसे में तीन मरे

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से एक बुजुर्ग और उसकी पोती समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अंबाला-देहरादून हाइवे पर गांव भाभरी मोड़ के पास बीती रात यह हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से शामली के थाना बाबरी के गांव हिरणबाड़ा निवासी बाइक सवार राजबल (55) और उसकी सात वर्षीय पौत्री सृष्टि की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही ट्रक से क्लीनर हरिओम नीचे उतरा तभी वहां भीड़ जमा हो गई। घबराए ट्रक चालक ने ट्रक को पीछे हटाकर भागने का प्रयास किया कि उसी दौरान उसका क्लीनर हरिआम भी उसकी चपेट में आ गया। हरिओम की भी मौके पर ही मौत हो गई।

# ऊर्जा मंत्री से मिला आश्वासन, बिजली कर्मी नहीं करेंगे छुट्टी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मन्त्री अरविन्द कुमार शर्मा से आश्वासन मिलने के बाद बिजली कर्मियों ने चार अप्रैल से सामूहिक अवकाश पर जाने का इरादा टाल दिया है।

उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ व जूनियर इंजीनियर संगठन के प्रतिनिधियों ने शनिवार को ऊर्जा मंत्री से मुलाकात की।

संघ के महासचिव प्रभात सिंह ने बताया कि संगठनों के प्रतिनिधियों ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के तानाशाही पूर्ण दमनात्मक रवैये, शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार और ऊर्जा निगमों में व्याप्त भय के वातावरण के बारे में विस्तार से ऊर्जा मन्त्री को बताया और सभी मुद्दों पर लिखित ज्ञापन दिया। उन्होने बताया कि श्री शर्मा ने संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि बिजली व्यवस्था में सुधार के लिये सभी संगठनों का सहयोग लिया जायेगा और न केवल कार्य का स्वस्थ वातावरण बनाया जायेगा बल्कि कार्य का बेहतर वातावरण बनाया जायेगा। ऊर्जा मन्त्री ने यह भी निर्देश दिये कि संगठनों द्वारा उठाये गये भ्रष्टाचार के मामलों विशेषतया ईआरपी घोटाला, स्मार्ट मीटर खरीद, सबसे सस्ती बिजली देने वाले उत्पादन निगम को कोयला खरीदने के लिए धनराशि न देना और बाजार से 21 रु प्रति यूनिट की बिजली खरीद, बड़ी संख्या में सलाहकारों की नियुक्ति पर ऊर्जा निगमों का प्रबन्धन लिखित टिप्पणी दे जिससे इस पर कार्यवाही की जा सके। श्री सिंह ने बताया कि उत्पीड़नात्मक अन्य कार्यवाहियों और सेवा शर्तों में प्रतिगामी संशोधनों के समाधान के लिये ऊर्जा मंत्री ने संगठनों को स्पष्ट आश्वासन दिया।

आन्दोलन के कारण किसी भी कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर व अभियंता पर कोई उत्पीड़नात्मक कार्यवाही नही की जायेगी।

# यूपी के 309 शिक्षकों की काटी जाएगी सैलरी

एजेंसी

लखीमपुर-खीरी। चुनाव ड्यूटी से गायब रहने वाले 309 शिक्षकों का 23 फरवरी का एक दिन का वेतन काटने का आदेश प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने दिया साथ ही सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया। इसमें से 133 शिक्षकों ने अपना स्पष्टीकरण तक विभाग को नहीं दिया है। फरवरी महीने का वेतन पहले ही जारी हो चुका था इसलिए अब मार्च महीने का जो वेतन आएगा उसमें एक दिन का वेतन काटकर आएगा।

चुनाव में लगी ड्यूटी के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के 309 शिक्षक व शिक्षामित्र ड्यूटी के दौरान गायब रहे। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय यह नही पहुंचे। चुनाव निपटने के बाद इन सभी के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ ने दिया। बीएसए डॉ.लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने सभी को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक इसमें से 176 शिक्षकों ने अपना स्पष्टीकरण दिया जिसमें चुनाव ड्यूटी न कर पाने का कारण बताया। इनके स्पष्टीकरण को देखने के बाद बीएसए ने इनका वेतन जारी करने का आदेश कर दिया।

वहीं 133 शिक्षक अभी भी ऐसे हैं जो चुनाव ड्यूटी में तो नहीं ही गए अपना स्पष्टीकरण तक कार्यालय में नहीं दिया है।

अब मार्च महीने का जो वेतन आएगा उसमें एक दिन के वेतन की कटौती तो होगी ही साथ ही विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं बताया जाता है कि चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए जिन शिक्षकों ने 22 व 23 फरवरी का मेडिकल दिया है उनकी भी जांच हो सकती है।

## देवरिया में ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य नकली नोटों के साथ गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र में पुलिस ने ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 32 हजार रुपये के नकली नोटों तथा एक पिस्तौल के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

देवरिया के पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि रामपुर कारखाना क्षेत्र के निवासी नवाज शरीफ ने पुलिस को सूचित किया कि उसे फोन पर एक अंजान व्यक्ति ने सौ रुपये के नोटों की अधिकता का हवाला देकर एक लाख रुपये के बदले में तीन लाख रुपये देने की बात कही। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारी सदर श्रेयस त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शरीफ को प्रलोभन देने वाले उक्त व्यक्ति को रुपये देने के लिये निर्दिष्ट स्थान पर बुला कर दो अन्य ठगों के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने इस सम्बन्ध में मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में क्षेत्र के पटनापुल के पास से तीन ठग लतीफ अंसारी, इमरान अंसारी और अंकित प्रजाति को गिरफ्तार किया गया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिये सरकार प्रयासरत : पाठक



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिये सरकार प्रयासरत है और अब लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिये निराश नहीं होना पड़ेगा।

पाठक ने शनिवार को यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू किए गए संचारी रोग अभियान और प्रदर्शनी का शुभारंभ किया । उन्होंने प्रदेश की जनता को भरोसा दिलाया कि स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह दुरुस्त रखा जाएगा किसी को भी स्वास्थ्य सेवाओं की तरफ से निराश नहीं होना पड़ेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विगत साल फिरोजाबाद में डेंगू और मलेरिया की बीमारी बड़ी संख्या में फैली थी इसीलिए सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर फिरोजाबाद से संचारी रोगों के नियंत्रक अभियान की शुरुआत का निर्णय लिया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निराश नहीं होना पड़ेगा।

सरकार के द्वारा स्वास्थ सेवाओं को दुरुस्त किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक में भी स्पष्ट रुप से निर्देश दिए गए कि अस्पतालों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश नहीं की जाएगी शिकायतें मिलने पर तुरंत कार्रवाई होगी । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया किसी भी दशा में गंदे जलभराव की समस्या नहीं होनी चाहिए सफाई और दवा छिड़काव नियमित किया जाए जिससे डेंगू या मलेरिया के कीटाणु नहीं पनप सकें।

इस मौके पर संचारी रोग विभाग के निदेशक डॉ ए के सिंह, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश प्रेमी और मुख्य विकास अधिकारी चर्चित गॉड आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## दशकों तक कहर बरपाने वाले इंसेफेलाइटिस पर पांच साल में पाया काबू : योगी



सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता के कारण पांच दशकों तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में हर साल हजारों बच्चों की जान लेने वाली बीमारी मस्तिष्क ज्वर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने पिछले पांच सालों में काबू पाया है।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने के बाद संबोधित करते हुए श्री योगी ने शनिवार को कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए इंसेफेलाइटिस अभिशाप बन गया था। पिछली सरकारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। 1977 से लेकर 2017 तक मस्तिक ज्वर की बीमारी से प्रत्येक वर्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश में डेढ़ हजार से दो हजार लोगों की मौत होती थी लेकिन भाजपा सरकार ने 4 से 5 सालों में इस पर काबू पाया है।

उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने इस पर काबू पाने के लिए विशेष प्रकार की अभियान की शुरुआत की और लोगों को बीमारी से संबंधित बचाव के जागरूक किया गया और हम लोगों को सफलता मिल रही है मृत्यु दर कम हो गई है। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए बेहद संवेदनशील है और उसके तहत कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश ने मेडिकल कॉलेज निर्माण में इतिहास रचा है। मेडिकल एजुकेशन की समस्या से निजात पाने के लिए और भी मेडिकल कॉलेज में पठन-पाठन की व्यवस्था एक वर्ष के अंदर शुरू कराई जाएगी,इसके लिए योजना बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से पूरा देश लड़ रहा था। दुनिया के अंदर लाखों लोगों ने कोरोना से अपनी जान गवाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने बेहतरीन कोरोना प्रबंधन मॉडल खड़ा किया उसकी प्रशंसा पूरा देश कर रहा था,डबल इंजन की सरकार ने सभी जरूरत मन्दो के लिए कार्य किया है। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार उन्नत हो रही है और लोगों को इसका लाभ मिल रहा है।उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगो को स्वस्थ्य रखने की योजना चलाई जा रही है। कोई जरूरत मन्द उपचार एव शिक्षा से वंचित न रहने पाए, यह हमारा प्रयास होना चाहिए। गंदगी कही न होने दे। गंदगी न हो जल जमाव न हो जिससे किसी भी प्रकार के बीमारी का कारक न बने। स्वच्छता कार्यक्रम को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ना होगा। यदि हम स्वच्छता रखेंगे तो इंसेफ्लाइटिस के साथ साथ चिकुनगुनिया इत्यादि कोई रोग हमे नही छू पायेगा। हमारा प्रयास होना चाहिए शुद्ध पेयजल होना चाहिए। जागरूकता का यह विशेष अभियान एंटी लार्वा का छिड़काव, लगातार फॉगिंग का कार्य हो, स्वच्छता के साथ हो तो बीमारियां उत्पन्न नही होगी। जागरूकता के कार्यक्रम के साथ जापानीज इंसेफ्लाइटिस के वैक्सीन भी लगने प्रारम्भ होंगे।

श्री योगी ने कहा कि एक अप्रैल से गेहूं क्रय केंद्र प्रारम्भ हो गए हैं। 4 अप्रैल से पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम आगे बढ़ाएंगे। पूरे देश में स्कूली शिक्षा कोरोना काल के कारण प्रभावित हुई है। इस अभियान से जुड़कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे।

## दहेज हत्या के मामले में पति और सास ससुर को आजीवन कारावास

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर की स्थानीय अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में मृतक महिला के पति और उसके माता पिता को आजीवन कारावास की सजा और 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बुलंदशहर के अपर जिला सत्र न्यायाधीश 'फास्ट ट्रेक कोर्ट' ने अतिरिक्त दहेज न मिलने के कारण पत्नी की हत्या करने के 04 साल पुराने मामले में शुक्रवार को पति और सास ससुर को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए यह सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की जानकारी देते हुए जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि बड़ागांव थाना के अरनिया गांव में 4 साल पहले स्थानीय निवासी सुभाष ने अतिरिक्त दहेज न मिलने के कारण अपने पिता रोहतास और मां सरोज देवी की मदद से अपनी 27 वर्षीय पत्नी शीतल की हत्या कर दी थी। थाने में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने पति उसके पिता और माता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अपर जिला सत्र न्यायाधीश ने पुलिस की विवेचना रिपोर्ट को सही करार देते हुए इसे जघन्य अपराध की श्रेणी में चिन्हित कर आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया। पुलिस की पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त सुभाष उसके पिता रोहतास और माँ सरोज देवी को शादी के बाद अतिरिक्त दहेज न मिलने के कारण शीतल की हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

## कानपुर पीजीआई में 774 पदों पर होंगी भर्तियां, सरकार ने मंजूर किया प्रस्ताव

**कानपुर।** नई सरकार ने एक्शन शुरू कर दिया है। बीते साल से लटके प्रस्ताव को शासन ने मंजूर करते हुए गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) सुपर स्पेशियलिटी पीजीआई में 774 पदों पर भर्तियों की अनुमति दे दी है। नेशनल मेडिकल कमीशन की मंजूरी के बाद डीजीएमई कार्यालय ने पहले चरण में संघ लोक सेवा आयोग को 88 डीएम और एमसीएच डॉक्टरों को भर्ती करने का प्रस्ताव दिया है। माना जा रहा है कि एक महीने में भर्तियां शुरू हो जाएंगी।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में पीजीआई का निर्माण पूरा हो चुका है। आधुनिक मशीनों और उपकरणों का ट्रायल भी शुरू हो गया है। उद्घाटन से पहले डॉक्टरों की नियुक्तियों की कवायद को तेज कर दी गई है। शासन से प्रस्ताव पर मंजूरी के बाद एनएमसी ने भी डीजीएमई को भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने की भी सहमति दे दी है। पीजीआई का 200 करोड़ से निर्माण किया गया है और यहां पर ज्यादातर वह विभाग खोले जा रहे हैं, जो अभी तक मेडिकल कॉलेज में नहीं रहे हैं। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने भी उम्मीद जताई है कि आने वाले महीनों में डॉक्टरों के आने से पीजीआई अपने स्वरूप में आ जाएगा।

### यूपी में तीन महीने के अंदर की जाएगी 10863 पदों पर भर्ती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने तीन महीने के अंदर पुलिस की विभिन्न इकाइयों में कुल 10863 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर लेने का दावा किया है। बोर्ड के अनुसार इन पदों का अंतिम चयन परिणाम आगामी तीन महीने के अंदर घोषित कर दिया जाएगा। बोर्ड के अनुसार उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, प्लाटून कमांडर पीएसी तथा अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के 9534 पदों के सापेक्ष चयन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जल्द घोषित कर दिया जाएगा। इसके बाद अभिलेखों की जांच एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा समेत आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## गाजियाबाद : नवरात्र में मीट की दुकानें बंद कराने को लेकर महापौर ने वापस लिया अपना आदेश

गाजियाबाद। दिल्ली से सटे गाजियाबाद शहर में शनिवार 2 अप्रैल से अगले नौ दिनों तक बंद मीट की सभी दुकानें बंद कराने को लेकर गाजियाबाद नगर निगम की ओर से दिए गए आदेश को अब वापस ले लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, चैत्र नवरात्र को देखते हुए गाजियाबाद की महापौर आशा शर्मा की ओर से शहर में मीट-मांस की सभी दुकानों को अगले नौ दिन तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया था।

महापौर ने इस संबंध में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह को पत्र भेजकर आदेश पर अमल करने और सभी मंदिरों की साफ-सफाई के निर्देश दिए थे।

महापौर आशा शर्मा ने शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को शनिवार को भेजे गए दूसरे पत्र में कहा गया है कि गाजियाबाद शहर में मीट-मांस की दुकानों को बंद कराने के आदेश को संशोधित किया गया है। अब उत्तर प्रदेश शासन की ओर से जारी होने वाले दिशानिर्देशों का ही पालन सुनिश्चित किया जाए।

महापौर के कल के पत्र में कहा गया था कि नवरात्र के दौरान शहर में मीट-मांस की बिक्री पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। महापौर ने बताया कि दो अप्रैल से शुरू हुए नवरात्र को देखते हुए सभी मंदिरों की सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। मंदिरों के आसपास गदंगी मिलने पर कार्रवाई की बात भी कही गए है।

बिजली विभाग के अधिकारियों से मंदिरों में प्रकाश व्यवस्था का उचित इंतजाम करने के लिए कहा है।

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार को आदेश दिए गए हैं कि अगले नौ दिन तक सभी मांस की दुकानें बंद कराई जाएं। दुकान खोलने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# उप्र में 05 साल में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सरकारी खरीद का रिकार्ड

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के तमाम विभागों ने जेम पोर्टल के माध्यम से पिछले पांच सालों में 20,642 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद कर देश में रिकार्ड कायम किया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष में रिकार्ड 11,228 करोड़ की खरीद की गई है, जो इससे पिछले साल की तुलना में 143 फीसदी ज्यादा है। इसमें 60 फीसदी खरीदारी प्रदेश लघु एवं मध्यम क्षेत्र (एमएसएमई) की इकाईयों से हुई है।

राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले कार्यकाल में सरकारी विभागों में होने वाली खरीद में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए जेम पोर्टल से खरीद को अनिवार्य कर दिया था। उन्होंने विभागीय खरीदारी में गुणवत्ता, पारदर्शिता, मितव्ययिता को तरजीह देने के कारण पिछले पांच सालों में 20,642 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद कर उप्र देश में पहले नंबर पर है, जबकि गुजरात 7400 करोड़ रुपये की खरीद के साथ दूसरे और मध्य प्रदेश 5000 करोड़ रुपये की सरकारी खरीद के साथ तीसरे स्थान पर है।

जेम पोर्टल पर 14 हजार से अधिक सरकारी विभाग रजिस्टर्ड हैं और तीन लाख 31 हजार से अधिक विक्रेता हैं। इसमें बड़ी संख्या में सूक्ष्म और लघु उद्यमी भी शामिल हैं। इन उद्योगों से करीब तीन लाख से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। अपर मुख्य सचिव डा नवनीत सहगल ने बताया कि जेम पोर्टल से सबसे ज्यादा सरकारी खरीद में तीसरी बार प्रदेश पहले स्थान पर आया है। इससे पहले केंद्र सरकार ने प्रदेश को 2018 में 'बेस्ट बायर अवार्ड' और 2019 में 'सुपर बायर अवार्ड' से सम्मानित किया था।

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों ने जेम पोर्टल से सरकारी खरीद में साल दर साल रिकार्ड कायम किया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में 602 करोड़ रुपये की खरीद से यह सिलसिला शुरु हुआ। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2018-19 में 1692 करोड़ रुपये और वित्तीय वर्ष 2019-20 में 2443 करोड़ रुपये की सरकारी खरीद हुयी। यह वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल 4611 करोड़ रुपये की खरीदारी की गई, जो चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में बढ़कर 11,228 करोड़ रुपये के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गयी।

## ऐसे ही चलता रहा तो साल के अंत तक पेट्रोल होगा 275 रूपये लीटर : अखिलेश



**लखनऊ।** पेट्रोल डीजल के दामों में हो रही बढ़ोत्तरी को लेकर केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकारों पर तंज कसते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लगभग 80 पैसे प्रति लीटर की दर से पेट्रोल के दामों में हो रही बढ़ोत्तरी से लगता है कि साल के अंत तक पेट्रोल के दाम 275 रूपये प्रति लीटर पहुंच जायेंगे।

श्री यादव ने ट्वीट किया जनता कह रही है कि 80 पैसे प्रतिदिन या लगभग 24 रु. महीने के हिसाब से पेट्रोल के दाम यूँ ही बढ़ते रहे तो अगले जो चुनाव नवंबर-दिसंबर में होंगे, इस बीच 7 महीने में दाम लगभग 175 रु. बढ़ जाएंगे मतलब आज के 100 रु लीटर से बढ़कर पेट्रोल 275 रु. लीटर हो जाएगा। ये है भाजपाई महंगाई का गणित। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनो से पेट्रोल डीजल की कीमतों में उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी का दौर जारी है और प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में पेट्रोल की कीमते सौ रूपये प्रति लीटर को पार कर चुकी हैं। पेट्रोल,रसोई गैस और अन्य जरूरी खाद्य पदार्थो की कीमतों में उछाल को लेकर कांग्रेस,सपा और बसपा लगातार सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं।

# शार्ट न्यूज

## यहां की मेट्रो ने ग्राहकों के लिए निकाला खास हॉलिडे कार्ड, सिर्फ 59 रुपये में हर छुट्टी वाले दिन करें अनलिमिटेड ट्रैवल




**हैदराबाद।** गुड़ी पड़वा के मौके पर हैदराबाद की जनता को वहां की एल एंड टी मेट्रो रेल (हैदराबाद) लिमिटेड ने एक बड़ा तोहफा दिया है। मेट्रो रेल लिमिटेड की तरफ से अपनी तरह का पहला खास सुपर सेवर मेट्रो हॉलिडे कार्ड लॉन्च किया गया है। इस कार्ड पर हैदराबाद के 57 मेट्रो स्टेशन और तीन कोरिडोर में साल भर के छुट्टी वाले 100 दिन मुफ्त में यात्रा की जा सकती है। इस कार्ड पर अनलिमिटेड मेट्रो यात्रा का फायदा दिया जा रहा है। यह कार्ड आज यानी 2 अप्रैल से उपलब्ध करा दिया गया है। इस कार्ड के लिए यात्रियों को नॉन-रिफंडेबल 50 रुपये की फीस चुकानी होगी और साथ ही 59 रुपये से टॉप अप कराना होगा। यह टॉप-अप सिर्फ रिचार्ज वाले दिन ही वैलिड होगा, जिस दिन की छुट्टी के लिए इसे रिचार्ज कराया जाएगा। उस छुट्टी वाले पूरे दिन यात्री उस कार्ड पर अनलिमिटेड यात्रा कर सकते हैं। यह सुपर सेवर मेट्रो हॉलिडे कार्ड हैदराबाद मेट्रो रेल के तमाम टिकट काउंटर्स पर सेल के लिए उपलब्ध है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि इसके लिए दिए जाने वाले 50 रुपये नॉन-रिफंडेबल हैं। यानी ऐसा नहीं होगा कि आप बाद में कार्ड वापस करते हैं तो आपको वह 50 रुपये वापस मिलेंगे। साथ ही एक व्यक्ति को सिर्फ एक ही कार्ड मिलेगा। छुट्टी के अलावा किसी दिन पर अगर आप इस कार्ड का इस्तेमाल करते हैं तो उस दिन यह कार्ड काम नहीं करेगा। यह कार्ड हर रविवार, दूसरे और चौथे शनिवार और सभी सरकारी छुट्टियों के दिन काम करेगा यानी कुल मिलाकर 100 दिन काम करेगा।

## ईडी ने धनशोधन मामले में एमआरपीएल के डीजीएम और पत्नी की संपत्ति जब्त की

**नयी दिल्ली।** आय से अधिक संपत्ति रखने के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन-रोधी कानून के तहत सार्वजनिक उपक्रम एमआरपीएल के उप महाप्रबंधक (डीजीएम) और उनकी पत्नी की 2.14 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने शनिवार को बताया कि मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स (एमआरपीएल) के इस अधिकारी की पहचान निरंजन गुप्ता के रूप में हुई है जबकि उनकी पत्नी का नाम प्रीति गुप्ता है। एमआरपीएल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत एक श्रेणी वन मिनीरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है और इसका मुख्यालय कर्नाटक के मंगलुरु में है। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन निवारक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी आदेश जारी कर मंगलुरु के कुलई में स्थित दो फ्लैट और इस पति-पत्नी के डीमैट खातों में जमा शेयरों को जब्त किया है। ईडी ने एक बयान में कहा, ''निरंजन गुप्ता और उनकी पत्नी ने धनशोधन की मंशा से असलियत को छिपाने के लिए कई स्रोतों से अपने बैंक खातों में बड़ी मात्रा में नकदी जमा की और अचल संपत्तियों एवं शेयरों को पाने के लिए आपराधिक ढंग से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल किया।'' बयान के मुताबिक, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद ईडी ने गुप्ता दंपती पर मामला दर्ज किया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2012-2018 के दौरान निरंजन ने अपने और पत्नी के नाम पर बड़ी संपत्ति अर्जित की थी जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी।

## सेबी ने म्यूचुअल फंड खातों की पूलिंग रोकने की मियाद एक जुलाई तक बढ़ाई

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों के अनुरोध के बाद खातों की पूलिंग बंद करने की समयसीमा एक जुलाई तक बढ़ा दी है। म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एएमएफआई ने एक बयान में कहा कि म्यूचुअल फंड उद्योग ने इस अवधि के दौरान नए फंड की पेशकश (एनएफओ) को भी फिलहाल %होल्ड% पर रखने पर सहमति व्यक्त की है। इससे पहले म्यूचुअल फंड्स उद्योग को यह नियम एक अप्रैल से लागू करना था। एएमएफआई के अनुसार फंड खातों की पूलिंग व्यवस्था बंद करने की समयसीमा बढ़ाने का उद्देश्य निवेशकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए एक कुशल प्रौद्योगिकी और सुचारू परिवर्तन की सुविधा प्रदान करना है। म्यूचुअल फंड उद्योग के साथ चर्चा और सहमति बनने के बाद सेबी ने म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए खातों की पूलिंग को बंद करने की समयसीमा एक जुलाई, 2022 तक की बढ़ा दी है। एएमएफआई ने बताया कि उद्योग के निवेशकों के हित में उच्च स्तर की परिचालन दक्षता लाने और म्यूचुअल फंड अभिदान तथा मोचन के कुशल कामकाज के उद्देश्य से यह समयसीमा बढ़ाई गई है।

## नवरात्रि वाले सप्ताह में सोना हुआ सस्ता, चांदी के दाम में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में इस कारोबारी सप्ताह (28 मार्च से 1 अप्रैल के बीच) में सोने-चांदी के रेट में भारी उतार-चढ़ाव रहा। हालांकि, सप्ताहभर में सोना-चांदी सस्ता हुआ है। नवरात्र वाले इस सप्ताह में सोने के रेट में 53 रुपये प्रति 10 ग्राम की मामूली गिरावट देखी गई। वहीं, चांदी 703 रुपये तक सस्ती हुई है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार (1 अप्रैल) को सोने की कीमत सोमवार (28 मार्च) के 51, 691 रुपये मुकाबले 53 रुपये गिरकर 51, 638 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। वहीं, चांदी की कीमत सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी 28 मार्च को 67,592 रुपये प्रति किलो थी, जो घटकर अंतिम कारोबारी दिन 1 अप्रैल को 66, 889रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई।

## दिल्ली में निजी दुकानें फिर दे सकती हैं शराब की एमआरपी पर छूट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने शराब बिक्री करने वाली निजी दुकानों को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर 25 फीसदी कीमत तक की छूट देने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली सरकार ने गत फरवरी में शराब की बोतलों पर दी जाने वाली छूट एवं बिक्री योजनाओं पर रोक लगा थी। यह फैसला कोविड-19 की रोकथाम से जुड़ी पाबंदियों का ठीक से पालन नहीं हो पाने और अनुचित बाजार बर्ताव की वजह से किया गया था। दिल्ली के आबकारी आयुक्त ने शुक्रवार को जारी एक आदेश में फिर से शराब बिक्री पर छूट देने की मंजूरी दे दी। इस आदेश के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शराब बिक्री की निजी दुकानें एमआरपी पर 25 फीसदी तक की छूट दे सकती हैं। इस दौरान दिल्ली आबकारी नियम, 2010 की धारा 20 का सख्ती से अनुपालन करना होगा। दिल्ली में शराब बिक्री का लाइसेंस पाने वाली दुकानों को निर्धारित नियमों एवं शर्तों का कड़ाई से पालन करना होगा और किसी भी तरह के उल्लंघन की स्थिति में उनके खिलाफ दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि आबकारी आयुक्त के आदेश में कहा गया है कि ''सार्वजनिक हित को देखते हुए सरकार छूट को किसी भी समय वापस लेने का अधिकार अपने पास रखती है। सरकार पर छूट देने के फैसले को जारी रखने के लिए कोई भी बाध्यता नहीं होगी।''फरवरी के महीने में कोविड महामारी का प्रकोप जारी रहने के बीच दिल्ली में शराब बिक्री पर निजी दुकानों की तरफ से दी जा रही छूट और %एक खरीदो, एक मुफ्त पाओ जैसी प्रोत्साहन योजनाओं की वजह से कई इलाकों में दुकानों के बाहर भारी भीड़ लगने के मामले सामने आए थे। उसी के बाद सरकार ने शराब बिक्री पर छूट देने पर रोक लगा दी थी। दिल्ली सरकार ने नवंबर 2021 में ही नई आबकारी नीति को लागू किया था जिसमें 849 खुदरा बिक्री दुकानों को लाइसेंस जारी किए गए थे। इसके तहत लाइसेंसधारक दुकानें शराब की एमआरपी पर छूट एवं रियायतें दे सकती हैं।

# भारत, आस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक, व्यापारिक सहयोग का 'एकता' समझौता एतिहासिक : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और अस्ट्रेलिया ने आपस में वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार तथा आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए शनिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। दोनों पक्षों ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को विश्वसनीय बनाने में मदद मिलेगी, एशिया प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए किए जा रहे प्रयासों को बल मिलेगा तथा भारत-आस्ट्रेलिया व्यापार पांच साल में करीब दो गुना हो सकता है।

इस समझौते से कपड़ा, रत्न-आभूषण, चमड़ा ,तिलहन, प्लास्टिक, इंजीनियरिंग, आईटी सेवा जैसे उद्योगों के लिए आस्ट्रेलिया को निर्यात बढ़ाना आसान होगा।

क्षेत्र में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन एवं निवेश मंत्री डैन टेहान ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की मौजूदगी में भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (इंडऑस एकता) पर हस्ताक्षर किए। यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिग सुविधा के तहत आयोजित किया गया था।

गौरतलब है कि अभी कुछ दिन पूर्व ही श्री मोदी और श्री मॉरिसन भारत-आस्ट्रेलिया ऑनलाइन शिखर बैठक में मिले थे। उसके कुछ ही दिन बात इस अंतरिम करार पर हस्ताक्षरण किए गए हैं। इस समझौते में दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने और थोक वस्तुओं के लिए शुल्क-मुक्त





पहुंच सुनिश्चित करने के साथ साथ दोनों पक्षों ने एक दूसरे की अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलताओं का सम्मान किया है।

इस समझौते से द्विपक्षीय व्यापार पांच वर्ष में बढ़कर 45 से 50 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर पहुंचने की उम्मीद है, जो इस समय 27 अरब डॉलर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि दोनों देश बहुत कम समय में इस समझौते पर पहुंचे हैं, जो दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास का सबूत है। उन्होंने कहा कि यह समझौता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को भरोसेमंद बनाने और भारत-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता में सहायक होगा। उन्होंने दोनों मंत्रियों और वार्ता में शामिल दोनों देशों के अधिकारियों की टीम को बधाई दी और कहा कि वह (श्री मोदी) इससे बहुत खुश हैं।

श्री मोदी ने कहा, एक महीने से भी कम समय में आज मैं अपने मित्र स्कॉट के साथ तीसरी बार रू-ब-रू हूँ। पिछले हफ्ते हमारे बीच आभासी शिखर बैठक में बहुत लाभदायक चर्चा हुई थी।

उस समय हमने अपनी टीमों को इस समझौते की बातचीत शीघ्र सम्पन्न करने का निर्देश दिया था। और मुझे बहुत ख़ुशी है कि आज इस महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर हो रहे हैं। इस असाधारण उपलब्धि के लिए, मैं दोनों देशों के व्यापार मंत्रियों और उनके अधिकारियों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

श्री मोदी ने कहा, इतने कम समय में ऐसे महत्वपूर्ण समझौते पर सहमति बनना, यह दिखाता है कि दोनों देशों के बीच कितना आपसी विश्वास है। यह हमारे द्विपक्षीय रिश्तों के लिए सचमुच एक ऐतिहासिक अवसर है। हमारी अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक दूसरे की आवश्यकताओं को पूरा करने की बहुत संभावना है।

मुझे पूरा विश्वास है कि इस समझौते से हम इन अवसरों का पूरा लाभ उठा पाएंगे।

इस समझौते के आधार पर हम साथ मिल कर आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती बढ़ाने, और एशिया प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता में भी योगदान कर पायेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच विद्यार्थियों, पेशेवरों, और पर्यटकों का आदान-प्रदान आसान बनाएगा, जिससे संबंध और मजबूत होंगे।

# एका ने लॉन्च की पहली इलेक्ट्रिक बस एका ई9

मुंबई। इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता एवं पिनेकल इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी एका ने आज अपनी पहली इलेक्ट्रिक और शून्य उत्सर्जन बस एका ई9 लॉन्च की।

कंपनी ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ई9, एका की बैटरी से चलने वाली पहली इलेक्ट्रिक बस है। इस वाहन का डिजाइन बेहद सुगठित है, साथ ही मोनोकॉक स्टेनलेस-स्टील चेसिस और पूरी तरह से मिश्रित संरचना की वजह से इसकी पावर और रेंज अधिकतम है। कम्बस्चन इंजन से चलने वाले मौजूदा बसों की तुलना में एका ई9 कीमत काफी कम है, जिसके चलते यह वाहन अपने सभी हितधारकों को स्थायित्व और लाभ कमाने के बेहतर अवसर प्रदान करने का वादा करता है।

इस बस का अनावरण महाराष्ट्र के पर्यटन, पर्यावरण और प्रोटोकॉल मंत्री आदित्य ठाकरे और एका एवं पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. सुधीर मेहता द्वारा पुणे अल्टरनेट फ्यूल कॉन्क्लेव में किया गया, जो महाराष्ट्र




सरकार की एक पहल है।

एका ई9 में ईसीएएस के साथ-साथ आगे और पीछे की तरफ एयर सस्पेंशन लगाए गए हैं। 2500 मिलीमीटर की चौड़ाई, 31+डी+व्हीलचेयर के साथ यह बस यात्रियों के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करती है।

बस में प्रवेश एवं निकास द्वार के पायदान को एर्गोनॉमिक तरीके से नीलिंग फीचर्स के साथ डिज़ाइन किया गया है जो सतह से सिर्फ 650 मिलीमीटर की ऊंचाई पर लगाए गए हैं। एका ई9 में एक इलेक्ट्रिक मोटर लगाया गया है, जो 200 किलोवाट की अधिकतम पावर तथा 2500 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करता है तथा वाहन को तुरंत तेज गति प्रदान करने की क्षमता, अधिक हॉर्सपावर, अधिक कर्षण शक्ति, इस उद्योग जगत में सबसे अधिक विश्वसनीयता प्रदान करता है। इसके अलावा, 17 प्रतिशत ग्रेडेबिलिटी और रीजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम की मदद से यह वाहन किसी भी तरह के इलाके की सड़कों पर आराम से दौड़ने में सक्षम है।

इसमें बेहद दमदार ली-आयन बैटरी लगाई गई है जो शहरों में वाहन चलाने के लिए सबसे उपयुक्त है, साथ ही इसका बैटरी सिस्टम बेहद सुरक्षित, टिकाऊ और कुशल है। हल्के स्टेनलेस स्टील मोनोकॉक चेसिस की वजह से इस बस की संरचना बेहद मजबूत और अत्यंत टिकाऊ है, साथ ही पारंपरिक बसों के विपरीत इसका मिश्रित बॉडी पैनल जंग-रहित है। एका श्व9 की इस श्रेणी में सर्वोत्तम सुरक्षा सुविधाओं में श्व्क्क्र के साथ फ्रंट एवं रियर डिस्क ब्रेक, सीसीएस2 प्रोटोकॉल फास्ट चार्जर, चार कैमरा, इमरजेंसी स्टॉप बटन, अग्निशामक यंत्र, ऑटोमैटिक ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) शामिल हैं।

इस मौके पर डॉ. मेहता ने कहा, वाणिज्यिक उपयोग एवं सार्वजनिक परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों खास तौर पर इलेक्ट्रिक बसों का निर्माण, भारत में कार्बन के उत्सर्जन को कम करने की रणनीति के लिए बेहद अहम है। आज हम अपनी पहली इलेक्ट्रिक बस, एका ई9 को लॉन्च करते हुए बेहद उत्साहित महसूस कर रहे हैं ताकि शहरों को अपने शून्य-उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

## विदेश में तेजी से सोयाबीन, पामोलिन, बिनौला तेल की कीमतों में सुधार

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सोयाबीन, पामोलिन और बिनौला तेल की कीमतों में सुधार देखा गया। बाजार सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार रात को शिकागो एक्सचेंज में दर्ज की गई 1.5 प्रतिशत की तेजी के चलते पामोलिन और सोयाबीन तेल की कीमतों में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि मंडी में सरसों की आवक बढ़ी है जिसकी वजह से सरसों दाने के भाव में नरमी दर्ज की गई है। मंडियों में सरसों की बोरियों की आवक शुक्रवार को पांच लाख बोरी से बढ़कर शनिवार को सात लाख बोरी हो गई। इसकी वजह से सरसों तेल की कीमतों में 25 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट हुई है। कारोबारियों के अनुसार मांग के कमजोर रहने से मूंगफली तेल की कीमतें में गिरावट देखी गई।

सरसों तिलहन - 7,475-7,525 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये।
मूंगफली - 6,625 - 6,720 रुपये।
मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,500 रुपये।
मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2,570 - 2,760 रुपये प्रति टिन।
सरसों तेल दादरी- 15,000 रुपये प्रति क्विंटल।
सरसों पक्की घानी- 2,375-2,450 रुपये प्रति टिन।
सरसों कच्ची घानी- 2,425-2,525 रुपये प्रति टिन।
तिल तेल मिल डिलिवरी - 17,000-18,500 रुपये।
सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,800 रुपये।
सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,600 रुपये।
सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 14,400।
सीपीओ एक्स-कांडला- 13,800 रुपये।
बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,950 रुपये।
पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,400 रुपये।
पामोलिन एक्स- कांडला- 14,250 रुपये (बिना जीएसटी के)।

## जीएचसीएल ने होम टेक्सटाइल कारोबार इंडो काउंट को 608 करोड़ रुपये में बेचा

**नयी दिल्ली।** रसायन कंपनी जीएचसीएल ने शनिवार को कहा कि उसने अपने होम टेक्सटाइल कारोबार की बिक्री प्रक्रिया पूरी कर ली है और इंडो काउंट इंडस्ट्रीज को इसका नियंत्रण औपचारिक रूप से सौंप दिया है। जीएचसीएल ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी ग्रेस होम फैशंस एलएलसी (जीएचएफ) ने परिसंपत्ति हस्तांतरण समझौते की शर्तों के अनुरूप इंडो काउंट ग्लोबल इंक को अपनी निर्धारित परिसंपत्तियों की बिक्री प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके साथ ही गुजरात के वापी स्थित कंपनी का होम टेक्सटाइल कारोबार दो अप्रैल, 2022 की तारीख से इंडो काउंट इंडस्ट्रीज को विधिवत हस्तांतरित हो गया है और अब जीएचएफ पर जीएचसीएल का मालिकाना हक खत्म हो गया है।जीएचसीएल के मुताबिक, जीएचएफ का होम टेक्सटाइल कारोबार बिक्री के लिए इसका आकार 608.30 करोड़ रुपये आंका गया है। उसने बिक्री में आ रही गिरावट को देखते हुए यह कारोबार बेचने का फैसला किया था। इस बिक्री के लिए जीएचसीएल को पहले ही अपने शेयरधारकों, की मंजूरी मिल चुकी है।

# टीवीएस ने मार्च 2022 में 3,07,954 वाहन बेचे

**नयी दिल्ली।** मोटर कंपनी टीवीएस ने मार्च 2022 में 3,07,954 वाहनों की बिक्री की है, जबकि मार्च 2021 में यह संख्या 3,22,643 थी जोकि दर्शाता है कि कंपनी की बिक्री में गिरावट आयी है।

कंपनी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दोपहिया बाजार में उसने मार्च 2022 में कुल 2,92,918 वाहन बेचे है, जिसमें से 1,96,956 वाहन घरेलू बाजार में बिके हैं। पिछले वर्ष के मार्च में कंपनी ने कुल 3,07,397 दोपहिया वाहन बेचे थे, इसमें 2,02,155 वाहन घरेलू बाजार में बिके थे।




दोपहिया बाजार में कंपनी ने मोटरसाइकिल वर्ग में वृद्धि हासिल करते हुए मार्च 2022 में 1,60,522 वाहन बेचे हैं, जिसकी संख्या मार्च 2021 में 1,57,254 थी। कंपनी ने मार्च 2021 में 1,04,513 स्कूटर बेचे थे, जिसकी संख्या घटकर मार्च 2022 में 94,747 रही। कंपनी ने बताया की सेमीकंडक्टर की कमी के कारण प्रीमियम दोपहिया वाहनों के उत्पादन और बिक्री पर असर पड़ा है और हमें आशा है कि आने वाले महीनों में सेमीकंडक्टर की आपूर्ति में सुधार होगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में टीवीएस ने मार्च 2022 में 1,09,724 वाहनों का निर्यात किया है जिसमें 95,962 दोपहिया वाहन शामिल है। कंपनी ने मार्च 2021 में 1,19,382 वाहनों का निर्यात किया था, इसमें से 1,05,242 दोपहिया वाहन थे।

तिपहिया वाहनों की बिक्री में भी कंपनी को गिरावट देखने को मिली है मार्च 2022 में कंपनी ने 15,036 वाहन बेचे हैं, जिनकी संख्या पिछले वर्ष इसी अवधि में 15,246 थी।

वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में टीवीएस ने 8.15 लाख दोपहिया वाहन बेचे हैं, जिसकी संख्या वित्त वर्ष 2020-21 की समान अवधि में 8.87 लाख थी। कंपनी की तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि दर्ज हुयी है। उसने वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 41,774 वाहन बेचे हैं, जबकि वित्त वर्ष 2020-21 की उक्त अवधि में यह संख्या 40,965 थी।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में एक दिन की राहत के बाद बढ़ोत्तरी

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2022-23 के पहले दिन राहत के बाद देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि कर दी। बीते 12 दिनों में तेल कंपनियां 10 बार ईंधन के दाम बढ़ा चुकी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल-डीजल के दामों में 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गयी। इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल 102.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल के 93.87 रुपये प्रति लीटर के दाम से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल-डीजल की कीमत 85-85 पैसे बढ़कर क्रमश: 117.57 रुपये प्रति लीटर और 101.79 रुपये प्रति लीटर पर है।

रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद बढ़नी शुरू हुई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 104.39 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.42 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

**देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम**

**महानगर............पेट्रोल......डीजल (रुपये प्रति लीटर)**

दिल्ली............102.61........93.87
कोलकाता ......112.19........97.02
मुंबई .............117.57.........101.79
चेन्नई.............108.21..........98.28

## पावर शेयरों को खरीदने के लिए निवेशकों में होड़, 14 साल का टूटा रिकॉर्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पावर जनरेटर और उससे संबंधित कंपनियों के शेयरों को लेकर निवेशकों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। पावर जनरेटर और उससे संबंधित कंपनियों के शेयर शुक्रवार को फोकस में थे। शुक्रवार को अडानी पावर, टाटा पावर , भेल एनटीपीसी समेत शेयरों में जमकर खरीदारी हुई। एसएंडपी बीएसई पावर इंडेक्स इंट्रा-डे ट्रेड में 14 साल के हाई लेवल पर पहुंच गया था, इस उम्मीद में कि बेहतर मांग से सेक्टर की कमाई में वृद्धि होगी। अडानी पावर, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स और NTPC के शेयरों में जबरदस्त तेजी रही। शुक्रवार को इन कंपनियों के शेयरों में 5 फीसदी से 10 फीसदी की तेजी देखी गई। जबकि बीएसई पर पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, टाटा पावर, टोरेंट पावर और जेएसडब्ल्यू एनर्जी 2 फीसदी से 4 फीसदी के दायरे में भागे।

### पावर शेयरों में रिकॉर्ड तेजी

एसएंडपी बीएसई पावर इंडेक्स, TOP सेक्टोरल गेनर्स में से एक रहा। शुक्रवार को बीएसई पर पावर इंडेक्स 3.2 प्रतिशत बढ़कर 4,171 पर बंद हुआ। जबकि एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। पावर इंडेक्स 4,187.47 के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया और जनवरी 2008 के बाद से अपने अधितकम स्तर पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले यह 1 जनवरी 2008 को 4,929.34 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा था।

### अडानी पावर पर सबसे ज्यादा फोकस



इन दिनों अडानी पावर के शेयर उड़ान भर रहे हैं। अडानी पावर के शेयर शुक्रवार को कारोबारी दिन में 10 पर्सेंट की जोरदार तेजी के साथ 203.60 रुपये पर बंद हुए। शुक्रवार को कंपनी के शेयर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर अपर सर्किट में बंद हुआ। पिछले 8 कारोबारी दिन में अडानी पावर के शेयर 64 पर्सेंट भागा है। पिछले तीन महीनों में एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में 1.6 फीसदी की बढ़त की तुलना में इसमें 104 फीसदी की तेजी आई है। वहीं, इस साल 2022 में YTD के हिसाब से यह 100 पर्सेंट का रिटर्न दिया है।3 जनवरी को साल का पहला कारोबारी दिन था जब कंपनी के शेयर 101.30 रुपये पर बंद हुए थे अब यह 200 के पार पहुंच गया है।

### इन पावर कंपनियों के शेयरों में तेजी

शुक्रवार को अडानी पावर के शेयरों में सबसे अधिक 10 पर्सेंट की तेजी रही। भेल के शेयर 9.3 पर्सेंट की तेजी पर बंद हुए थे। वहीं, NTPC के शेयर 5.9 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए, पावर ग्रिड के शेयर 3.5 पर्सेंट, टाटा पावर के शेयर 2.5 प्रतिशत, Torrent पावर के शेयर 1.9 प्रतिशत और JSW एनर्जी के शेयर 1.8 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए थे।

# कोयला प्रखंडों की नीलामी में जिंदल स्टील एंड पावर को मिले तीन ब्लाक

नयी दिल्ली। सरकार द्वारा वाणिज्यक कोयले के लिए खनन प्रखंडों की नीलामी के ताजा दौर में प्रस्तुत पांच में तीन कोयला प्रखंडों की बोली जिंदल स्टील एंड पावर ने जीती है। शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी ने राजस्व में 15.25 प्रतिशत की पेशकश कर के ओडिशा में वाणिज्यिक कोयला खनन उद्देश्यों के लिए आरक्षित दो कोयला प्रखंड और छत्तीसगढ़ में एक कोयला प्रखंड हासिल किए हैं।

बयान के अनुसार इस कंपनी को ओडिशा में मिले इन दो प्रखंडों-उत्कल बी1 और बी2 में अनुमानित 34.7 करोड़ टन कोयले का भूगर्भीय भंडार है। इनमें से अधिकतम क्षमता पर सालाना 80 लाख टन कोयला निकासी की संभावना है।

कंपनी ने छत्तीसगढ़ में गारे पाल्पमा 4/6 कोयला प्रखंड का भी अधिकार जीता है। इसके लिए उसने 85.25 प्रतिशत राजस्व की हिस्सेदारी की पेशकश की है। इस प्रखंड में 16.7 करोड़ टन का भंडार है और उच्चतम क्षमता पर सालाना 40 लाख टन कोयले की निकासी संभव है।

नीलामी के इसी दौर में ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने झारखंड में रबोडीह कोयला प्रखंड हासिल किया है जिसमें 13.3 करोड़ टन भंडार है।उसने इसके लिए छह प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी की पेशकश की है।इस खान से अधिकतम क्षमता पर सालाना 25 लाख टन कोयले की निकासी हो सकती है।

एक अन्य कंपनी बीएस इस्पात ने राजस्व में 53 प्रतिशत हिस्सेदारी देने की बोली लगा कर महाराष्ट्र में चिनोरा कोयला खदान का अधिकार प्राप्त किया है। वहां 1.8 करोड़ टन का भंडार है और अधिकतम क्षमता पर इस प्रखंड से सालाना 2.6 लाख टन कोयला निकाला जा सकता है।

बयान के अनुसार ई-नीलामी के पहले दिन, पांच कोयला खदानों (सीएमएसपी अधिनियम के तहत) को नीलामी के लिए रखा गया था। इन सभी में भंडार की खोज की जा चुकी है। इन में कुल मिला कर कोयला भूगर्भीय भंडार 66.5 करोड़ टन है और इनसे उच्चतम क्षमता पर प्रति वर्ष 1.4 करोड़ टन से अधिक कोयला निकाला जा सकता है।

इन परियोजनाओं में कुल 2,200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होने और 20000 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है।

## एनआरएल ने असम सरकार को 95.63 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश दिया

**गुवाहाटी।** तेलशोधन इकाई नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड ने असम सरकार को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 95.63 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश दिया है। कंपनी ने शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि एनआरएल के तकनीकी निदेशक एवं प्रभारी प्रबंध निदेशक भास्कर ज्योति फुकन ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को यहां राज्य सचिवालय में लाभांश राशि का चेक सौंपा। इस दौरान असम के उद्योग मंत्री चंद्र मोहन पटवारी, एनआरएल के निदेशक इंद्रनील मित्रा, और स्वतंत्र निदेशक एस लामारे, गगन जैन, सुदीप प्रधान एवं प्रियंबदा केशरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। एनआरएल के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 735.63 करोड़ रुपये की चुकता शेयर पूंजी पर 50 प्रतिशत की दर से दूसरे अंतरिम लाभांश के भुगतान को मंजूरी दी थी, जो 10 रुपये के पूर्ण भुगतान वाले इक्विटी शेयरों पर 5 रुपये प्रति शेयर बनता है।

## शार्ट न्यूज

### श्रेयस अय्यर की कप्तानी में कोलकाता का भविष्य उज्जवल : इरफान पठान

मुंबई। भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान का मानना है कि एक कप्तान के रूप में श्रेयस अय्यर की यात्रा उल्लेखनीय रही है और इस क्रिकेटर के नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स का भविष्य उज्ज्वल है। अय्यर को टाटा आईपीएल 2022 से पहले केकेआर का कप्तान नियुक्त किया गया था और उन्होंने अब तक जिस तरह से टीम का नेतृत्व किया है, उससे सभी को प्रभावित किया है। कोलकाता ने कल पंजाब किंग्स को हराया था और तीन मैचों में दूसरी जीत के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। टाटा आईपीएल के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स पर क्रिकेट लाइव शो के एक एपिसोड के दौरान इरफान पठान ने कहा, श्रेयस अय्यर एक शानदार कप्तान हैं। याद रखें, उन्होंने रोहित शर्मा की तरह सीजन के बीच में कप्तानी शुरू की थी। रोहित को आईपीएल 2013 में आधे रास्ते में मुम्बई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स के लिए, श्रेयस ने कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में अच्छी शुरुआत की और वह कप्तान के रूप में अपने पहले कार्यकाल में अपने निर्णय लेने के कौशल में सुधार करते रहे।

### महिला विश्व कप फाइनल के लिए नर्वस होना अच्छी बात : लैनिंग

क्राइस्टचर्च। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग खुश हैं कि रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 फाइनल से पहले उनकी टीम नर्वस है। वह अपने खिलाड़ियों से उम्मीद कर रही हैं कि वे नर्वस होने के साथ-साथ अपने उत्साह को भी बढ़ाएं, क्योंकि वे इंग्लैंड से खिताब छीन कर सातवां खिताब जीतने के करीब हैं। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया 2022 महिला विश्व कप में सबसे कंसिस्टेंट टीम रही है, जिसने अपने सभी आठ लीग मैच जीते हैं, इसलिए लैनिंग खिताबी भिड़ंत में एक और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही हैं। 2013 विश्व कप की विजेता टीम की कप्तान लैनिंग ने विश्व कप फाइनल की पूर्व संध्या पर शनिवार को कहा, निश्चित रूप से कुछ नर्वसनेस है। मुझे लगता है कि अगर आप विश्व कप फाइनल में जाने से पहले घबराते नहीं हैं तो यह अटपटा होगा, इसलिए यह अच्छी बात है। टीम में उत्साह भी बहुत है। हमारी टीम के लिए एक बड़े मंच पर जाने और अच्छा क्रिकेट खेलने का यह एक शानदार मौका है। हमें लगता है कि हमने पूरे टूर्नामेंट में खुद का निर्माण किया है। हमारे पास सच में एक अच्छा गेम प्लान है और अच्छे प्रदर्शन के लिए टीम में भरपूर कौशल भी है, लेकिन देखना यह है कि कल क्या होगा।

### भारत 14, 15 अप्रैल को करेगा टेबल टॉपर्स जर्मनी की मेजबानी

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार शाम को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की घोषणा के बाद शनिवार को ओडिशा के प्रतिष्ठित कलिंग हॉकी स्टेडियम में 14 और 15 अप्रैल को डबल-हेडर मुकाबलों के लिए जर्मनी की मेजबानी करने की पुष्टि की, जो मौजूदा 2021-22 पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग की अंक तालिका में शीर्ष पर है। भारत और जर्मनी की पुरुष हॉकी टीम आखिरी बार टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक मैच के दौरान एक-दूसरे के सामने आईं थीं, जहां भारत ने जर्मनी को रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराकर 41 साल में पहली बार ऐतिहासिक ओलंपिक पदक जीता था। भारतीय पुरुष टीम और जर्मनी मूल रूप से 12 और 13 मार्च को मैच खेलने वाले थे, लेकिन जर्मनी की टीम में कई सदस्यों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद मैचों को स्थगित करना पड़ा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोमबम ने 14 और 15 अप्रैल को होने वाले मैचों के लिए भारत की यात्रा करने के जर्मन पुरुष हॉकी टीम के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, मेजबान के रूप में हमें अप्रैल में ओडिशा के भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग मैचों में भाग लेने के लिए जर्मन राष्ट्रीय पुरुष टीम का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। इसमें कोई शक नहीं कि टोक्यो ओलंपिक खेलों 2020 में कांस्य पदक मैच खेलने वाली इन दोनों टीमों को देखने के लिए भारतीय हॉकी प्रशंसकों में काफी उत्साह है।

### पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला मुक्केबाजी इवेंट बढ़ाए गए

लुसाने (स्विट्जरलैंड)।अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने एथलीट भागीदारी में लैंगिक समानता के उद्देश्य से 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला मुक्केबाजी श्रेणियों को पांच से बढ़ाकर छह कर दिया है। पुरुषों के मुक्केबाजी इवेंट्स को हालांकि घटाकर सात कर दिया गया है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में इनकी संख्या आठ थी। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने शनिवार को 24 जुलाई से शुरू होने वाले 2024 ओलंपिक खेलों के लिए शेड्यूल जारी किया। 24 जुलाई से 11 अगस्त तक 329 पदक स्पर्धाओं और 762 सत्रों के साथ 19 दिनों की प्रतियोगिता में 32 खेलों में प्रतिस्पर्धा होगी। आईओसी ने एक बयान में कहा, पेरिस ओलंपिक खेल 2024 पूरी तरह से लिंग-संतुलित खेल होंगे, जिसमें ठीक 50 प्रतिशत पुरुष और महिला भागीदारी होगी, जो कि टोक्यो 2020 में पहले से ही सुनिश्चित की गई थी, जिसमें 47.8 प्रतिशत महिला भागीदारी थी। टोक्यो 2020 की तुलना में पेरिस 2024 खेलों में मिश्रित इवेंट्स की संख्या भी 18 से 20 होगी। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने निशानेबाजी प्रतियोगिता के प्रारूप और भारोत्तोलन के लिए भार वर्ग को भी स्वीकार किया।टोक्यो 2020 की तरह भारोत्तोलन के इवेंट्स लिंग संतुलित होंगी, जिसमें पांच पुरुष और पांच महिलाओं के भार वर्ग और समान संख्या में पुरुष और महिला एथलीट होंगे।

### भारत ने वेल्स पर 5-1 से बड़ी जीत के साथ शुरू किया महिला जूनियर हॉकी विश्व कप अभियान

पोचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका)। वेल्स पर 5-1 से बड़ी जीत के साथ अपने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2022 अभियान की शुरुआत की। फॉरवर्ड लालरिन्दिकी (32, 57) शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दाग कर शीर्ष गोल स्कोरर रहीं। उनके अलावा लालरेम्सियामी हमार (4), मुमताज खान (41) और दीपिका (58) ने गोल किया, जबकि वेल्स के लिए मिल्ली होल्मे (26) एकमात्र गोल स्कोरर रहीं। भारत ने मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाना शुरू किया। फॉरवर्ड लालरेम्सियामी हमार के चौथे मिनट में शानदार फील्ड गोल से भारत ने गोल का खाता खोला और पहले क्वार्टर की समाप्ति तक 1-0 की बढ़त को बनाए रखा। दूसरा क्वार्टर हालांकि काफी चुनौतीपूर्ण रहा। भारत और वेल्स की ओर से अटैक और डिफेंस दोनों में मुस्तैदी दिखाई गई, लेकिन आखिरकार 26वें मिनट में वेल्स होल्मे के शानदार फील्ड गोल से स्कोर को 1-1 से बराबर करने में सफल रहा और दूसरा क्वार्टर इसी स्कोर पर समाप्त हुआ। भारत ने हालांकि इसके बाद आक्रामक रणनीति के साथ खेलते हुए वेल्स को फंसाया और लगातार गोल दागते हुए उसे दबाव में ला दिया, जहां से वेल्स वापसी नहीं कर सका।

### 2022 फीफा विश्व कप का शेड्यूल जारी

दोहा। फीफा विश्व कप 2022 के ड्रॉ घोषित करने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल फेडरेशन (फीफा) ने शनिवार को विश्व कप का शेड्यूल जारी किया। टूर्नामेंट 21 नवंबर से 18 दिसंबर तक कतर के आठ स्टेडियमों में खेला जाएगा। मध्य पूर्व के किसी देश के लिए विश्व कप की मेजबानी करने का यह पहला मौका है। पहले दिन चार मैच होंगे। मेजबान कतर और इक्वाडोर के बीच अल बेयट स्टेडियम में पहले मैच के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। इसी दिन इंग्लैंड और ईरान, सेनेगल और नीदरलैंड तथा अमेरिका और यूरोपीय प्लेऑफ (वेल्स/स्कॉटलैंड/यूक्रेन) जीत कर आने वाली टीम के बीच मुकाबला होगा। लियोनेल मेस्सी की अगुवाई वाली अर्जेंटीनियाई टीम 22 नवंबर को साऊदी अरब के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

# बटलर का शतक, राजस्थान ने मुंबई को 23 रन से हराया




**मुंबई।** जोस बटलर (100) के शानदार शतक के बाद बेहतरीन गेंदबाजी और फील्डिंग की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने यहां शनिवार को 2022 आईपीएल के नौवें मैच में मुंबई इंडियंस को 23 रन से हरा दिया।

राजस्थान ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए जोस बटलर (100) के विस्फोटक शतक, शिमरन हेत्मायर (35) की तूफानी पारी और कप्तान संजू सैमसन के 30 रन के योगदान से 20 ओवर में आठ विकेट पर 193 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में मुंबई की टीम युवा बल्लेबाजों ईशान किशन (54) और तिलक वर्मा (61) के विस्फोटक अर्धशतकों के बावजूद लक्ष्य से काफी दूर रह गयी।

कप्तान रोहित शर्मा और अनमोलप्रीत सिंह के रूप में दो विकेट जल्दी खोने के बाद ईशान और तिलक ने धुआंधार पारियां खेल कर टीम को मैच में बनाए रखा। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन जोड़े, हालांकि फिर दोनों ने एकाएक अपने विकेट खो दिए। ईशान 121, जबकि तिलक 135 के स्कोर पर आउट हुए। दोनों के आउट होने के बाद मुंबई की पारी रुक सी गई। परिणामस्वरूप टीम लक्ष्य से बहुत दूर रह गई।

ईशान ने पांच चौकों और एक छक्के के सहारे 43 गेंदों पर 54 और तिलक ने तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 33 गेंदों पर 61 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं राजस्थान की ओर से युजवेंद्र चहल और नवदीप सैनी ने अच्छी गेंदबाजी की और दो-दो विकेट चटकाए। चहल स्लिप में कैच छूटने के कारण हैट्रिक बनाने से वंचित रह गए। रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट और प्रसिद्ध कृष्णा को भी एक-एक विकेट मिला। इससे पहले बल्लेबाजी में बटलर ने 11 चौकों और पांच छक्कों के दम पर 68 गेंदों पर 100 रन की आतिशी पारी खेली, वहीं हेत्मायर ने तीन चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 14 गेंदों पर ताबड़तोड़ 35 रन बनाए। सैमसन ने भी एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 21 गेंदों पर 30 रन का योगदान दिया।

मुंबई की ओर से जसप्रीत बुमराह और टायमल मिल्स ने सफल गेंदबाजी की। दोनों ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि कीरोन पोलार्ड ने एक विकेट निकाला। मुंबई ने पारी के 19वें ओवर में बुमराह की गेंदों पर तीन विकेट झटके जबकि आखिरी ओवर में दो विकेट निकाले।

## राउफ, वसीम जूनियर की घातक गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया 210 पर ढेर

लाहौर। हैरिस राउफ (39 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद वसीम जूनियर (40 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने यहां शनिवार को तीसरे और आखिरी वनडे क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 41.5 ओवर में 210 रन पर ऑलआउट कर दिया।

मेजबान पाकिस्तान ने टॉस जीत कर ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी का न्योता दिया। शाहीन आफरीदी, राउफ और वसीम जूनियर ने ऑस्ट्रेलिया को लगातार शुरुआती झटके देकर पाकिस्तान को जबरदस्त शुरुआत दिलाई। इतनी घातक गेंदबाजी हुई कि ऑस्ट्रेलिया ने महज छह के स्कोर पर ट्रैविस हेड, आरोन फिंच और मार्नस लाबुशेन के रूप में तीन विकेट गंवा दिए। फिर पारी कुछ बढ़ी, लेकिन 59 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका लग गया, जब मार्कस स्टॉयनिस 19 गेंदों पर 19 रन बना कर पवेलियन लौटे।

पिछले दो मैचों के हीरो बेन मैकडरमाट भी आज बेबस दिखे और तीन चौकों और एक छक्के के सहारे 50 गेंदों पर 36 रन बना कर आउट हो गए। यह 67 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट था। इसके बाद हालांकि एलेक्स कैरी और कैमरन ग्रीन ने पारी को संभाला और महत्वपूर्ण साझेदारी की। दोनों ने छठे विकेट के लिए 81 रन जोड़े, लेकिन यह साझेदारी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाई।

148 के स्कोर पर ग्रीन के रूप में ऑस्ट्रेलिया ने छठा और फिर 155 के स्कोर पर कैरी के रूप में सातवां विकेट गंवा दिया। अंत में हालांकि सीन एबट ने छह चौकों और एक छक्के के दम पर 40 गेंदों पर 49 रन की पारी खेल कर ऑस्ट्रेलिया को 210 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

पाकिस्तान की ओर से राउफ और वसीम जूनियर ने घातक गेंदबाजी की। दोनों गेंदबाजों ने मिल कर ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटके दिए और फिर निचले क्रम को पवेलियन भेजा। वसीम जूनियर ने जहां 10 ओवर में 40 रन पर तीन, वहीं राउफ ने 8.5 ओवर में 39 रन पर तीन विकेट लिए। शाहीन आफरीदी ने भी आठ ओवर में 40 रन दो विकेट लिए।

### कार्तिक और संजीवनी ने सर्वश्रेष्ठ समय के साथ जीते 10000 मीटर खिताब

कालीकट (केरल)। लम्बी दूरी के धावकों कार्तिक कुमार और संजीवनी जाधव ने 25वीं फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को 10 हजार मीटर दौड़ के खिताब जीत लिए। कार्तिक ने 10 हजार मीटर दौड़ में 29ः20.21 का समय लेकर अपना पहला फेडरेशन कप खिताब जीता। महिला वर्ग में संजीवनी ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 33ः13.07 निकालकर जीत हासिल की। उनका पिछले सर्वश्रेष्ठ समय 33ः14.16 था। तमिलनाडु की रोसी मीना पॉलराज ने चार मीटर की ऊंचाई पार कर स्वर्ण जीता।

## लैथम के शतक से न्यूजीलैंड की नीदरलैंड पर बड़ी जीत, बनाई 2-0 की अजेय बढ़त




हैमिल्टन। कप्तान टॉम लैथम (140) के नाबाद शतक और गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने यहां शनिवार को दूसरे वनडे क्रिकेट मैच में नीदरलैंड को 118 रन से एकतरफा अंदाज में हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

मेजबान न्यूजीलैंड ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान लैथम की 10 चौकों और पांच चौकों की मदद से 123 गेंदों पर 140 रन की नाबाद पारी और डौग ब्रेसवेल के 41 रन के योगदान से 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी के दम पर नीदरलैंड को 34.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट कर दिया। बर्थडे बॉय टॉम लैथम को मैच विजयी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

न्यूजीलैंड के लिए माइकल ब्रेसवेल ने पांच ओवर में 21 रन पर सर्वाधिक तीन, जबकि ईश सोढ़ी और काइल जैमिसन ने दो-दो विकेट लिए। डौग ब्रेसवेल, ब्लेयर टिकनर और कॉलिन डी ग्रैंडहोम को भी एक-एक विकेट मिला।

नीदरलैंड की टीम चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में ही लड़खड़ा गई और चार के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों स्टीफन मायबर्ग और मैक्स ओडोड को खो दिया। इसके बाद हालांकि युवा बल्लेबाजों विक्रमजीत सिंह और बास डी लीडे ने थोड़ी मशक्कत की। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की ही थी कि 81 के स्कोर पर विक्रम आउट हो गए। इसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे और नीदरलैंड दबाव में आ गया। परिणामस्वरूप टीम 150 रन भी नहीं बना सकी और 146 के स्कोर पर ढेर हो गई। बास डी लीडे ने पांच चौकों की मदद से 58 गेंदों पर सर्वाधिक 37 और विक्रम ने सात चौकों के सहारे 51 गेंदों पर 31 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में तेज गेंदबाज लोगान वैन बीकी ने 10 ओवर में 56 रन पर सर्वाधिक चार और फ्रेड क्लासेन ने 10 ओवर में 36 रन पर तीन विकेट लिए।

दोनों टीमों के बीच यहां चार अप्रैल को सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे मैच खेला जाएगा। फिलहाल न्यूजीलैंड के पास 2-0 की अजेय बढ़त है।

## प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी न कहें : मानवाधिकार आयोग



कोलंबो। श्रीलंका के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीएसएल) प्रमुख ने देश में आर्थिक संकट को लेकर राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के आवास के बाहर हिंसक विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों पर अधिकारियों को आतंकवाद का आरोप लगाने के खिलाफ चेतावनी दी है।

एचआरसीएसएल की अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहिणी मरासिंघे ने जोर देकर कहा है कि गुरुवार को हिरासत में लिए गए लोगों पर आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पीटीए) नहीं लगाना चाहिए। इसका इस्तेमाल अतीत में तमिल टाइगर अलगाववादियों और अन्य हिंसक समूहों के खिलाफ किया गया था।

श्रीलंकाई मीडिया ने शनिवार को न्यायमूर्ति मरासिंघे के हवाले से एचआरसीएसएल कर्मचारियों को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों पर सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम (पीपीए) 1982 के तहत आरोप लगाया जा सकता है।

मिरिहाना (जहां राष्ट्रपति आवास है) से कुल 52 पुरुषों और एक महिला को हिरासत में लिया गया था।

इनको उस समय हिरासत में लिया गया था, जब राष्ट्रपति आवास के बाहर जमा भीड़ ने दो बसों, एक पुलिस जीप, दो ट्रैफिक मोटरसाइकिल और दो तिपहिया वाहनों सहित कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। इस दौरान 24 पुलिसकर्मी घायल भी हो गए थे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने हिंसा के लिए चरमपंथियों को दोषी ठहराया और कहा कि कई प्रदर्शनकारी लोहे की सलाखों, तेज धार वाले हथियारों से लैस थे। उनका उद्देश्य केवल अराजकता फैलाना था। गौरतलब है कि श्रीलंका 1948 में स्वतंत्रता के बाद से सबसे खराब आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा है, जिससे ईंधन की गंभीर कमी और खाद्य कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।

## 'प्रतिष्ठान' ने मुझे तीन विकल्प दिए: इस्तीफा, अविश्वास मत या चुनाव : इमरान



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने नेशनल एसेंबली में अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश होने के बाद दावा किया है कि 'प्रतिष्ठान' ने उन्हें तीन विकल्प दिएः 'इस्तीफा, अविश्वास प्रसतव या चुनाव।'

अंग्रेजी दैनिक 'डॉन' ने शनिवार को यह जानकारी दी।श्री खान से एक साक्षात्कार के दौरान उनसे पूछा गया था कि क्या विपक्ष, सरकार या 'किसी अन्य पार्टी' ने जल्द चुनाव कराने या उनके इस्तीफे को विकल्प के रूप में प्रस्तावित किया है।

खान ने कहा , जब मेरे समक्ष तीन विकल्प पेश किये गये तब हमने कहा कि चुनाव सबसे अच्छा विकल्प है, मैं इस्तीफा देने के बारे में सोच भी नहीं सकता और जहां तक अविश्वास मत का सवाल है, मैं अंत तक लड़ने में विश्वास करता हूं।

अविश्वास प्रस्ताव से पहले विपक्षी खेमे में अपनी पार्टी के कई सदस्यों के शामिल होने के मुद्दे पर, श्री खान ने कहा,भले ही विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव विफल हो गया, हम ऐसे लोगों (दलबदलुओं) के साथ सरकार नहीं चला सकते।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह जल्दी चुनाव कराने के लिए तैयार हैं, उन्होंने कहा, अगर हम इस (अविश्वास प्रस्ताव) वोट में जीत जाते हैं, तो जल्दी चुनाव कराना एक बहुत अच्छा विचार है।

इससे पहले साक्षात्कार में श्री खान ने दावा किया कि उनके जीवन के लिए खतरा था।

साथ ही उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार को गिराने की साजिश रचने वाले यह जानकर डर गए थे कि भले ही वह (श्री इमरान) हट भी जाते हैं, जनता उनका समर्थन करना जारी रखेगी।

श्री खान का यह बयान सूचना मंत्री फवाद चौधरी द्वारा यह दावा किए जाने के कुछ घंटों बाद आया है कि देश की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश की सूचना दी गई है।

### नये नेता के चुनाव तक इमरान रह सकते हैं पाकिस्तान के कार्यकारी प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख राशिद ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नेशनल एसेंबली के अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद भी वह नये नेता का चयन होने तक देश के कार्यकारी प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते रहेंगे। राशिद ने शुक्रवार रात मीडिया से कहा कि संविधान के अनुच्छेद 94 के अनुसार सदन का विश्वास खो चुके सदन के नेता को राष्ट्रपति नये नेता के चयन तक कार्यकारी प्रधानमंत्री के रूप में काम करने को कह सकता है। 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार राशिद ने कहा कि निचले सदन में अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद नये नेता का चयन की प्रक्रिया कितनी लंबी होगी इस सवाल पर संविधान में कुछ नहीं कहा गया है। इमरान सरकार के खिलाफ नेशनल एसेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पिछले माह विपक्ष के द्वारा लाया गया और इस पर मतदान रविवार को हो सकता है। श्री राशिद ने अविश्वास प्रस्ताव को विदेशी साजिश करार देते हुए विपक्षी दलों पर इस साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव से निपटने को तीन विकल्प अपनाने का कहा इसमे सबसे पहले रमजान या हज के बाद ही देश में फिर से चुनाव कराये जाएं।

## पाकिस्तान ने यूक्रेन पर रूसी हमले को बताया 'बड़ी त्रासदी'

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर बाजवा ने शनिवार को यूक्रेन पर रूस के हमले को एक बड़ी त्रासदी करार दिया और युद्ध को तुरंत रोकने की अपील की। इस्लामाबाद सुरक्षा वार्ता पर बोलते हुए जनरल बाजवा ने कहा, रूस की सुरक्षा चिंताओं के बावजूद एक छोटे देश के खिलाफ उसकी आक्रामकता को माफ नहीं किया जा सकता है।

पाकिस्तान ने लगातार युद्धविराम और शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान किया है। हम युद्धविराम का स्थायी समाधान तलाशने के लिए सभी पक्षों के बीच तत्काल बातचीत का हक में हैं। डॉन ने सेना प्रमुख के हवाले से कहा कि रूस के आक्रमण में हजारों लोग मारे गए, लाखों शरणार्थी बने गए है और यूक्रेन का आधा हिस्सा नष्ट हो गया। हम इसकी निंदा करते हैं।

रूसी सेना अभियान के खिलाफ बोलते हुए उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने छोटे देशों को हिम्मत दिलाई है कि वे अपने रक्षा उपकरणों को आधुनिकीकरण या उन्नत बना करके बड़े देश के आक्रमण से अपने क्षेत्र की रक्षा कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हालांकि यूक्रेन के साथ पाकिस्तान के अच्छे संबंध थे, लेकिन रूस के साथ संबंध कई कारणों से कोई खास अच्छे नहीं थे। गौरतलब है कि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर सैन्य अभियान शुरू किया था।

### डॉन ने इमरान से मांगा जान के खतरे पर सबूत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के समाचार पत्र डॉन ने प्रधानमंत्री इमरान खान से उन साक्ष्यों को सार्वजनिक करने का आग्रह किया है जिसमें उन्होंने रविवार को विश्वास मत से पहले अपनी जान को खतरा बताया था। समाचारपत्र ने अपने संपादकीय में कहा कि श्री खान और उनके करीबी ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव से पहले रविवार को एक सार्वजनिक बयान में खुद को खतरे में बताया। अगर उन्हें प्रधानमंत्री को लगता है कि वास्तव में उनका जीवन खतरे में है तो उन्हें जनता के सामने आकर नापाक तत्वों का खुलासा करना चाहिए। अगर वह साक्ष्य पेश करने में विफल रहते हैं, तो तर्कसंगत पर्यवेक्षकों के लिए उनकी इस गंभीरता पर विश्वास कर पाना मुश्किल होगा और उन्हें लगेगा कि अविश्वास मत में पिछड़ने से श्री खान को हार का डर सता रहा है।

### मंगल ग्रह पर ऑडियो रिकॉर्डिंग से ध्वनि की अलग-अलग गति का पता चला

वाशिंगटन। नासा के वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि मंगल ग्रह पर ध्वनि न केवल पृथ्वी की तुलना में धीमी गति से चलती है, बल्कि वहां ध्वनि की दो अलग-अलग गति का पता चला है। वैज्ञानिकों ने हाल ही में लाल ग्रह का विश्लेषण किया है, जिससे पता चला है कि कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण के माध्यम से ध्वनि कितनी तेजी से यात्रा करती है। नासा ने कहा कि मंगल पर ध्वनि को मानव कानों को कैसे सुनाई दे सकती है, और वैज्ञानिक ऑडियो रिकॉर्डिंग का उपयोग दूसरी दुनिया में सूक्ष्म वायु-दबाव परिवर्तनों की जांच के लिए कैसे कर सकते हैं। यह अध्ययन एक अप्रैल को नेचर जर्नल में प्रकाशित हुआ था। नासा के अनुसार पृथ्वी पर ध्वनि आमतौर पर 767 मील प्रति घंटे (343 मीटर प्रति सेकंड) की गति से चलती है। मंगल पर कम-पिच वाली ध्वनियां लगभग 537 मील प्रति घंटे (240 मीटर प्रति सेकंड) की गति से चलती हैं, जबकि उच्च-ध्वनियां 559 मील प्रति घंटे (250 मीटर प्रति सेकंड) की गति से चलती हैं।

### मलेशिया के सम्राट और रानी कोरोना संक्रमित

कुआलाम्पुर। मलेशिया के सम्राट सुल्तान अब्दुल्लाह सुल्तान अहमद शाह और रानी के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। राजमहल के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। शाही परिवार के अधिकरी अहमद फादिल शम्सुद्दीन ने एक बयान में कहा कि राजा और रानी संक्रमण के हल्के लक्षणों का अनुभव कर रहे थे, लेकिन वे फिलहाल ठीक हैं। फादिल ने कहा,शाही दंपति हल्के लक्षण वाले कोविड-19 मामलों के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश के अनुसार क्वारंटाइन में हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मलेशिया में शुक्रवार आधी रात तक 17,476 नए कोविड-19 मामले दर्ज किये गए, जिससे देशभर में दर्ज कुल मामलों की संख्या 4,219,395 हो गई। वहीं महामारी के कारण 30 मौतें हुई हैं, जिससे देश में कोविड-19 मृतकों की संख्या 35,013 हो गई है।

### अमेरिका के साथ संबंधों की मजबूती का पक्षधर है पाकिस्तान : जनरल बाजवा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहता है लेकिन इसके लिए अन्य देशों के साथ संबंध तोड़ने की कीमत नहीं चुकायेगा। जनरल बाजवा ने इस्लामाबाद सुरक्षा वार्ता-2022 को संबोधित करते हुए पाकिस्तान का अमेरिका के साथ उत्कृष्ट और रणनीतिक संबंधों का लंबा इतिहास रहा है और यह सबसे बड़ा निर्यात बाजार बना हुआ है। उन्होंने कहा, हम परस्पर ताल्लुकात को प्रभावित किए बिना दोनों देशों के साथ अपने संबंधों को व्यापक और विस्तारित करना चाहते हैं। यूक्रेन के मुद्दे पर उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान ने हमेशा तत्काल युद्धविराम का समर्थन किया है। द न्यूज इंटरनेशनल ने जनरल बाजवा के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान का चीन के साथ घनिष्ठ संबंध है, जो चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के प्रति देश की प्रतिबद्धता से प्रदर्शित होता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# 'बच्चन पांडे' को सफल फिल्म बताने पर अरशद वारसी ने पत्रकार को टोका

**मुंबई।** अक्षय कुमार, अरशद वारसी और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'बच्चन पांडे' को समीक्षकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाई और पहले हफ्ते में 50 करोड़ का आंकड़ा पार करना भी मुश्किल हो गया। बच्चन पांडे जब रिलीज हुई उस वक्त पहले से ही 'द कश्मीर फाइल्स' जबरदस्त कलेक्शन कर रही थी और दर्शक उस फिल्म को देखने जा रहे थे इसका असर भी फिल्म पर पड़ा। हाल ही में जब एक पत्रकार ने बच्चन पांडे को सफल बताया तो अरशद वारसी ने उन्हें टोकते हुए कहा कि वे झूठ ना बोलें।

### अरशद वारसी का रिएक्शन

'बच्चन पांडे' बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाई और पहले हफ्ते में 50 करोड़ का आंकड़ा पार करना भी मुश्किल हो गया। हाल ही में जब एक पत्रकार ने फिल्म को सफल बताया तो अरशद वारसी ने उन्हें टोकते हुए कहा कि वे झूठ बोल रहे हैं।

'बच्चन पांडे' 18 मार्च को रिलीज हुई थी। यह तमिल फिल्म Jigarthanda की हिन्दी रीमेक है। मीडिया से बात करने के दौरान एक रिपोर्टर ने फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर सफल बताया। इतना सुनते ही अरशद वारसी उन्हें रोकते हुए कहते हैं, 'झूठ मत बोलिए, यह सफल नहीं थी।' आगे उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छी फिल्म थी लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा हुआ, कुछ चीजें चलती हैं कुछ नहीं चलतीं। यह एक खराब पैच जैसा था। ऐसी कई चीजें थीं जिसकी वजह से वह उतनी सफल नहीं हुई। यह एक बड़ी फिल्म थी और इसे बहुत ज्यादा पैसा कमाना चाहिए था लेकिन इसे अभी भी नुकसान नहीं हुआ है और अपने पैसे कवर कर लिए।' जब उनसे पूछा गया कि 'क्या उन्हें लगता है कि फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया क्योंकि इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज नहीं किया गया?' उन्होंने कहा, उन्हें नहीं लगता ओटीटी की वजह से ऐसा हुआ। बता दें कि बच्चन पांडे को फरहाद सामजी ने निर्देशत किया है। इसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं।



# आलिया भट्ट से शादी करने का रणबीर कपूर का है स्पेशल प्लान, ऋषि और नीतू से है खास कनेक्शन

नई दिल्ली। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट पिछले कुछ दिनों से शादी की खबरों को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों अप्रैल में शादी करने वाले हैं। हालांकि शादी की डेट को लेकर कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है। वैसे भले ही डेट कन्फर्म नहीं हुई, लेकिन शादी को लेकर बाकी अपडेट्स तो आते रहते हैं। अब दोनों की शादी को लेकर नया अपडेट सामने आया है जो काफी दिलचस्प है। साथ ही ये अपडेट रणबीर कपूर के पैरेंट्स ऋषि कपूर और नीतू कपूर से जुड़ा है।

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर और आलिया, कपूर परिवार के पुश्तैनी घर में शादी करेंगे। रणबीर ने खुद इस जगह को फाइनल किया है। अब क्योंकि रणबीर कपूर अपने दादा कृष्णा राज कपूर के काफी करीब थे। वहीं ऋषि कपूर और नीतू कपूर की शादी भी इसी घर में हुई थी। यही वजह है कि रणबीर चेम्बुर के घर में आलिया भट्ट से शादी करेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो रणबीर और आलिया की शादी में 450 लोग शामिल होंगे। रणबीर और आलिया ने अपने मेहमानों को अप्रैल के दूसरे हफ्ते में फ्री रहने को कहा।

कहा ऐसा भी जा रहा है कि रणबीर के परिवार वाले अप्रैल के एंड तक शादी करना चाहते थे, लेकिन आलिया के परिवार वाले जल्दी शादी करना चाहते हैं क्योंकि आलिया के नाना जी की तबीयत काफी खराब है।

### रणबीर बोले शादी को लेकर

कुछ दिनों पहले एक इवेंट के दौरान रणबीर कपूर से शादी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, हम जल्द ही शादी करने वाले हैं, ये सच है। वहीं जब शादी की डेट को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, मुझे पागल कुत्ते ने नहीं डांटा। रणबीर ने आगे ये भी कहा कि वह ऐसे पब्लिकली शादी की डेट नहीं बताएंगे।

### रणबीर की बुआ का भी आया था स्टेटमेंट

वहीं रणबीर की बुआ रीमा जैन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि दोनों शादी जरूर करने वाले हैं, लेकिन अभी डेट का कुछ नहीं पता। अगर ऐसा कुछ होता तो हम शादी की तैयारी करते। लेकिन अगर ये सच है कि आलिया और रणबीर अप्रैल में शादी करने वाले हैं तो ये हमारे लिए भी शॉकिंग होगा।



# धर्मेन्द्र ने बॉबी देओल के साथ शेयर की तस्वीर



**मुंबई।** बॉलीवुड के हीमैन धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर अपने पुत्र बॉबी देओल के साथ एक तस्वीर शेयर की है। धर्मेंद्र भले ही फिल्मों में कम नजर आते हो, लेकिन सोशल मीडिया पर वह लगातार सक्रिय हैं। धर्मेंद्र ने अपने छोटे बेटे बॉबी देओल के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में बॉबी देओल और धर्मेंद्र नीले रंग के एक ही कंबल में पेड़ के पास बैठे हुए रेस्ट कर रहे हैं। बॉबी देओल ने तस्वीर में बड़े ही प्यार से अपने पिता धर्मेंद्र के कंधें पर सिर रखा हुआ है और उनके चेहरे पर बड़ी सी मुस्कराहट है और आंखें बंद हैं, तो वही हमेशा की तरह धर्मेंद्र ने अपने सिर पर हैट लगा रखी है और बेटे के सिर पर सिर रखे हुए बड़े ही प्यार से सो रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने कैप्शन में लिखा, रूहानी सुकून। धर्मेंद्र जल्द ही फिल्म %रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं। करण जौहर के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म के साथ ही धर्मेंद्र अपने 2 में भी नजर आएंगे। यह फिल्म अपने का सीक्वल है।

# हरनाज संधू और मलाइका अरोड़ा ने 'छैयां-छैयां' पर किया डांस

मुंबई। मिस यूनिवर्स हरनाज संधू 2021 ने मलाइका अरोड़ा के साथ उनके सुपरहिट डांस नंबर 'छैयां-छैयां' पर डांस किया है। मिस यूनिवर्स हरनाज संधू, एक इवेंट में मलाइका अरोड़ा के साथ नजर आयी। इस इवेंट में मलाइका और हरनाज स्टेज पर छैयां छैयां गाने पर डांस करती दिखी। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। मलाइका ने ब्लैक कलर का खूबसूरत सा गाउन पहना था, जिसमें वह काफी स्टाइलिश लगी, जबकि हरनाज व्हाइट आउटफिट में बेहद हसीन लग रही है। वीडियो में मलाइका अरोड़ा, हरनाज संधू को छैयां छैयां गाने के स्टेप्स सिखाती दिख रही है और हरनाज उसे बखूबी करते दिख रही है। यह वीडियो सेलिब्रिटी फोटोग्राफर मानव मंगलानी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

# एमएक्स प्लेयर सबस्क्राइबर्स के लिए 'लॉक-अप सुपर खबरी' बनने का मौका

नयी दिल्ली। एमएक्स प्लेयर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के शो लॉक-अप में दर्शकों को 'लॉक-अप सुपर खबरी' बनने का शानदार मौका दे रहा है। दर्शक एमएक्स प्लेयर की प्रीमियम सब्सक्रिप्शन सर्विस एमएक्स गोल्ड के माध्यम से इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। 8 अप्रैल 2022 तक एमएक्स गोल्ड का 199 रुपए का वार्षिक पैक लेने वाले दर्शक ही इसके लिए पात्र होंगे। एमएक्स प्लेयर के बिजनेस हेड अभिषेक जोशी ने इस बारे में कहा, एमएक्स गोल्ड दर्शकों को अनोखा और दिलचस्प कॉन्टेंट दिखाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हम व्यक्तिगत अनुभवों को बेहतर बनाने में यकीन रखते हैं। उन्होंने कहा लॉक-अप ओटीटी पर चार दीवारी में चलने वाले पहले रियलिटी शो के रूप में हमारी सफलता है। दर्शकों की भागीदारी से कार्यक्रम की लोकप्रियता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मकसद हमेशा स्क्रीन से आगे बढ़कर अपने दर्शकों को उनके पसंदीदा हस्तियों के करीब लाना है। उल्लेखनीय है कि 'लॉक-अप' शो 27 फरवरी 2022 से एमएक्स प्लेयर एवं अल्ट बालाजी पर प्रसारित हो रहा है।

# कैंसर से जंग जीतने के बाद अब संजय दत्त का बड़ा बयान



नई दिल्ली। संजय दत्त के लिए साल 2020 काफी मुश्किल भरा रहा था क्योंकि उसी साल ये पता चला कि संजय को कैंसर है। मुंबई में ही संजय को इस बारे में पता चला था और उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी थी। इस खबर को सुनने के बाद से फैंस काफी परेशान हो गए थे। से ले बस से लेकर फै ंस त क सभी न संजय के जल्द से जल्द ठीक होने की दुआ की थी। संजय ने फिर कुछ महीनों के बाद बताया था कि वह कैंसर फ्री हो गए हैं। बीमारी से ठीक होने के बाद संजय ने काम पर फिर वापसी की। वह अब बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाले हैं।

अब हाल ही में संजय ने बीमारी से अपनी जंग को लेकर बात की। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इंडियन सिनेमा को लेकर अपने प्यार और वह इंडस्ट्री का हिस्सा होकर कितना प्राउड फील करते हैं, इस बारे में बताया। संजय ने कहा, %मैं आर्टिस्ट हूं और जब तक मैं मर नहीं जाता तब तक एक्टिंग करता रहूंगा। अगर भगवान की भी इसमें मर्जी हो तो।%

### 45 साल से कर रहे काम

संजय ने आगे कहा, मैं जो भी करता हूं मुझे बहुत पसंद है। जो भी किरदार मैं निभाता हूं मुझे उनसे बहुत प्यार रहता है। 45 साल से मैंने इंडस्ट्री में जो भी किया उससे मुझे बहुत खुशी है और अब मैं देख रहा हूं कि यंग टैलेंट्स इंडस्ट्री में आ रहे हैं।

### रणबीर, यश, राम चरण स्टार्स की तारीफ की

संजय ने आगे यश, रणबीर, राम चरण और बाकी एक्टर्स की तारीफ करते हुए कहा, %मैं जब यश को देखता हूं और खुद को 20-30 साल पहले देखता हूं तो आज जो भी इन्होंने अचीव किया है वो सब देखकर मुझे उन पर गर्व महसूस होता है। रणबीर, यश, राम चरण और जूनियर एनटीआर जैसे एक्टर्स को जब मैं देखता हूं तो खुशी होती है कि हमारे इंडियन फिल्म परिवार में इतने टैलेंटेड एक्टर्स शामिल हैं।

### संजय की फिल्में

संजय दत्त अब फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 में नजर आने वाले हैं।


इस फिल्म में संजय दत्त के साथ यश, रवीना टंडन, श्रीनिधि शेट्टी, प्रकाश राज अहम किरदार में नजर आएंगे। केजीएफ 2 के अलावा संजय दत्त के पास और भी कई फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं जिसमें पृथ्वीराज, शमशेरा, घुड़चढ़ी शामिल हैं।

संजय काम के अलावा परिवार के साथ भी इन दिनों खूब टाइम स्पेंड कर रहे हैं।

# ऐसा अनोखा देवी मंदिर जहां नहीं है माता की कोई मूर्ति, आंखों पर पट्टी बांधकर की जाती है पूजा

प्रिया मिश्रा

**अम्बाजी मंदिर के गृभग्रह में माता की कोई प्रतिमा नहीं है। इस मंदिर में पवित्र श्रीचक्र की पूजा मुख्य रूप से की जाती है। खास बात यह है कि यह श्रीयंत्र सामान्य आंखों से दिखाई नहीं देता और न ही इसकी फोटो ली जा सकती है। इसकी पूजा केवल आंखों पर पट्टी बांधकर ही की जाती है।**



गुजरात के बनासकांठा में स्थित अम्बाजी मंदिर देश के सबसे प्रमुख मंदिरों में से एक है। यह मंदिर अम्बा देवी को समर्पित है और इस मंदिर को लेकर कई धार्मिक मान्यताएँ है। माना जाता है कि इस स्थान पर माता सती का हृदय गिरा था इसलिए यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में भी शामिल है। आपको यह जानकर हैरानी होगी इस मंदिर के गृभग्रह में माता की कोई प्रतिमा नहीं है। इस मंदिर में पवित्र श्रीचक्र की पूजा मुख्य रूप से की जाती है। खास बात यह है कि यह श्रीयंत्र सामान्य आंखों से दिखाई नहीं देता और न ही इसकी फोटो ली जा सकती है। इसकी पूजा केवल आंखों पर पट्टी बांधकर ही की जाती है। अंबाजी की असली सीट गब्बर पहाड़ी के ऊपर है। गब्बर पर्वत के टॉप पर देवी का एक छोटा सा मंदिर है जहां 999 सीढियां चढ़कर ऊपर तक पहुंचा जा सकता है।

अंबाजी माता मंदिर गुजरात और राजस्थान की सीमा पर बनासकांठा जिले के दांता तालुका में स्थित गब्बर पहाड़ियों की पहाड़ी पर है। हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए अंबाजी आते हैं। खासतौर पर भद्रवी पूर्णिमा, नवरात्रि और दिवाली के दौरान यहाँ भक्तों का ताँता लगा रहता है। यह स्थान अरावली पर्वतमाला के घने जंगलों से घिरा हुआ है। यह पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिकता का सही मिश्रण प्रदान करता है। अंबाजी माता मंदिर के आस-पास कई पर्यटन स्थल हैं, जहाँ पर्यटक घूमने जाते हैं। आज के इस लेख में हम आपको अंबाजी माता मंदिर और इसके आस-पास स्थित प्रमुख पर्टयन स्थलों के बारे में जानकारी देंगे -

### मंदिर के आसपास घूमने के स्थल -

#### गब्बर हिल

गब्बर हिल, अरासुर की पहाड़ियों पर, वैदिक नदी सरस्वती की उत्पत्ति के निकट है, जो अरावली की प्राचीन पहाड़ियों के दक्षिण-पश्चिम की ओर स्थित है। इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 1,600 फीट है। गब्बर हिल की खड़ी पहाड़ी पर चढ़ना बहुत मुश्किल है। तीर्थयात्रियों को पैदल पहाड़ियों से 300 पत्थर की सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं, जो एक संकीर्ण खतरनाक ट्रैक की ओर ले जाती हैं। मुख्य मंदिर तक पहुँचने के लिए इस ट्रैक पर चढ़ना पड़ता है। अंबाजी के दर्शन के बाद श्रद्धालु गब्बर पहाड़ पर जरूर जाते हैं।

#### कैलाश टेकरी

कैलाश टेकरी के ऊपर स्थित, कैलाश हिल सूर्यास्त, अम्बाजी माता मंदिर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित है। एक महान सूर्यास्त के दृष्टिकोण के अलावा, यह पहाड़ी एक पूजा स्थल भी है। पहाड़ी पर महादेव के मंदिर में एक शानदार कलात्मक पत्थर का गेट भी है। यहाँ पास में ही मंगलिया वन नामक एक उद्यान भी है, जो पहाड़ी से लगभग 2 किमी दूर है।

#### कुंभारिया

कुंभारिया अंबाजी मंदिर टाउन से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित है। कुम्भारिया, बनासकांठा जिले में सांस्कृतिक विरासत के साथ ऐतिहासिक, पुरातत्व और धार्मिक महत्व का एक गाँव है। यह जैन मंदिर से जुड़ा एक ऐतिहासिक स्थान है। इसमें श्री नेमिनाथ भगवान का ऐतिहासिक जैन मंदिर है जो 13वीं शताब्दी का है।

#### मानसरोवर

मानसरोवर मुख्य मंदिर के पीछे स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इस सरोवर का निर्माण अहमदाबाद के अम्बाजी के एक नागर भक्त श्री तपिशंकर ने 1584 से 1594 तक किया था। इस पवित्र सरोवर के दो किनारों पर दो मंदिर हैं, जिसमें से एक मंदिर महादेव का है और दूसरा अजय देवी का मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि अजय देवी, अंबाजी की बहन हैं। पर्यटक और भक्त इस मानसरोवर में पवित्र स्नान करने के लिए आते हैं।

#### कामाक्षी मंदिर

चिकला में स्थित, कामाक्षी मंदिर अंबाजी से लगभग एक किलोमीटर दूर है।

दक्षिण भारतीय मंदिर की स्थापत्य शैली का सम्मान करते हुए, इस मंदिर के मैदान में कई अन्य छोटे मंदिर भी हैं जो मुख्य मंदिर को समेटते हैं।

आदित्य शक्तिमाता की विभिन्न अभिव्यक्तियों के आवास, इस मंदिर में भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण शक्तिपीठ हैं।

### कैसे पहुंचें

#### एयरपोर्ट

अंबाजी आने के लिए निकटतम हवाई अड्डा अहमदाबाद का सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। यह अंबाजी मंदिर से करीब 186 किलोमीटर दूर है।

#### रेल

आबू रोड रेलवे स्टेशन, यहां से निकटतम रेलवे स्टेशन है। यह मुख्य स्थल से 20 किलोमीटर दूर है। यह स्टेशन दिल्ली समेत अन्य प्रमुख शहरों से जुड़ा हुआ है।

#### सड़क

अहमदाबाद से सड़क मार्ग से अंबाजी आसानी से पहुंचा जा सकता है। अहमदाबाद यहां से 185 किलोमीटर दूर है।

# नवरात्रि में मां दुर्गा के इन नौ स्वरूपों के पूजन से मिलता है वांछित फल

शुभा दुबे

माँ दुर्गा की स्तुति और पूजन का पर्व नवरात्रि आज से शुरू हो रहा है। दो साल बाद देश में कोरोना की स्थिति काबू में है इसीलिए इस बार देशभर के मंदिरों की रौनक देखते ही बन रही है। माँ के आशीर्वाद से भारत ने कोरोना पर बेहतरीन तरीके से नियंत्रण किया जिसके फलस्वरूप भक्तगण पहले की तरह नवरात्रि उत्सव मना पा रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिन माँ के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। माँ दुर्गा के सभी नौ रूपों का अपना अलग महत्व है।

माता दुगा के प्रथम रूप को शैलपुत्री, दूसरे को ब्रह्मचारिणी, तीसरे को चंद्रघण्टा, चौथे को कूष्माण्डा, पांचवें को स्कन्दमाता, छठे को कात्यायनी, सातवें को कालरात्रि, आठवें को महागौरी तथा नौवें रूप को सिद्धिदात्री कहा जाता है। आइये नवरात्रि के सभी नौ दिनों से संबंधित माँ के स्वरूपों के बारे में विस्तार से जानते हैं-



**शैलपुत्री-**
**वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।।**

मां दुर्गा का पहला स्वरूप शैलपुत्री का है। पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनको शैलपुत्री कहा गया। यह वृषभ पर आरूढ़ दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में पुष्प कमल धारण किए हुए हैं। यह नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। नवरात्रि पूजन में पहले दिन इन्हीं का पूजन होता है। प्रथम दिन की पूजा में योगीजन अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योग साधना शुरू होती है। %शैलपुत्री% देवी का विवाह भी शंकरजी से ही हुआ। पूर्वजन्म की भाँति इस जन्म में भी वे शिवजी की ही अर्द्धांगिनी बनीं। नवदुर्गाओं में प्रथम शैलपुत्री दुर्गा का महत्व और शक्तियां अनंत हैं।

**ब्रह्मचारिणी**
**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**

मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्मा शब्द का अर्थ तपस्या से है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप की चारिणी यानि तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इसके बाएं हाथ में कमण्डल और दाएं हाथ में जप की माला रहती है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। इस चक्र में अवस्थित मन वाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है।

**चंद्रघण्टा**
**पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।**
**प्रसादं तनुते महयं चंद्रघण्टेति विश्रुता।।**

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघण्टा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन व आराधना की जाती है। इनका स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है। इसी कारण इस देवी का नाम चंद्रघण्टा पड़ा। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनका वाहन सिंह है। हमें चाहिए कि हम मन, वचन, कर्म एवं शरीर से शुद्ध होकर विधि-विधान के अनुसार, मां चंद्रघण्टा की शरण लेकर उनकी उपासना व आराधना में तत्पर हों। इनकी उपासना से हम समस्त सांसारिक कष्टों से छूटकर सहज ही परमपद के अधिकारी बन सकते हैं।

**कूष्माण्डा**
**सुरासम्पूर्णकलशं रूधिराप्लुतमेव च।**
**दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तुमे।।**

माता दुर्गा के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्माण्डा पड़ा। नवरात्रों में चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहज चक्र में स्थित होता है। अत: पवित्र मन से पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। मां की उपासना मनुष्य को स्वाभाविक रूप से भवसागर से पार उतारने के लिए सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माता कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधिव्याधियों से विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाती है। अत: अपनी लौकिक, परलौकिक उन्नति चाहने वालों को कूष्माण्डा की उपासना में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

**स्कन्दमाता**
**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।**

मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता कहा जाता है। ये भगवान स्कन्द %कुमार कार्तिकेय% के नाम से भी जाने जाते हैं। इन्हीं भगवान स्कन्द अर्थात कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित रहता है। इनका वर्ण शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं। इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। नवरात्र पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित रहने वाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाएं एवं चित्र वृत्तियों का लोप हो जाता है।

**कात्यायनी**
**चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शाईलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।**

मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुई थीं। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां कात्यायनी अमोद्य फलदायिनी हैं। दुर्गा पूजा के छठे दिन इनके स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित रहता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। भक्त को सहजभाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त होते हैं। इनका साधक इस लोक में रहते हुए भी अलौकिक तेज से युक्त होता है।

**कालरात्रि**
**एक वेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।**
**लम्बोष्ठी कर्णिकाकणी तैलाभ्यक्तशरीरणी।।**
**वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।**
**वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी।।**

मां दुर्गा के सातवें स्वरूप को कालरात्रि कहा जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें शुभङ्करी भी कहा जाता है। दुर्गा पूजा के सप्तम दिन मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। उसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णत: मां कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश और ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली हैं। जिससे साधक भयमुक्त हो जाता है।

**महागौरी**
**श्वेते वृषे समरूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचि:।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।**

मां दुर्गा के आठवें स्वरूप का नाम महागौरी है। दुर्गा पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं।

**सिद्धिदात्री**
**सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।**
**सेव्यामाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।**

मां दुर्गा की नौवीं शक्ति को सिद्धिदात्री कहते हैं। जैसा कि नाम से प्रकट है ये सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करने वाली हैं। नव दुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। इनकी उपासना के बाद भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। देवी के लिए बनाए नैवेद्य की थाली में भोग का सामान रखकर प्रार्थना करनी चाहिए।